

राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा भारतीय रिजर्व बैंक के नए गवर्नर होंगे। वे वर्तमान गवर्नर शक्तिकांत दास की जगह लेंगे।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 339 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group





## फास्ट न्यूज

### भारत-ऑस्ट्रेलिया ने प्रतिबद्धता दोहराई

**नई दिल्ली:** भारत और ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) से सम्बन्धित तीन दिवसीय समीक्षा बैठक 6 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली में संपन्न हुई। इस समीक्षा बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के अपर सचिव और मुख्य वातार्कार राजेश अग्रवाल ने किया जबकि ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मामले और व्यापार विभाग के प्रथम सहायक सचिव और मुख्य वातार्कार रवि केवलराम ने किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि 4 से 6 दिसंबर, 2024 तक आयोजित सीईसीए बैठक दोनों देशों के बीच व्यापार और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम थी। मंत्रालय ने कहा कि ये समीक्षा बैठक 19 से 22 अगस्त, 2024 तक सिडनी में आयोजित 10वें दौर की वार्ता के बाद हुई है।

# बीमा सखी योजना की शुरूआत

● सालों तक महिलाओं के पास नहीं थे बैंक खाते: पीएम मोदी, पीएम ने सीएम सैनी की तारीफ की

**शुभारंभ**

▶▶ हरियाणा ने 'एक हैं तो सेफ हैं' मंत्र को जिस तरह से अपनाया, वह पूरे देश में उदाहरण बना है: पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**


**पानीपत:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार (9 दिसंबर) को बीमा सखी योजना की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन और भी वजह से विशेष है। आज नौ तारीख है। शास्त्रों में नौ के अंक को बहुत शुभ माना जाता है। नौ का अंक नवदुर्गा की नौ शक्तियों से जुड़ा है। आज का दिन नारी शक्ति की उपासना का है।

पीएम मोदी ने कहा कि नौ दिसंबर को ही संविधान सभा की पहली बैठक हुई थी। मैं पूरे हरियाणा को, यहां के देशभक्त लोगों को राम राम करता हूं। हरियाणा ने 'एक हैं तो सेफ हैं' मंत्र को जिस तरह से अपनाया, वह पूरे देश में उदाहरण बना है। हरियाणा से मेरा लगाव और रिश्ता किसी से छिपा नहीं है। आप सब ने हमें लगातार तीसरी बार इतना आशीर्वाद दिया, भाजपा सरकार बनाई, मैं हरियाणा के हर परिवारजन का वंदन करता हूं। नायब सैनी की सरकार को अभी कुछ ही सप्ताह हुए हैं, लेकिन उनकी प्रशंसा पूरे देश में हो रही है। यहां बिना खर्ची व बिना पर्ची के हजारों युवाओं को पक्की नौकरियां मिली हैं, वह पूरे देश ने देखा है। अब यहां डबल इंजन की सरकार डबल रफ्तार से काम कर रही है।चुनाव के दौरान आप सभी माताओ-बहनों ने नारा दिया था, म्हारा हरियाणा नान स्टाप हरियाणा, उस नारे को हम सभी ने अपना संकल्प बना दिया है। उसी संकल्प के साथ आज मैं आपके दर्शन करने आया हूं। आजादी के बाद कई सालों तक महिलाओं के पास बैंक खाते नहीं थे। हमारी सरकार ने सबसे पहले माताओं व बहनों के बैंक खाते खुलवाए। आज जन धन योजना से 30 करोड़ से ज्यादा महिलाओं के खाते खुले हैं। अगर यह जन धन बैंक खाते नहीं होते तो गैस सब्सिडी के पैसे सीधे आपके खाते में नहीं आते। कोरोना के समय की मदद नहीं मिलती। किसान कल्याण निधि के पैसे नहीं मिलते। सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ नहीं मिलता।

### महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप को ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बदलाव लाने का बड़ा माध्यम बनायाः मोदी

**खासतौर** पर भारत का सेल्फ हेल्प ग्रुप अभियान महिला सशक्तीकरण की ऐसी गाथा है, जिसे इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप को ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बदलाव लाने का बड़ा माध्यम बनाया। आज देश की 10 करोड़ महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी हैं। उनकी कमाई हो रही है। 10 साल में हमने इन समूहों की महिलाओं को आठ लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की मदद दी है। मैं देश भर में सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी महिलाओं से कहूंगा कि आपकी भूमिका असाधारण है, योगदान बहुत बड़ा है। आप सभी भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने के लिए काम कर रही हैं।

## रूस में भारत को मिला समुद्र का नया प्रहरी 'तुशील'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रूस के कलिनिनग्राद में सोमवार को भारतीय नौसेना को समुद्र का नया प्रहरी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'तुशील' मिल गया। कमीशनिंग समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी के साथ शामिल हुए। आईएनएस तुशील भारत के पश्चिमी समुद्री बेड़े के स्वॉर्ड आर्म का हिस्सा होगा और दुनिया में सबसे अधिक तकनीकी रूप से उन्नत फ्रिगेट में शुमार हो जाएगा। यह न केवल भारतीय नौसेना की बढ़ती समुद्री क्षमताओं का प्रतीक है, बल्कि भारत-रूस साझेदारी का प्रमाण भी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीन दिवसीय रूस यात्रा पर मॉस्को गए हैं, जहां भारतीय राजदूत विनय कुमार और रूसी उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत किया।




# प्रशासन ने गुपचुप बनाई अहम रणनीति

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा।** किसान आंदोलन में धरना प्रदर्शन के बाद किसानों को काबू में करने के लिए पुलिस प्रशासन ने जेल भेजने की कार्रवाई की तो कई को मौके पर छोड़ा। आंदोलन की धार इन कार्रवाई से जब कुंद न पड़ती दिखाई दी तो पुलिस प्रशासन के अधिकारी अब शांति पूर्वक वार्ता से अंदरखाने में आंदोलन को तोड़ने की रणनीति अपना रहे हैं। इसके लिए कुछ खास पुलिस अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। यह लगातार किसान नेताओं के संपर्क में हैं और उनसे वार्ता करने का प्रयास करने में जुट गए हैं। अब पुलिस हंगामा, प्रदर्शन करने पर गिरफ्तारी करने के बजाए समझाने वाले मोड पर आ गई है। विभिन्न मांगों को लेकर दो सप्ताह से धरना प्रदर्शन सहित गिरफ्तारी दे रहे किसानों की रणनीति ने इस बार प्रशासन



व पुलिस को छका दिया है। प्रशासन की तरफ से आंदोलन को खत्म कराए जाने को लेकर जहां बनाई गई रणनीति बेनतीजा रही। वहीं किसान छद्म तरीके से आंदोलन को धार देने में अभी भी जुटे हैं।वहीं, सोशल मीडिया पर लगातार सतर्क निगाह रखने के बाद भी संयुक्त किसान मोर्चा सहित अन्य सहयोगी संगठनों की रणनीति प्रशासन समझ नहीं पा रहा है। वर्तमान में लुक्सर जेल में 142 किसानों को आंदोलन के दौरान गिरफ्तार कर रखा गया है। इसके बाद भी अंदरखाने से

**शांति**

**▶▶ अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। यह लगातार किसान नेताओं के संपर्क में हैं और उनसे वार्ता करने का प्रयास करने में जुट गए हैं**

आंदोलन की अगुवाई कर रहे किसान नेता प्रशासन व पुलिस की पकड़ से दूर हैं। जो नामचीन किसा नेता थे, पुलिस उनसे लगातार संपर्क तो कर रही है लेकिन इस आंदोलन में रणनीति बनाने वाली लाबी की पहुंच से कोसों दूर है। ऐसे में साफ दिखाई दे रहा है कि इस बार वार्ता पर सटीक फैसला मिलने का जहां किसान इंतजार कर रहे हैं और जिद भी है कि इस बार सकारात्मक परिणाम से कम पर कोई समझौता नहीं होगा। आंदोलन में धरना प्रदर्शन, गिरफ्तारी की कार्रवाई के बाद पुलिस खुद बैकफुट पर है। ऊपर से निर्देश दिए गए हैं कि किसानों को अब गिरफ्तार न किया जाए, चाहे वह कितना भी धरना या प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराएं। उनको समझा बुझाकर शांत कराया जाए। कुछ खास पुलिस अधिकारी जिनकी किसान नेताओं, संगठनों में अच्छी पकड़ है और वह कई वर्षों से आसपास के जनपदों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इससे न तो बात बिगड़ेगी और न ही कानून व्यवस्था पर आंच आएगी। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों की तरफ से किसान नेताओं के स्थानीय संपर्क, उनके व्यवहार का भी फीडबैक एलआईयू के माध्यम से लिया जा रहा है। बीते दो दिनों से किसान शांत और पुलिस प्रशासन बैकफुट पर नजर आ रहा है।

## निमार्णाधीन मकान का लेंटर गिरा, तीन मजदूर घायल

**ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा के बिसरख कोतवाली क्षेत्र के टेक जोन-12 में सोमवार को निमार्णाधीन मकान का लेंटर डालने के दौरान शटरिंग की बल्ली खिसकने से लेंटर गिर गया। जिससे तीन मजदूर मलबे में दब गए। घायलों की पहचान जयप्रकाश (30), मुकेश (30) और मनोज (22) के रूप में हुई है।

## शौचालय के पाइप में रुका पानी तो कटवाया, निकला पांच महीने का भ्रूण

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के प्रह्लादगढ़ी में एक मकान में शौचालय के पाइप में भ्रूण फंसा मिला। मकान मालिक ने पानी की निकासी नहीं होने पर पाइप कटवाया तो इसकी जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पीआरवी को रविवार रात सूचना मिली कि प्रह्लादगढ़ी में देवेंद्र उर्फ देवा के मकान में शौचालय के पाइप में भ्रूण फंसा है। सूचना पर इंदिरापुरम कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जानकारी करने पर पता चला कि मकान में नौ किरायेदार रहते हैं। शौचालय के पानी की निकासी बंद हो गई। मकान मालिक ने पाइप कटवाकर देखा तो उसमें भ्रूण फंसा हुआ था। पुलिस ने



यहां रहने वाले किरायेदारों से पूछताछ की, लेकिन किसी के कुछ भी नहीं बताया। भ्रूण बच्ची का था या बच्चे का, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से इसका पता चलेगा। वहीं, इंदिरापुरम का कहना है कि जांच की जा रही है कि किसी का शौच के दौरान भ्रूण गिरा है या किसी ने भ्रूण गिराया है। पूछताछ की जा रही है। यदि पूछताछ में कोई जानकारी नहीं देता है तो डीएनए जांच कराई जाएगी। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि जांच की जा रही है। वहीं, जिले के खोड़ा थाना क्षेत्र के नवनीत विहार में कामगार की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। बदबू आने पर पड़ोसियों ने कमरे का दरवाजा खोला तो जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सोमवार को खोड़ा थाना क्षेत्र के नवनीत विहार में एक कमरे में युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली। सूचना पाकर खोड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो एक युवक का शव जमीन पर बिस्तर पर पड़ा हुआ था। कमरे से बदबू आ रही थी। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। मृतक की पहचान मनोज कुमार के रूप में हुई। वह यहां पर करीब 15 दिन पूर्व गाजीपुर उत्तर प्रदेश से काम करने के लिए आया था।

## सिसोदिया की जमानत शर्तों में ढील देने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट 11 दिसंबर को सुनवाई करेगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत की शर्तों में ढील देने की मांग करने वाली याचिका पर 11 दिसंबर को सुनवाई करेगा। आज सिसोदिया की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने इस मामले को जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए जल्द सुनवाई की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने 11 दिसंबर को सुनवाई करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 22 नवंबर को याचिका पर सुनवाई करते हुए सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी किया था। सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी के मामले में सुप्रीम कोर्ट से दी गई जमानत की शर्तों में बदलाव की मांग की है जिसमें मनीष सिसोदिया को हर सोमवार और गुरुवार को सीबीआई और ईडी के दफ्तर जाकर हजारी लगानी होती है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | दिल्ली डिवीजन में सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के तहत एंडी–पीएनपी अनुभाग के बीच कर्मचारियों के लिए वीएचएफ–आधारित एप्रोचिंग ट्रेन चेतावनी प्रणाली (रक्षक) का प्रावधान। | | |
| अनुमानित लागत | ₹80,65,905/- | धरोहर राशि | ₹1,61,300/- |
| समापन अवधि | 36 माह | निविदा खुलने की तिथि | 03.01.2025 |

सूचनाः निविदा रेलवे की वेबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वेबसाइट पर 03.01.2025 को 15:00 बजे तक ही भरी जाएगी।

पत्र सं.: 128–डब्ल्यू/वं.मं.अधि./सं./निविदा–28–24–25–डब्ल्यूसी
दिनांकः 09.12.2024 3784/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **दीपक, पुत्रः** राज कुमार, **पताः** झुग्गी नंबर 425, दीप विहार सेक्टर–25 रोहिणी, **दिल्ली FIR No. 20/19 U/s. 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना प्रशांत विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक,** फ़रार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **दीपक, FIR No. 20/19 U/s. 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना प्रशांत विहार, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.01.2025** को या उससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
रोहित कुमार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–4
उत्तर, कोर्ट नंबर 110.
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15485/RD/2024
(Court Matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश** पुत्र बाबू लाल निवासी फ्लैट नं. 231ए, भूतल, सेक्टर–3, डीएसआईआईडीसी, बवाना, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 515/21 धारा 380/411 भा.द.स., थाना बवाना, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजेश** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 515/21 धारा 380/411 भा.द.स., थाना बवाना, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राजेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 22.01.2025 को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री सार्थक पंवार
महानगर दण्डाधिकारी–05 (उत्तर)
कमरा नं. 114, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16071/ON/2024



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी (1) अनिल पुत्रः** वीर सिंह, **पताः** डी–120, जे. जे. कॉलोनी सवदा, कंझावला, दिल्ली **(2) गणेश पुत्रः** किशनलाल, **पताः** ए–4/109, सुल्तानपुरी, दिल्ली **FIR No. 145/24, Date 23.09.2024 U/s: 123/309(4)/3(5) BNS, पुलिस थानाः साउथ कैम्पस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) अनिल और (2) गणेश** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) अनिल और (2) गणेश** फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) अनिल और (2) गणेश FIR No. 145/24, Date 23.09.2024 U/s: 123/309(4)/3(5) BNS, पुलिस थानाः साउथ कैम्पस, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.01.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
साहिल मोंगा
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–06,
23, प्रथम तल, मुख्य भवन,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/16027/SW/2024
(Court Matter)



**नौएडा**
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर, (उ0प्र0)
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एंव प्राप्त ई–निविदाओ को उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्ते नौएडा प्राधिकरण की वेबसाइट **www.noidaathorityonline.in** एंव **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी पविवर्तन, सशोंधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त Website देखते रहे।

(अ).

| क्र. सं. | जॉब संख्या/कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू0 लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | 24/निदे0(उ0)/उ0निदे0(उ0)–I/2024–25, सैक्टर–08 स्थित पौधशाला का 02 वर्षीय अनुरक्षण कार्य। (जगंल की सफाई एंव खाद की आपूर्ति) | 16.47 |

जिन्हे दिनांक **16.12.2024 को सांय 5.00 बजे तक** अपलोड किया जा सकता हैं। प्राप्त निविदाओं की प्री–क्वालीफिकेशन बिड दिनांक **17.12.2024 को प्रातः 11.00 बजे** खोली जायेगी।

(ब).

| क्र. सं. | जॉब संख्या/कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू0 लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | 52/निदे0(उ0)/उ0निदे0(उ0)–II/2024–25, सैक्टर–45 में वी0डी0एस0 मार्किट के पास स्थित पार्क की चारदीवारी का निर्माण कार्य। | 11.63 |
| 2. | 70/निदे0(उ0)/उ0निदे0(उ0)–III/2024–25, सैक्टर–136 में स्थित पार्क एंव पथवृक्षारोपण का दो वर्षीय अनुरक्षण कार्य। | 27.65 |
| 3. | 72/निदे0(उ0)/उ0निदे0(उ0)–III/2024–25, सैक्टर–91 में स्थित बायो–डाईवर्सिटी पार्क मे क्षतिग्रस्त पुलों की मरम्मत का कार्य। | 10.93 |

जिन्हे दिनांक **23.12.2024 को सांय 5.00 बजे तक** अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त निविदाओं की प्री–क्वालीफिकेशन बिड दिनांक **24.12.2024 को प्रातः 11.00 बजे** खोली जायेगी।

"महत्वपूर्ण सूचना–
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में शासन से स्वीकृत मास्टर प्लान एवं उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम, 1976 के विपरीत प्लॉटिंग या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह अवैध है। जनसामान्य को आगाह किया जाता है कि इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्मित भवनों में भूखण्डों/अपार्टमेंट/दुकान/ गोडाऊन/फार्महाउस की खरीद–फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाईजर के लुभावने एवं भ्रामक विज्ञापनों से बचे। साथ ही नौएडा अधिसूचित क्षेत्र के हिण्डन एवं यमुना नदियों के डूब क्षेत्र (Flood Plain Zone) में अनधिकृत/अवैध प्लॉट एवं फार्म हाऊसों के कारोबार में संलिप्त भूमाफियाओं के चंगुल में न फंसे।"

निदेशक (उद्यान)
नौएडा
कार्यालयः सैक्टर–39

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा फर्मो को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र0सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 61246196A | स्क्रू टाइप एयर कंप्रेसर | 02 नग | 09 जनवरी 2025 |
| 02 | 61246787 | एस.एस. हीटर यूनिट फॉर आरएँमपीयू | 200 नग | 06 जनवरी 2025 |

निविदा शर्ते–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं: 61246196A, 61246787

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3781/24



**भारतीय रेल**
**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**(रेलवे बोर्ड)**

**No. 2024/Track-III/MC/4** **New Delhi, dated 09.12.2024**

**विषयः पन्द्रह नग स्विच रेल ग्राइंडिंग मशीन (एस आर जी एम) की आपूर्ति हेतु निविदा संख्या टी एम 2403**

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से पन्द्रह नग स्विच रेल ग्राइंडिंग मशीन (एस आर जी एम) की खरीद के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।
2. इच्छुक निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे विवरण, निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने और अपनी इलेक्ट्रॉनिक बिड जमा करने के लिए वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर जाएं।

कार्यकारी निदेशक, ट्रैक (ऍम एंड एमसी)
रेलवे बोर्ड

3783/24 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना – ई – टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण**
**(ई – प्रोक्योरमेंट प्रणाली)**

| क्र | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-BR-294-293-UMB Dt. 07.12.2024 | सहायक अधि. अभि. पुल/अम्बाला के क्षेत्राधिकार में पुल नंबर 294 UP (3x45.70 मीटर), पुल नंबर 293 UP और DN (1x30.5 मी) और पुल नंबर 294 DN (6x20.47 मी) ट्रफ प्लेट को हटाने का कार्य और गसेट प्लेट, पार्श्व ब्रेसिंग क्रास फ्रेम, स्ट्रिंगर और क्रास गर्डर्स पर शीर्ष कवर प्लेट और बीआर की सुरक्षा स्क्रीन का प्रावधान और पुल नंबर 294 DN (6x20.47m) SRE-UMB खंड पर साइड पाथवे का प्रावधान। | ₹ 1,74,19,514.75 | ₹ 2,37,100/- | 8 (आठ) महीने | दिनांक 02.01.2025 को 15.00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15.00 बजे के पश्चात |

नोटः उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है। **3774/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग (खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–19/2024–25 दिनांकः 06.12.2024)**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15:00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (₹) | बोली प्रतिभूति (₹) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 30-विद्युत-37/2024-25 (ओपन टेंडर) | अंबाला कैंट डिपो और रेल विहार डिपो के अनुभाग में खराब खंभों को बदलने एवं क्वार्टर रीवायरिंग, बिजली आपूर्ति सहित कार्यालयों और सेवा भवनों की रीवायरिंग, अंबाला कैंट, सहारनपुर, बठिंडा, कालका, चंडीगढ़, शिमला, राजपुरा, सरहिंद, धुई, नंगलडैम, रेल विहार और जगाधरी वर्कशॉप स्टेशनों में सेवा भवन और विद्युत उपकेंद्र पर अर्थिंग व्यवस्था में सुधार एवं सुधार, अम्बाला कैंट में अधिकारी विश्राम गृह का उन्नयन और अधिकारी क्लब अम्बाला कैंट (रेल विहार) का उन्नयन के संबंध में विद्युत कार्य। | ₹2,02,14,015.58 | ₹2,51,100/- | 06 महीने | 31.12.2024 |
| 2. | 30-विद्युत-38/2024-25 (ओपन टेंडर) | अबोहर स्टेशन पर 11 केवी सब–स्टेशन के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। | ₹20,76,147.16 | ₹41,500/- | 03 महीने | 31.12.2024 |

1. निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2. आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3. कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4. विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 5. जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **3778/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।२

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।२

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।




# आम आदमी पार्टी की दूसरी लिस्ट जारी, तो ये है केजरीवाल का मास्टर प्लान?

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में आये नामों ने एक्शन इंडिया की खबर पर पूरी तरह से मुहर लगा दी। चंद दिनों पहले हमने आम आदमी पार्टी से जुड़ा एक विश्लेषण किया था। उसमें आप की रणनीति और टिकट बँटवारे के कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की थी। हमने बताया था कि इस बार अरविंद केजरीवाल कई सिटिंग विधायकों की टिकट काटने जा रहे हैं। साथ ही दूसरी पार्टी से आये नेताओं को भी केजरीवाल साहब खुलकर मौका देने वाले हैं। मफलरमैन मैन की नजर में टिकट बँटवारे का सिर्फ.एक ही फार्मूला है। और वो है विनबिलिटी।



**केजरीवाल की दूसरी लिस्ट में क्या कुछ है खास ?**

अरविंद केजरीवाल ने अपनी दूसरी सूची में 20 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। इनमें कई बड़े नाम हैं। जैसे पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया, हाल ही में पार्टी में शामिल हुए प्रख्यात शिक्षक अवध ओझा, पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी, दिल्ली विधानसभा में डिप्टी स्पीकर रखी बिड़लान, दिल्ली नगर निगम में नेता सदन मुकेश गोयल और एपीएमसी आजादपुर मंडी के पूर्व चेयरमैन आदिल अहमद खान प्रमुख हैं। इनके अलावा तिमारपुर सीट से दो बार विधायक रहे सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू का नाम भी शामिल है।

**पहले पार्टी में शामिल करवाया और फिर दे दी टिकट**

आम आदमी पार्टी की दूसरी सूची में, फिर वही देखने को मिला जो पहली लिस्ट में देखा गया था। पहली सूची में भी केजरीवाल ने बीजेपी और कांग्रेस के 3-3 नेताओं को शामिल करवाकर टिकट दे दी थी। दूसरी लिस्ट में भी यही पैटर्न देखने को मिला। बीजेपी की टिकट पर चुनाव लड़ चुके सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू को केजरीवाल ने झाड़ू थमा दिया है। बिट्टू तिमारपुर सीट से दो बार विधायक भी रह चुके हैं। कुछ दिन पहले ही इन्हें आम आदमी पार्टी में शामिल करवाया गया था।

इसी तरह पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी ने भी बीजेपी का दामन छोड़कर आम आदमी पार्टी का झाड़ू पकड़ लिया है। इससे पहले शाहदरा सीट से शंटी एक बार विधायक भी रह चुके है। विधानसभा स्पीकर राम निवास गोयल के राजनीति से संन्यास लेते ही शंटी का अचानक झाड़ू पकड़ना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

वहीं, प्रख्यात शिक्षक अवध ओझा को भी पार्टी में शामिल होते ही पटपड़गंज सीट से टिकट का तोहफा दे दिया गया है। इसी तरह पटेल नगर सीट से भाजपा प्रत्याशी रहे प्रवेश रतन ने भी हाल ही में आम आदमी पार्टी जॉइन की थी। उन्हें भी टिकट का तोहफा मिल गया है। आपको याद दिला दें कि पटेल नगर वही सीट है जहां से दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार आनंद विधायक है। लोकसभा चुनाव से पहले आनंद ने झाड़ू छोड़कर कमल खिलाने में अपनी विशेष भूमिका निभायी थी।


**तो ये है केजरीवाल की नयी रणनीति**

केजरीवाल का सिर्फ एक ही लक्ष्य है। वो है दिल्ली का विधानसभा चुनाव जीतना। इसके लिए उन्हें चाहे कुछ भी करना पड़े। इसकी बानगी दूसरी लिस्ट में भी देखने को मिली। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्होंने अपने कई पार्षदों को विधानसभा का टिकट थमा दिया है। दिल्ली नगर निगम के मेयर चुनाव में बहुत ही क्लोज मार्जिन से आम आदमी पार्टी चुनाव जीती थी। अगर ये पार्षद विधायक बनने में कामयाब हो जाते हैं तो नगर निगम में पार्टी अल्पमत में आ जाएगी। लेकिन इस बात से पूर्व सीएम पूरी तरह बेफिक्र है। वो जानते हैं कि इस समय दिल्ली फतह करना सबसे जरूरी है।

**आम आदमी पार्टी को सता रहा एंटी इनकम्बेंसी का डर**

आम आदमी पार्टी पिछले 10 सालो से सत्ता में है। कुछ विधायकों ने अच्छा काम किया तो कुछ ने नहीं किया। यही कारण है कि केजरीवाल साहब को सत्ता विरोधी लहर का डर सता रहा है। ये डर उनकी दूसरी लिस्ट मे भी देखने को मिला। पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की सीट बदल दी गई है। वो अब तक पटपड़गंज सीट से चुनाव लड़ते आये हैं लेकिन इस बार सिसोदिया साहब अपनी किस्मत जंगपुरा सीट से आजमायेंगे। इसी तरह दिल्ली विधानसभा में डिप्टी स्पीकर रखी बिडलॉन की भी सीट बदल दी गई है। वो इस बार मादीपुर सीट से अपनी किस्मत आजमायेंगी।इसी क्रम में विधायक प्रवीण कुमार अब जंगपुरा की जगह जनकपुरी सीट से झाड़ू चलायेंगे।

**इन विधायकों का बोरिया बिस्तर हुआ बंद**


मनीष सिसोदिया


अवध ओझा


राखी बिरला


मुकेश गोयल


दिनेश भारद्वाज


जितेंद्र सिंह शंटी

20 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट में ज्यादातर विधायकों की या तो टिकट काट दी गई है या फिर उनकी सीट बदल दी गई है। जिनकी टिकट काटी गई है उन्मे नरेला सीट से दो बार के विधायक शरद चौहान, तिमारपुर से आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप पांडेय, आदर्श नगर से दो बार के विधायक पवन शर्मा, मुण्डका से विधायक धर्मपाल लाकड़ा, जनकपुरी से राजेश ऋषि, बिजवासन से बीएस जून, पालम सीट से भावना गौड़, देवली से प्रकाश जरवाल, त्रिलोकपुरी से रोहित मेहरोलिया और मुस्तफाबाद से हाजी यूनुस का नाम शामिल है। उनके अलावा दो ऐसे सीटें भी हैं जहां से वर्तमान विधायकों की जगह उनके बेटों को टिकट दे दी गई है। चाँदनी चौक से विधायक प्रह्लाद सिंह साहनी की जगह उनके बेटे पूरनदीप सिंह साहनी और कृष्ण नगर सीट से एसके बग्गा की जगह उनके बेटे विकास बग्गा को टिकट दे दी गई है।

**तो ये हैं वो पार्षद जिन्हें मिली बड़ी ज़िम्मेवारी**

**आम आदमी पार्टी ने** अपने कई पार्षदों को विधानसभा चुनाव में टिकट दे दी है। इनमें सबसे बड़ा नाम है मुकेश गोयल। गोयल दिल्ली नगर निगम में एक बड़ा नाम है। फिलहाल नेता सदन हैं। इसके अलावा निगम में अब तक कोई भी चुनाव नहीं हारें हैं। इस बार इन्हें आदर्श नगर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। इसी तरह नरेला सीट से दिनेश भारद्वाज को चुनाव मैदान में उतारा गया है। फिलहाल दिनेश बांकनेर निगम वार्ड से पार्षद हैं। साथ ही भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान भी हैं। इनके अलावा पार्षद प्रदीप मित्तल को रोहिणी सीट से, रोहिणी जोन के डिप्टी चेयरमैन और पार्षद राकेश जाटव को मंगोलपुरी सीट से, दक्षिणपूरी वार्ड के पार्षद प्रेम चौहान को देवली विधानसभा से चुनाव मैदान में उतारा गया है।

**आम आदमी पार्टी की दूसरी लिस्ट ने एक्शन इंडिया की खबर पर लगायी मुहर**

चंद दिनों पहले मैंने आम आदमी पार्टी से जुड़ा एक विश्लेषण किया था। उसमें केजरीवाल की रणनीति पर चर्चा की थी। मैंने बताया था कि केजरीवाल अपने 23 विधायकों की टिकट काटने जा रहे हैं। उसमें कुछ नाम भी बताये थे। केजरीवाल की दूसरी लिस्ट ने एक्शन इंडिया की खबर पर पूरी तरह से मुहर लगा दी है। आदर्श नगर से पवन शर्मा और तिमारपुर सीट से दिलीप पांडेय की टिकट काट दी गई है। आने वाली लिस्ट में कई और भी नाम शामिल हो सकते हैं। बहरहाल, इस चुनाव में केजरीवाल ने बिलकुल अलग ही तरह की रणनीति अपनायी है। सिद्धांतों को एक तरफ रख दिया है। सिर्फ.एक ही बात पर उनका पूरी फोकस है। वो है सिर्फ और सिर्फ जीत। कैसे भी। किसी भी तरह।

### आप ने जारी की 20 उम्मीदवारों की सूची...

- नरेला से दिनेश भारद्वाज
- तिमारपुर से सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू
- आदर्श नगर से मुकेश गोयल
- मुंडका से जसबीर कराला
- मंगोलपुरी से राकेश जाटव धर्मरक्षक
- रोहिणी से प्रदीप मित्तल
- चांदनी चौक से पुनरदीप सिंह साहनी
- पटेल नगर से परवेश रतन
- मादीपुर से राखी बिड़ला
- जनकपुरी से प्रवीन कुमार
- बिजवासन से सुरेंद्र भारद्वाज
- पालम से जोगिंदर सोलनकी
- जंगपुरा से मनीष सिसोदिया
- देवली से प्रेम कुमार चौहान
- त्रिलोकपुरी से अंजना पारचा
- पटपड़गंज से अवध ओझा
- कृष्णा नगर से विकास बग्गा
- गांधी नगर से नवीन चौधरी
- शाहदरा से पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी
- मुस्तफाबाद से आदिल अहमद खान

# आदर्श नगर विधानसभा से मुकेश गोयल को मिली टिकट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** में आम आदमी पार्टी ने सोमवार को 20 उमीदवारो की दूसरी लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में 14 सीटों पर नए चेहरे उतारे गए हैं। तो वही 6 बार से निगम पार्षद और वर्तमान में नेता सदन मुकेश गोयल को आदर्श नगर विधानसभा से टिकट दे दिया गया है। बता दे की मुकेश गोयल ने 2022 के निगम चुनाव में आदर्श नगर वार्ड से जीत दर्ज की थी । वही निगम चुनाव से पहले ... आम आदमी पार्टी में शामिल हुए... मुकेश गोयल को विधानसभा चुनाव में उतारा जाना... कोई बहुत बड़ी खबर के रूप में नहीं देखा जा रहा। ऐसा इसलिए, क्यूंकि



भाजपा के गढ़ कह जाने वाले आदर्श नगर वार्ड में... मुकेश ने जीत हासिल कर पार्टी आलाकमान को ये बता दिया था की.... क्यों वो दिल्ली के इतने बड़े नेता है। निगम में मुकेश की जीत के साथ ही केजरीवाल ने उन्हें एक बड़ी

**भरोसा जताया**

- **आम आदमी पार्टी ने नेता सदन मुकेश गोयल पर जताया विश्वास**
- **आदर्श नगर से मुकेश गोयल कर सकते है बड़ा उलटफेर**

जिमेदारी सौंपी थी। दिल्ली नगर निगम में उन्हें नेता सदन के रूप में बड़ा ओहदा दिया गया। इस बीच आदर्श नगर के 2 बार के विधायक पवन शर्मा के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर देखी जा रही थी। वही पार्टी के पास आदर्श नगर से मुकेश गोयल के रूप में एक बड़ा विकप्ल था। लिहाजा आम आदमी पार्टी ने अपनी दूसरी सूची में गोयल को चुनाव मैदान में उतार कर बड़ा फैसला लिया है। आपको बता दे की दिल्ली की राजनीती में मुकेश गोयल एक बड़ा चेहरा है। पिछले 27 सालों में वो नगर निगम का एक भी चुनाव नहीं हारे। और तो और आदर्श नगर विधानसभा के हर निगम वार्ड से गोयल ने जीत हासिल की है। आम आदमी पार्टी में शामिल होने से पहले तक मुकेश गोयल कांग्रेस का एक बड़ा चेहरा थे। कांग्रेस ने उन्हें 2 बार विधानसभा चुनाव भी लड़वाया। लेकिन इसमें उन्हें सफलता नहीं मिली।

# दिल्ली न्याय यात्रा का औपचारिक समापन गुरुवार को

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विधानसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर कांग्रेस अपनी महत्वाकांक्षी 'दिल्ली न्याय यात्रा' का औपचारिक समापन बृहस्पतिवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में जनसभा के साथ करेगी। इस मौके पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पार्टी नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी के इस सभा में विधानसभा चुनाव 2025 के लिए पार्टी की रणनीति और आगामी एजेंडे का खुलासा करने की उम्मीद है। हालांकि उनका यात्रा के अंतिम दौर में शामिल होने का कार्यक्रम था, लेकिन व्यस्त राजनीतिक गतिविधियों के कारण वह इसमें भाग नहीं ले सके। जनसभा के दौरान राहुल गांधी दिल्लीवासियों को न्याय यात्रा के संदेश और इसके नतीजों पर भी चर्चा करेंगे। न्याय यात्रा की शुरूआत आठ नवंबर को हुई थी और इसका नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने किया। उन्होंने एक महीने तक चली इस यात्रा के दौरान दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर दौरा किया। यादव ने विभिन्न इलाकों में जाकर कांग्रेस की नीतियों और कार्यक्रमों का प्रचार किया और लोगों की समस्याओं को भी सुना।

# विजेंद्र गुप्ता ने किया निर्माणाधीन अस्पताल का दौरा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सरिता विहार में दिल्ली सरकार के निर्माणाधीन अस्पताल की अधूरी पड़ी इमारत का आज निरीक्षण किया। लगभग 11 हजार स्क्वेयर मीटर में फैले इस प्लॉट में प्री-इंजीनियरिंग मॉडल पर 336 बिस्तरों की क्षमता वाले अस्पताल का निर्माण प्रस्तावित था। निर्माण स्थल के निरीक्षण के दौरान गुप्ता ने बताया कि 336 बिस्तरों की क्षमता वाले इस अस्पताल को सितंबर 2021 से शुरू करके 2022 के फरवरी महीने तक पूरा किया जाना था। लेकिन यह निर्माण कार्य लगभग चार साल बीत जाने के बावजूद आधा ही हो पाया है। जुलाई 2023 में सरकार द्वारा हाथ खींच लिये जाने के बाद निर्माण कार्य ठप हो गया। इस निर्माण की लागत 70 करोड़ से दो गुणा बढ़कर 140 करोड़ से ज्यादा हो चुकी है। गुप्ता ने कहा कि आम आदमी सरकार ने पिछले दस साल में अपने

**अधर में**

- **इस प्लॉट में प्री-इंजीनियरिंग मॉडल पर 336 बिस्तरों की क्षमता वाले अस्पताल का निर्माण प्रस्तावित था**

कार्यकाल के दौरान एक भी नया अस्पताल नहीं बनाया लेकिन अस्पतालों में नई बिल्डिंगों के नाम पर हजारों करोड़ रुपयों की बंदरबाट कर ली। वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य सेवाओं का दम भरने वाली सरकार ने दिल्ली वालों को ठग लिया है। गुप्ता ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि अगर इस अस्पताल का निर्माण कार्य जैसे तैसे पूरा हो भी जाता तो उसका संचालन नहीं हो सकता था। क्योंकि सरकार ने अस्पताल को चलाने के लिये जरूरी डाक्टर्स, नर्स, वार्ड ब्वॉय जैसे स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया का प्रावधान ही इस योजना में नहीं रखा।

# संभालकर बहाना पानी: दिल्ली के कई इलाकों में नहीं आएगा जल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के कार्य के मद्देनजर दिल्ली जल बोर्ड एमबी रोड पर वायुसेनाबाद गेट-तीन और मदनगीरी टी-प्वाइंट के पास 900 मिमी और 600 मिमी व्यास की नई एमएस जल लाइन को संगम विहार मुख्य जल लाइन (1200/900/600 मिमी व्यास) से जोड़ने का कार्य करेगा। यह मुख्य जल लाइन ईएसआई अंडरग्राउंड रिजर्वायर/बूस्टिंग पंपिंग स्टेशन से जुड़ी है। दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार तुगलकाबाद, संगम विहार, अंबेडकर नगर व देवली विधानसभा क्षेत्र के तुगलकाबाद गांव, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, नॉर्दर्न कैंप बस्ती, एमबी रोड पर वायुसेना स्टेशन, संगम विहार, तिगरी गांव और तिगड़ी डीडीए फ्लैट्स, खानपुर गांव और खानपुर एक्सटेंशन, जेजे कॉलोनी खानपुर, दुग्गल कॉलोनी, जवाहर पार्क, राजू पार्क, शिव पार्क, बिहारी पार्क, कृष्णा पार्क, देवली गांव और आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

# एयरपोर्ट पुलिस ने एजेंट को मुंबई से किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आईजीआई** एयरपोर्ट थाना पुलिस ने मुंबई में छापा मारकर एक आरोपित एजेंट हिमांग चंद्रकांत मोदी को गिरफ्तार किया है। आरोपित की काफी समय से दिल्ली पुलिस को तलाश थी। इसे 2019 में दर्ज एक मामले में कोर्ट ने भगोड़ा भी घोषित कर दिया था। इस पर आरोप है कि इसने एक लड़की को जर्मनी और मेक्सिको भेजने के लिए फर्जी कागजात का इंतजाम किया था। इसके बाद अवैध रूप से यूएसए में डंकी रूट



से उस लड़की को पहुंचाया था। आरोपित मुंबई के बोरीवली ईस्ट का रहने वाला है। डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि पांच साल

**फर्जीवाड़ा**

- **बातचीत में आरोपित ने उन्हें बताया कि वह अलग-अलग देश के रास्ते उसे यूएसए पहुंचा देगा**

पहले 20 दिसंबर 2019 को गुजरात की रहने वाली एक लड़की को जब आईजीआई एयरपोर्ट पर यूएसए से डिपोर्ट किया गया था तो उसके कागजात में फर्जीवाड़ा मिला था। जांच में पता चला कि वह दो साल पहले चेन्नई से यूएसए गई थी। उस मामले में पूछताछ हुई तो उस लड़की ने बताया कि उसका भाई यूएसए में रहता है और वह भी वहीं रहना चाहती थी। उसका संपर्क एजेंट से हुआ और उसने यूएसए भेजने के लिए योजना बनाई। बातचीत में आरोपित ने उन्हें बताया कि वह अलग-अलग देश के रास्ते उसे यूएसए पहुंचा देगा। इसके लिए 15 लाख रुपये में बात तय हुई। उसकी चेन्नई एयरपोर्ट पर एजेंट हेमांग से मुलाकात हुई।



# पानीपत नारी शक्ति की प्रतीक भूमि बन गया है: पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पानीपत में भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा सखी योजना लॉन्च की, बीमा सखी बनने वाली 18 से 70 साल तक की महिलाओं को हर महीने 5 से 7 हजार रुपए





**योजना लॉन्च**

**▶▶ पानीपत से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू करने का सौभाग्य मिला था: पीएम मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पानीपत में भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा सखी योजना लॉन्च की। जिसमें बीमा सखी बनने वाली 18 से 70 साल तक की महिलाओं को हर महीने 5 से 7 हजार रुपए मिलेंगे। उन्होंने रिमोट से बटन दबाकर करनाल में महाराणा प्रताप बागवानी यूनिवर्सिटी के मुख्य परिसर का भी शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम मोदी ने कहा कि मैं हरियाणा के देशभक्त लोगों को राम-राम करता हूं, जिन्होंने 'एक हैं तो सेफ हैं' के मंत्र को अपनाकर उदाहरण पेश किया। उन्होंने राज्य में लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने पर भी धन्यवाद किया। पीएम ने कहा कि चुनाव दर चुनाव विरोधी परेशान हैं कि मोदी जीत कैसे रहा है। वे सिर्फ चुनाव के वक्त महिलाओं के लिए घोषणाएं कर राजनीति करते हैं। मेरे 10 साल में घर-घर शौचालय, उज्जवला स्कीम और हर घर नल जैसी योजनाएं नहीं देखते, जिससे मुझे माताओं-बहनों का आशीर्वाद मिल रहा है। शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन का नाम लिए बगैर पीएम ने कहा कि हम एमएसपी पर फसलें खरीद रहे हैं। अकेले हरियाणा में एमएसपी के तौर पर किसानों को 1 लाख करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमने 3 करोड़ लखपति दीदी का लक्ष्य रखा था, जिसमें से 1 करोड़ बनाई जा चुकी हैं। एलआईटी की इस नई योजना में 3 साल में 2 लाख बीमा सखी बनाएंगे। पीएम जब मंच पर पहुंचे तो सीएम नायब सैनी ने उन्हें पराली से बनी हुई उनकी फोटो दी। मंच पर सीएम नायब सैनी के अलावा हरियाणा सरकार से सिर्फ 2 महिला मंत्रियों श्रुति चौधरी और आरती राव को जगह दी गई है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार किसानों के लिए भी ईमानदारी से काम कर रही है। हरियाणा में अब तक किसानों को एमएसपी के रूप में एक लाख करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। इसके अलावा सूखा प्रभावित इलाकों में 800 करोड़ रुपए दिए हैं। आज मैं हरियाणा के सभी लोगों को फिर से भरोसा दे रहा हूं कि राज्य का तेजी से विकास होगा। डबल इंजन सरकार तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेजी से काम करेगी। उन्होंने कहा कि आज कल वे (कांग्रेस) लोग बड़े परेशान हैं कि मोदी को माताओं और बहनों का आशीर्वाद मिलता जा रहा है। ये समझने के लिए उन्हें बीते दस सालों के सफर को याद करना होगा। दस साल पहले माताओं बहनों के पास कोई शौचालय नहीं था। गैस कनेक्शन नहीं था। मोदी ने उन्हें ये दोनों चीजें दिलाई। घरों में पानी नहीं था। हमने घर-घर तक पानी पहुंचाया। महिलाएं अब घर की मालकिन बन चुकी हैं। महिलाओं की मांग थी कि विधानसभा में हमें पूरा नेतृत्व मिले।

## पानीपत एक प्रकार से नारी शक्ति की प्रतीक भूमि बन गया है: पीएम मोदी

**पीएम** ने कहा कि कुछ साल पहले मुझे यहां पानीपत से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू करने का सौभाग्य मिला था। इसका सकारात्मक परिणाम हरियाणा के साथ पूरे देश में हुआ। अकेले हरियाणा में इस योजना के तहत हजारों बेटियों का जीवन बचा है। इसी धरती से बीमा सखी योजना का शुभारंभ हुआ है। यानी पानीपत एक प्रकार से नारी शक्ति की प्रतीक भूमि बन गया है। आज भारत 2047 तक विकसित होने की दिशा में चल रहा है। हमें इसके लिए ऊर्जा के स्रोत चाहिए। इसके लिए हमारा उत्तर भारत ऊर्जा का स्रोत है। ऐसी ही हमारी ऊर्जा की स्रोत नारी शक्ति भी है। वही हमारी प्रेरणा की स्रोत रहने वाली हैं। ये विकसित भारत का बहुत बड़ा आधार बनेंगी। उन्होंने कहा कि लगातार तीसरी बार हरियाणा में भाजपा सरकार बनाई, इसके लिए मैं हरियाणा के हर परिवारजन का वंदन करता हूं। सैनी की नई सरकार को बने हुए अभी कुछ हफ्ते ही हुए हैं और उनकी प्रशंसा पूरे देश में हो रही है। सरकार बनने के तुरंत बाद जिस तरह यहां बिना पर्ची बिना खर्ची के हजारों युवाओं को पक्की नौकरियां मिली हैं, वह देश ने देखा है। अब यहां डबल इंजन की सरकार डबल रफ्तार से काम कर रही है। चुनाव के दौरान आप सभी माताओं बहनों ने नारा दिया था म्हारा हरियाणा नान स्टॉप हरियाणा। उस नारे को हम सभी ने अपना संकल्प बना दिया है। उसी संकल्प के साथ आज सब के दर्शन के लिए आया हूं। उन्होंने कहा कि मैं पूरे हरियाणा को यहां के देशभक्त लोगों को राम राम करता हूं। हरियाणा ने एक हैं तो सेफ हैं के मंत्र को जिस तरह अपनाया है, वह देश में उदाहरण बना है। सैनी की सरकार को बने अभी कुछ हफ्ते ही हुए हैं, लेकिन प्रशंसा पूरे देश में हो रही है।

## महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप के जरिए ग्रामीण महिलाओं को जोड़ा: पीएम



**महिला** सेल्फ हेल्प ग्रुप के जरिए ग्रामीण महिलाओं को जोड़ा है। आज देश की दस करोड़ बहनें ग्रुप में जुड़ी हैं। वह इस ग्रुप के जरिए कमाई कर रही हैं। सरकार ने महिलाओं को आठ लाख करोड़ रुपए से ज्यादा मदद दी है। आपकी भूमिका असाधारण है, आपका योगदान बहुत बड़ा है। आप ही देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का काम कर रही हैं। मैंने लाल किले से तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने की घोषणा की है। अभी तक एक करोड़ पन्द्रह लाख लखपति दीदी बन चुकी हैं। हरियाणा में नमो ड्रोन दीदी की बहुत चर्चा है। हरियाणा चुनाव के दौरान मैंने कुछ इंटरव्यू पढ़े थे, उनमें महिलाओं ने बताया था कि कैसे उन्हें ड्रोन दीदी बनने का अवसर मिला। इससे उनको तीन लाख रुपए की कमाई हुई। यानी एक सीजन में लाखों की कमाई हो रही है।
खेती और बहनों का जीवन दोनों बदल रहा है। पीएम ने कहा कि सोशल सिक्योरिटी के लिए, गरीबी को जड़ से मिटाने के लिए बीमा सखी अहम भूमिका निभाएगी। सरकार प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना चला रही है। बहुत कम प्रीमियम में दो-दो लाख तक का बीमा कराया जाता है। आज जो लोग बीमा कराने की सोच नहीं सकते थे उनका बीमा हो रहा है। इन योजनाओं के तहत अब तक देश में 20 हजार करोड़ रुपए क्लेम किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि ऐसी लाखों बैंक सखियां आज बैंकों में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

# कठिनाई के समय गीता दिखाती है राह: लक्ष्मण



**टीम एक्शन इंडिया**
**रेवाड़ी:** विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने गीता महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को कर्म का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि श्रीमद भगवत गीता जीवन पथ पर कर्मों और नियमों के साथ चलने की प्रेरणा देती है। श्रीमद् भगवत गीता सभी धर्म ग्रंथों में सर्वोच्च मानी जाती है। क्योंकि गीता में निहित बातों को लगभग सभी धर्मों में मान्यता दी गई है। गीता के 18 अध्यायों के करीब 700 श्लोकों में हर उस समस्या का समाधान मिल जाता है, जो कभी न कभी हर इंसान के सामने खड़ी हो जाती है। यदि हम इसके श्लोकों का अध्ययन रोज करें तो हम आने वाली हर समस्या का हल बगैर किसी मदद के निकाल सकते हैं। भगवत गीता हमें लाइफ मैनेजमेंट करना सिखाती है।
भगवान श्री कृष्ण के मैनेजमेंट सूत्र हमें भविष्य में तरक्की दिला सकते हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म में कर्म को प्रधान माना गया है। शास्त्रों में यह विदित है कि जो व्यक्ति जैसा कर्म करता है उन्हें उसी प्रकार से फल की प्राप्ति होती है। जो व्यक्ति के कर्मों के आधार पर अपना जीवन व्यतीत करता है उन्हें सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होती है और वह कई प्रकार की समस्याओं से दूर रहते हैं। कर्म

**समाधान**

**▶▶ गीता के 18 अध्यायों के करीब 700 श्लोकों में हर उस समस्या का समाधान मिल जाता है**

महान है, कर्म से ही आदमी महान व बड़ा बनता है। गीता में भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भुर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि। जिसका अर्थ है कि तेरा कर्म करने में अधिकार है इनके फलों में नहीं। तू कर्म के फल के प्रति आसक्त ना हो या कर्म न करने के प्रति प्रेरित ना हो। सनातन धर्म में कर्म को मूल सिद्धांत माना गया है। इसके साथ रामायण, महाभारत जैसे महान ग्रंथों में भी कर्म को ही प्रधान बताया गया है। आज की युवा पीढ़ी को गीता अवश्य पढ़नी चाहिए। इस मौके पर एडीसी अनुपमा अंजलि, एसडीएम रेवाड़ी सुरेंद्र सिंह, उप निदेशक एवं डीआईपीआरओ सुरेंद्र सैनी, डीडीपीओ नरेंद्र सारवान, जिला शिक्षा अधिकारी कपिल पूनिया, डीसीडब्ल्यूओ वीरेंद्र सिंह, सीएमओ डा सुरेंद्र यादव आदि अधिकारीगण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# फरवरी में सदस्यता अभियान चलाएगी जेजेपी: डॉ. अजय



**चंडीगढ़:** जननायक जनता पार्टी ने अपनी सभी प्रमुख इकाईयों को भंग कर दिया है। नए साल 2025 के शुरूआत जनवरी माह में जेजेपी संगठन नवनिर्माण की प्रक्रिया आरंभ करेगी और अपने मेहनती साथियों को संगठन की मजबूती के लिए जिम्मेदारियां सौंपेगी। फरवरी माह में जेजेपी प्रदेशभर में सदस्यता अभियान चलाकर नए साथियों को पार्टी के साथ जोड़ेगी। यह घोषणाएं जेजेपी के सातवें स्थापना दिवस के अवसर पर जींद में आयोजित पार्टी की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने की। अजय चौटाला ने कहा कि विधानसभा चुनाव के उपरांत जेजेपी की यह पहली बैठक थी, जिसमें जेजेपी पदाधिकारियों ने संगठन को प्रभावी और मजबूत बनाने के लिए अपने अहम सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि जेजेपी चुनाव के हार के कारणों की समीक्षा करेगी और चुनाव के दौरान पार्टी में भितरघात करने वाले पदाधिकारियों व कार्यकताओं पर

**प्रक्रिया**

**▶▶ फरवरी माह में जेजेपी प्रदेशभर में सदस्यता अभियान चलाकर नए साथियों को पार्टी के साथ जोड़ेगी**

कार्रवाई करने के लिए जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में पांच सदस्यीय एक कमेटी का गठन कर दिया है, जो कि 15 दिन के भीतर रिपोर्ट तैयार करेगी। अजय चौटाला ने कहा कि आज भाजपा सरकार की खराब नीतियों के कारण गरीब, किसान, कमेरा वर्ग परेशान है और कांग्रेस विपक्ष की भूमिका निभाने में विफल है, ऐसे में जेजेपी आमजन की आवाज को मजबूती देगी और आने वाला समय पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत से जेजेपी का होगा।
इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी कार्यकताओं का हौसला कम नहीं हुआ है और हम मेहनत करने से कभी पीछे नहीं हटेंगे।

## हिन्दुओं पर हिंसा के विरोध में हिंदू समाज ने किया रोष प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर:** बंगला देश में हिंदुओं पर हो अत्याचार के खिलाफ हिंदू संगठन, संत समाज, भाजपा नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में लघु सचिवालय के सामने अनाज मंडी गेट पर इकट्ठा हुए और जय श्री राम के नारे लगाते हुए लघु सचिवालय पहुंचकर उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक के माध्यम से भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। संयुक्त राष्ट्र रूप से बताया कि बांग्लादेश के अंदर हिंदुओं के मंदिरों को तोड़ना और हमारी बहन, बहू, बेटियों को तिरस्कार कर उनके ऊपर अत्याचार करना , हिंदू समाज यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा।

# पुलिस मुठभेड़ में घायल जैकी फतेहाबाद के गांव टिब्बी का रहने वाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद: रोहतक में सोमवार** सुबह जींद बाईपास के पास पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में जिन दो बदमाशों को गोली लगी है, उनमें से एक जसबीर उर्फ जैकी फतेहाबाद जिले के भूना खंड के गांव टिब्बी का रहने वाला है। घटना को लेकर ग्रामीण अचंभित है। घर में मां-बाप को सूचना नहीं दी है जबकि परिवार के दूसरे लोग सहमे हुए हैं। जसबीर उर्फ जैकी के अपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित होने की वजह से पिछले कुछ वर्षों पहले उसके पिता ने चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था, इसलिए वह पिछले कुछ वर्षों से घर से बिल्कुल अलग हो चुका था। जसबीर उर्फ जैकी बचपन में बहुत ही सरल स्वभाव का था, जिसने





12वीं पास करने के बाद बीए प्रथम वर्ष में फतेहाबाद में दाखिला लिया था। इसके बाद वह गुरुग्राम में एक प्राइवेट कंपनी में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करने के लिए घर से गया था। इसके बाद सरल स्वभाव का दिखने वाला जसबीर उर्फ जैकी में काफी बदलाव आ गया। धीरे-धीरे उसकी आपराधिक गतिविधियां भी उजागर होने लगी थी। दिल्ली में एक लड़ाई झगड़े के मामले में जेल में गया था, जिनकी जमानत भी उन दिनों में परिवार के लोगों ने करवा दी थी। जैसे-जैसे जैकी की हरकतें बढ५२ लगी तो परिवार से उसे बेदखल कर दिया गया। टिब्बी गांव निवासी करीब 54 वर्षीय कृष्ण कुमार जांगड़ा अपनी पुश्तैनी डेढ़ एकड़ जमीन में खेती-बड़ी करके घर का गुजर चल रहे हैं। उसकी

**मुठभेड़**

**▶▶ हिमांशु भाऊ गैंगवार से जुडकर डकैती, लूटपाट व हत्या वारदात को अंजाम दे चुका है**

48 वर्षीय पत्नी अंगूरी देवी सिलाई का काम करके अपना घर का घरेलू खर्च निकाल रही है। गांव के छोटे से किसान कृष्ण कुमार बहुत ही साधारण परिवार से संबंध रखते हैं। दंपति ने इकलौते बेटे जसबीर उर्फ जैकी के जवान होने पर सुख के दिन आने के सपने लिए थे, मगर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की दुर्दशा सुधारने के लिए 12वीं पास करने के बाद जैकी गुरुग्राम में प्राइवेट कंपनी में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करने गया था। जहां पर वह गैंगवार के चंगुल में फंस कर रह गया। दंपति ने बेटे पर जो उम्मीद संजोकर रखी हुई थी, वह मात्र सपना बनकर रह गई। दंपति ने एकमात्र अपनी बेटी की शादी करके उसे ससुराल भेज दिया। अब दंपति को छोटे से घर की दीवार के अंदर अब कुछ नजर नहीं आ रहा है। बाप ने बेटे को भले ही घर से बेदखल कर दिया हो, मगर मां अंगूरी देवी की ममता आज भी बेटे के लिए तड़प रही है। हिसार, गुरुग्राम तथा रोहतक आदि क्षेत्र में जैकी हिमांशु भाऊ गैंगवार से जुडकर डकैती, लूटपाट व हत्या तथा हत्या प्रयास की वारदात को अंजाम दे चुका है, जो कई मामले में मोस्ट वांटेड हो चुका था।

# विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति ने मचाया धमाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 में ब्रह्मसरोवर के घाटों पर विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृतियों ने धमाल मचाया है। इन राज्यों के कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की लोक संस्कृति की छटा बिखेर कर पर्यटकों का मन मोह लिया है। इस लोक संस्कृति से ब्रह्मसरोवर की फिजा विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति से रंग गई है। इन तमाम प्रस्तुतियों को उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला की तरफ से प्रस्तुत किया जा रहा है। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र के अधिकारी जरनैल सिंह ने कहा कि एनजेडसीसी की तरफ से आमंत्रित किए कलाकारों में हिमाचल प्रदेश के कलाकार पूजा और घट नृत्य, जम्मू कश्मीर के कलाकार धमाली



नृत्य व देकू भद्रवाही कुड व रुमाल नृत्य, पंजाब का झूमर व मलवाई गिद्दा, राजस्थान का चारी, उत्तराखंड के कलाकार पांडव नृत्य, मध्य प्रदेश का गंगौर व पांथी नृत्या, झारखंड का पायका नृत्य, उड़ीसा का संभालपूरी नृत्य सहित राजस्थान के कच्ची घोड़ी नृत्य, ढेरु गाथा गायन आदि की प्रस्तुति दी जा रही है। इन सभी लोक नृत्यों में कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति, लोक गायन कला और अपने रीति-रिवाजों को दशार्ने का अनोखा प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि एनजेडसीसी की तरफ से आमंत्रित किए गए यह कलाकार 15 दिसंबर तक अपनी प्रस्तुति देंगे। इन कलाकारों में जम्मू कश्मीर का कुड व राउफ नृत्य, पंजाब का भांगड़ा व जिंदवा, हिमाचल प्रदेश का सिरमौरी नाटी,

**आमंत्रित**

**▶▶ उत्तराखंड के कलाकार पांडव नृत्य, मध्य प्रदेश का गंगौर व पांथी नृत्या, झारखंड का पायका नृत्य**

उत्तराखंड का छपेली/घसीयारी नृत्य, राजस्थान का सावंरिया सवांग, गुजरात का सिद्दी धमाल, उतर प्रदेश के बरसाना की गायन, मणीपुर का लाई हरोबा व मणीपुरी रास, झारखंड का पुरलिया छाउ, उड़ीसा का गोटी पुआ नृत्य के साथ-साथ राजस्थान के कच्ची घोड़ी, बाजीगर, बहरुपिए आदि नृत्यों की प्रस्तुति भी महोत्सव में देखने को मिल रही है।

# प्राकृतिक अगरबत्ती की महक से सुगंधित हुआ महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** कुरुक्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में भारत के कोने-कोने से आए शिल्पकारों की शिल्पकला व कलाकारों के लोक नृत्य ने एक अलग ही मुकाम पर पहुंचा दिया है। इन शिल्पकारों व कलाकारों द्वारा अपनी-अपनी शिल्प व नृत्य कला को बड़े ही अनोखे ढंग से पर्यटकों के सामने रखा जा रहा है। कोई कश्मीर की वादियों से वहां के पारंपरिक वस्त्र लेकर आया है, तो कोई पंजाब की फुलकारी, कहीं राजस्थान की मिठाई सजी है तो कहीं असम का पारम्परिक परिधान खेंजा। इन सभी के बीच हर घर-मंदिर को सुगंधित करने वाली अगरबत्ती भी अपनी महक महोत्सव में बिखेर रही है।
अगरबत्ती का लघु कारोबार करने वाले राजेंद्र कुमार ने बातचीत करते हुए कहा कि अगरबत्ती जिसके बिना हमारे भारत देश में पूजा अधूरी समझी जाती है। इसलिए श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह साफ-सफाई, प्राकृतिक समान और बिना किसी केमिकल का इस्तेमाल करके उनके द्वारा सुगंधित अगरबत्ती बनाई जाती है। उनके द्वारा कई प्रकार के फूलों का इस्तेमाल करके अगरबत्ती बनाई जाती है। इन अगरबत्तियों को बनाने में कस्तूरी का भी इस्तेमाल किया जाता है।

# प्राचीन मुद्राओं और सिक्कों का अद्भुत संग्रह लेकर आए है राजा राम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: कुरुक्षेत्र का** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 जहां शिल्पकारों व कलाकारों को अपनी-अपनी शिल्प व नृत्य कला को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है, वहीं इस महोत्सव में कई स्टॉल ऐसे भी सजाए गए है जिन पर हमारी पुरातन धरोहर, हमारी विरासत को प्रदर्शित किया जा रहा है। ऐसा ही एक स्टॉल कैथल जिला के करोड़ा गांव से आए राजा राम ने भी स्थापित किया है। इस स्टॉल पर उनके द्वारा पुराने समय से लेकर अब तक की विभिन्न करंसी व मुद्राओं को सजाया गया है।
बकौल राजा राम का कहना है कि जब वह बहुत छोटे थे, तो तभी से उनके मन में इस प्रकार की प्राचीन मुद्राओं को एकत्रित करने की रुचि पैदा हो गई थी। अपने इस शौक को वह आज उम्र के 57वें साल पर भी निरंतर जारी रखे हुए है। जब राजा राम ने अपनी इस धरोहर को बिक्री करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने साफ मना कर दिया कि यह धरोहर अनमोल है और वही किसी भी कीमत पर इसे बेचेंगे नहीं तथा जब तक वह जीवित रहेंगे, इस प्रकार की प्राचीन मुद्राओं के अपने संग्रह को ओर बढ़ाते रहेंगे, चाहे इसके लिए उन्हें कोई भी कीमत चुकानी पड़े।
उन्होंने बताया कि उनके पास 700 साल पुरानी मुद्राओं के साथ-साथ पुराने समय के राशन कार्ड, डाक टिकट, सिक्के है। महोत्सव में वह वर्ष 2016 से लगातार अपनी इस धरोहर का प्रदर्शन करते आ रहे है।
उनके संग्रह में भारत के विभिन्न राज्यों से संबंधित प्राचीन मुद्रा मौजूद है, जिससे उन राज्यों के पर्यटकों को अपने राज्य से संबंधित प्राचीन मुद्राओं को देखने का अवसर मिल रहा है।
उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा महोत्सव के दौरान रहने, खाने सहित सभी प्रकार के पुख्ता प्रबंध किए गए है।

# समाज में हर किसी के लिए प्रेरणा स्रोत बनीं हाडवा गांव की बेटी निशा

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद: मेहनत** ही उसका धर्म है। वह हर रोज कुछ ना कुछ जोड़ती है। कभी कुछ आमदनी तो कभी किसी नेकी से नसीब हुई शाबाशी। मर्दों की शैली में घर के सब काम करती है और सड़क पर अनुशासित व सहानुभूतिक होकर निकलती है। यह कहानी सफीदों से 15 किलोमीटर दूर गांव हाडवा की एक 21 वर्षीय बेटी निशा की है। सफीदों के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से स्नातक की डिग्री लेकर नौकरी के लिए किसी कोचिंग सेंटर में जाने की बजाय निशा ने खुद का स्टार्टअप शुरू किया जिसमें वह मर्दों की तरह काम करती है। समाज में निरंतर कमजोर हो रही नैतिकता के दौर में निशा दूसरी बेटियों के लिए प्रेरणा बनी है। उसकी मां सुमनलता ने




बताया कि नीशू ने छठी कक्षा से ही घर के कामकाज में रुचि लेनी शुरू कर दी थी। वह मेहनती है, नीडर है, ईमानदार है। अच्छे संस्कार उसकी पहली पहचान है। उन्होंने बताया कि आरती खेत के सभी कामों के अलावा भैंसों के लिए चारा लाने, काटने, चारा डालने, दूध दौहने व कोई पशु बेकाबू हो जाए तो उसे काबू करने तक के काम बखूबी करती है। उसने ऋण पर किराया कमाने के लिए एक टाटा-एस व एक महिंद्रा पिक-अप दो वाहन लिए हैं। एक को वह खुद तो दूसरे को उसका भाई मनदीप चलाता है। उसकी मां सुमनलता से जब पूछा गया कि जवान बेटी वाहन को किराए के लिए लेकर घर से

**आत्मनिर्भर**

**▶▶ निशा ने खुद का स्टार्टअप शुरू किया जिसमें वह मर्दों की तरह काम करती है, प्रेरणास्त्रोत बनीं निशा**

निकलती है तो कोई संदेह, कोई संकोच नहीं होता। इस पर, जरूरत पडने पर खुद भी गाड़ी चला लेने वाली सुमनलता का कहना था कि बेटी में दम हो और उसके संस्कार अच्छे हों तो किसी की हिम्मत नहीं कोई छू ले। इसलिए सबकुछ ठीक चल रहा है और सब कुछ गौरवपूर्ण है। उसने बताया की नीशू के पापा मुकेश देशवाल के दोनों पैरों की नस जाम हो गई थी तो वह बिस्तर पर आ गए थे। उनके पास मात्र पौने दो एकड़ जमीन है। ऐसी स्थिति में निशा की लग्न और पारिवारिक मजबूरियों ने उसके हौसलों को पंख लगा दिए और आज स्थिति यह है कि गांव में शुरू में जो लोग बेटी को मर्दों जैसे काम करते देख मन ही मन निंदा करते थे वही लोग आज निशा पर गर्व व्यक्त करते हैं। निशा ने बताया कि उसमें खुद की मेहनत से कुछ करने का जुनून है और इस जुनून को हवा उसकी मां ने हौसले के रूप में दी है। निशा कहती है कि वह ग्रेजुएट है। कोई ठीक सी सरकारी नौकरी मिले तो उसे परहेज भी नहीं लेकिन नौकरी की उम्मीद में वह अपनी मेहनत की लीक से नहीं हटेगी। उसने बताया कि उसका पहला सपना अपनी कमाई से थार गाड़ी लेने का है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव प्रसार कार्यक्रम में छात्रों ने रंगा-रंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर । जयंती प्रसाद** डीएवी पब्लिक स्कूल में सोमवार को स्कूल के वार्षिकोत्सव प्रसार कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों द्वारा रंगा रंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए व प्रथम कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं नवाचारों से संबंधित विभिन्न माडलों का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि डीएवी सीएससी के सचिव व वाइस चेयरमैन अजय सहगल, विशिष्ट अतिथि स्कूल की मैनेजर अनीता वडेरा, असिस्टेंट रीजनल ऑफिसर वीके मित्तल ने शिरकत की। इसके अलावा रोहतक व



पानीपत डी ए वी स्कूल के प्रधानाचार्य ने भी भाग लिया । अतिथियों का स्कूल में पहुंचने पर प्रधानाचार्य पुष्प कुछ देकर स्वागत किया । इसके बाद प्रसार कार्य कर्म की मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। स्कूल के छात्रों ने हरियाणवी, पंजाबी,राजस्थानी आदि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों का मन मोह लिया। इससे पूर्व अतिथि गणों ने छात्रों द्वारा लगाई विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन किया, छात्रों द्वारा तैयार किया विभिन्न मॉडलों की अतिथियों ने सराहना की ।

डीएवी सीएससी के सचिव व वाइस चेयरमैन अजय सहगल ने छात्रों में अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदुस्तान में कोई ऐसा स्थान नहीं जहां पर डीएवी स्कूल न हो। हरियाणा और पंजाब में तो डीएवी स्कूल जिले से लेकर ब्लॉक पर संस्था के स्कूल हैं। बच्चों द्वारा कम समय में तैयारी करके बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। केवल एक डीएवी संस्था ऐसी है जिसे स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने कह रखा है कि जो 11वीं 12वीं कक्षा का बच्चा नेशनल लेवल पर बेहतर प्रदर्शन करेगा और उसके पास स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया का सर्टिफिकेट होगा वह ओलंपिक व एशियन गेम भी खेल सकता है।

यह हक केवल डीएवी संस्था के पास है। डीएवी के स्कूल व्यापारी स्कूल नहीं है आपके पास ऐसे बहुत से स्कूल है जो व्यापार की दृष्टि से स्कूल चलाते हैं। डीएवी स्कूल बिना घाटे बहुत कम घाटे व मुनाफे को देखते हुए बहुत कम खर्चे में उच्च क्वालिटी की शिक्षा देने का कार्य कर रहा है। आसपास के स्कूलों के खर्चों को देखोगे तो आप खुद महसूस करोगे कि डीएवी स्कूल बहुत कम खर्चे में अच्छी शिक्षा देता है। स्कूल में बहुत ऐसी चीज हैं जो अन्य स्कूलों में नहीं है।

# मनुष्य को कर्म के माध्यम से जीवन में अग्रसर रहना चाहिए :संजीव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र, : देशभर में संचालित** श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के सान्निध्य में गीता जयंती महोत्सव 2024 के अवसर पर श्री जयराम विद्यापीठ में आयोजित भागवत पुराण की कथा के पांचवें दिन व्यासपीठ से वृन्दावन मथुरा से विख्यात कथावाचक संजीव कृष्ण ठाकुर ने भगवान श्री कृष्ण की मनमोहक बाल लीलाओं का वर्णन किया। इस मौके पर संत महापुरुष भी भागवत कथा श्रवण करने पहुंचे। परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कथा प्रारंभ से पूर्व व्यासपीठ पर नमन एवं पूजन किया। संजीव कृष्ण ठाकुर ने कथा में कहा कि भगवान श्री कृष्ण भगवान श्री विष्णु के अवतार हैं। भगवान विष्णु



सर्व पालनहारी, पापहारी पवित्र और समस्त प्राणियों को भोग तथा मोक्ष प्रदान करने वाले प्रमुख हैं। जब-जब इस पृथ्वी पर असुर एवं राक्षसों के पापों का आतंक व्याप्त होता है तब-तब भगवान विष्णु किसी न किसी रूप में अवतरित होकर पृथ्वी के भार को कम करते हैं। उन्होंने बताया कि वैसे तो भगवान विष्णु ने तेईस अवतारों को धारण किया। इन अवतारों में उनके सबसे महत्वपूर्ण अवतार भगवान श्री राम और भगवान श्रीकृष्ण के ही माने जाते हैं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की जीवन गाथा का विस्तारपूर्वक विवरण करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लेते ही कर्म का चयन किया। नन्हें बाल श्री कृष्ण द्वारा जन्म के छठे दिन ही शकटासुर का वध कर दिया, सातवें दिन पूतना को मौत की नींद सुला दिया। तीन महीने के थे तो कान्हा ने व्योमासुर को मार गिराया।

## न्यूज फ्लैश

### राजकीय महाविद्यालय में बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़। महिला एवं बाल** विकास विभाग के निदेर्शानुसार 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक लैंगिक आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. विजय यादव द्वारा विधिवत रूप से की गई। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है। उन्होंने इसके दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाल विवाह न केवल बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में बाधा उत्पन्न करता है, बल्कि उनके जीवन की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पविता यादव ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 और अन्य सरकारी प्रयासों जैसे वन स्टॉप सेंटर, पोक्सो अधिनियम, 2015, और पॉश अधिनियम 2013 पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को बाल विवाह से जुड़े कानूनों और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने बाल विवाह को समाप्त करने और इसके खिलाफ सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ ली। उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि वे समाज में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाएंगे और किसी भी नाबालिग के विवाह की सूचना मिलने पर तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करेंगे। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज को यह समझाना था कि बाल विवाह एक अपराध है और इसे समाप्त करना हम सभी का नैतिक दायित्व है।

### सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का हवन पूजन से हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़। महिला पतंजलि** योग समिति के तत्वाधान में बस स्टैंड के नजदीक स्थित चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में चल रहे 15 दिवसीय सह-योगशिक्षक प्रशिक्षण शिविर का हवन पूजन से समापन किया गया। इस दौरान उमा खुराना एवं भरत खुराना यजमान के रूप में उपस्थित रहे तथा कृष्णा देवी, सुनीता देवी, पूर्व नपा प्रधान रीना बंटी, सुनील, सीमा खुराना, पुष्पा गुप्ता, पिंकी, प्रवीण व अन्य महिला सदस्यों द्वारा आसपास के वातावरण की शुद्धि के लिए हवन में पूर्ण आहुति डाली गई। महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी सुनील देवी, संगठन मंत्री रीना देवी, तहसील प्रभारी सुनीता देवी ने बताया कि इस 15 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर में योग साधकों को विशेष तौर पर महिलाओं को आसन प्राणायाम ध्यान आदि की विधि सिखाई गई।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पानीपत से किया एमएचयू के कैंपस का शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने पानीपत में आयोजित कार्यक्रम से महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के 421 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले मैन कैंपस का वर्चुअली शिलान्यास किया। शिलान्यास समारोह के उपलक्ष्य में एमएचयू के प्रांगण में बागवानी के विकास पर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। समारोह में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एमएचयू के मैन कैंपस का शिलान्यास किया, उस वक्त आयोजन स्थल पर एमएचयू कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा की गरिमामयी उपस्थिति में तालियों की गडगडाहट से वातावरण में उत्साह-जोश का माहौल व्याप्त हो गया।

# पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा को मजबूत करेंगे: देवेंद्र

**गन्नौर । रोटरी क्लब ऑफ** गन्नौर सेंट्रल द्वारा हास्य कवि सम्मेलन गुदगुदी-4 का आयोजन बादशाही रोड पर दिवान गार्डन में किया गया। जिसमें दूरदराज से आए कवियों ने अपनी हास्य कविताओं के जरिए लोगों को देर रात खूब गुदगुदाया। पूरा पंडाल हंसी के ठहाकों से गूंज उठा। इससे पहले कवि सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने दीप प्रज्वलित कर किया। यहां आने पर उनका आयोजकों ने फूलमाला व पगड़ी से स्वागत किया। इस दौरान सर्वप्रथम मां सरस्वती की वंदना कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। सम्मेलन में नामचीन कवि डॉ. हरिओम पंवार ने अपनी ओजपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को समय,



समाज और जीवन के शाश्वत सरोकार से जोड़ा। उन्होंने कविता अंधकार में समा गए जो तूफानों के दीप जले, मंजिल उनको मिली कभी जो चार कदम भी नहीं चले...प्रस्तुत की। कवयित्री साक्षी तिवारी ने शहीदों के रगों में जब तक बलिदान जिंदा है उन्हीं रणबाबूरो के बल हिंदुस्तान जिंदा है नामक कविता सुना कर श्रोताओं में देशभक्ति का जोश भर दिया। लहर ऐसी चली कि सभी हवाए मंद हो गई देखो देखो मोहब्बत की दुकान बंद हो गई..., कवि डा. प्रवीन शुक्ल, सुदीप भोला, राजेश चेतन, मोहन मुंतजिर व दीपक सैनी ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रो. डा. मनोज कुमार ने की, जबकि मंच संचालन रो. अरुण गोस्वामी ने किया। मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि गन्नौर हलके की 36 बिरादरी ने अपने बेटे को अपना सेवक चुना है। उनके बीच पहुंचना ही मेरा पहला कर्तव्य है। कहा कि जो काम अधूरे पड़े है उन्हें तेजी से पूरा कराना है। सरकार के सहयोग से शहर व ग्रामीण क्षेत्र में पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा को मजबूत करेंगे। हमें सबको साथ लेकर, बिना भेदभाव के आगे चलना है। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अमित त्यागी, निशांत गोयल, सतीश चौधरी, पवन जिंदल, संजीव डावरा, डा. नीरज त्यागी, रोहित त्यागी, मीना वर्मा, सचिन जैन आदि मौजूद रहे।

# 1 ग्राम 32 मिली ग्राम नशीला पदार्थ स्मैक किया बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । पुलिस अधीक्षक** पूजा वशिष्ठ ने सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जों को नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एसपी के नेतृत्व में जिला महेंद्रगढ़ को नशा मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शहर कनीना की टीम ने नशीले पदार्थ के मामले में तीन आरोपितों को काबू किया है। पुलिस ने नशीले पदार्थ सहित आरोपित सरोज कुमार वासी आदर्श कॉलोनी महेंद्रगढ़ को काबू किया, जिससे पूछताछ कर अन्य दो आरोपितों जोगिंद्र वासी सिसौठ और हिमांशु वासी वार्ड न. 8 कनीना को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित सरोज कुमार को मौके से पकड़ा, जिसके पास से करीब 1 ग्राम 32 मिली ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना शहर कनीना की टीम गश्त के दौरान नजदीक सरकारी हस्पताल कनीना पर मौजूद थी। उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली की सरोज कुमार वासी आदर्श कॉलोनी महेंद्रगढ़, कनीना मण्डी रोड नहर के पास गली के अन्दर खंडहर मकान में स्मैक लिए हुए है।

# ठंड के मौसम में लोगों की सेहत पर पड़ने लगा असर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। ठंड का** असर लोगों की सेहत पर पड़ने लगा है। इससे चलते नागरिक अस्पताल में निमोनिया, खांसी, जुकाम की चपेट में आने वाले रोगियों की संख्या बढ़ गई है। इस समय प्रतिदिन 100 बच्चे और बुजुर्ग आ रहे हैं। एक सप्ताह से बढ़ रही ठंड के चलते बुजुर्गों में जोड़ों के दर्द और बच्चों में निमोनिया, खांसी, जुकाम, बुखार के अधिक रोगी पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन ओपीडी 600 के पार हो जा रही है। ठंड से नागरिक अस्पताल में मरीजों की संख्या पहले की तुलना में काफी बढ़ गई है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार सात दिनों में 3007 ओपीडी दर्ज की गई है। मौसम परिवर्तन होने के कारण खांसी, जुकाम, बुखार, जोड़ों के दर्द के मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। इसके साथ-साथ हड्डी संबंधित व बच्चों के निमोनिया की संख्या बढ़ती जा रही है। वहीं नागरिक अस्पताल के डॉ. आशीष राव का कहना है कि वर्तमान में मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। लगातार ठंड बढ़ रही है। इसका प्रभाव सेहत पर पड़ रहा है। छोटे बच्चों को ठंड से बचाने के लिए गर्म पकड़े पहनाएं। सुबह और शाम दुपहिया वाहनों पर सीधे हवा के प्रभाव में आने से ठंड लगने की संभावना अधिक रहती है।

# 133 केवी लाइन में फाल्ट से करीब 13 घंटे बाद बिजली आपूर्ति हुई बहाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर । गांव भोगीपुर स्थित** पावर हाउस की रविवार को देर रात 133 के वी भोगीपुर पावर हाउस की आपूर्ति लाइन का बक्सा डैमेज होने के कारण पूरी रात बिजली आपूर्ति गुल रही । सोमवार को सुबह बिजली विभाग के कर्मचारियों ने आपूर्ति लाइन की जांच की तो राजलू गढ़ी गांव के पास दिल्ली - अंबाला रेल मार्ग की अंडरग्राउंड क्रॉसिंग के लिए लगाई गई केवल का बक्सा डैमेज होने के कारण पावर हाउस की बिजली सप्लाई बंद हो गई थी । सूचना मिलने पर बिजली विभाग के ग्रामीण



एसडीओ अभिषेक ने मौके का मुआयना किया और सप्लाई बक्से को बदलने के बाद पावर हाउस की बिजली सप्लाई को चालू करवाया । सोमवार को करीब 12 बजे बिजली आपूर्ति शुरू हुई और ग्रामीणों को राहत मिली। सोमवार की बिजली गुल होने के कारण सुबह के समय लोगों को बिजली से होने वाले काम काज पूरी तरह प्रभावित हो गए थे।

# ठूंस-ठूंसकर भरी थी 14 भैंस और 4 कटड़े

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला में** पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान भैंसों से भरे ट्रक को पकड़ा है, जिसमें 14 भैंस और 4 कटड़े निर्दयता से ठूंस-ठूंसकर भरे हुए थे। पुलिस ने ड्राइवर और उसके सहायक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला मंगलौरा पुलिस चौकी क्षेत्र का है। ट्रक की जांच में पता चला कि ट्रक में पशुओं को उनकी क्षमता से अधिक संख्या में भरा गया था। ट्रक की बॉडी 26 फीट 10 इंच लंबी और 8 फुट चौड़ी थी, लेकिन उसमें कुल 18 पशुओं को भरा गया था। पशुओं को निर्दयता से ठूंसने और उनकी सुरक्षा की अनदेखी करने का मामला पुलिस ने दर्ज किया है।

# योग एवं श्रीमद् भागवत गीता का संदेश हर आयु वर्ग एवं हर क्षेत्र तक पहुंचे: गीता मनीषी स्वामी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: हरियाणा योग** आयोग, आयुष विभाग एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर स्थित मेडिटेशन हॉल में स्थानीय योग संस्थाओं के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय ध्यान योग शिविर के तीसरे दिन पतंजलि व महिला पतंजलि योग समिति, आयुष विभाग एवं श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय ने उपस्थित साधकों को अपनी योग पद्धति से योग साधना करवाई कहरियाणा योग आयोग के संकल्पित, कर्मठ एवं ऊजार्वान चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य, मुख्य अतिथि श्री कृष्ण




आयुष विश्वविद्यालय के रजिस्टर डॉ कृष्ण जाटियान, विशिष्ट अतिथि निदेशक खेल, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, प्रो .दिनेश राणा, कार्यक्रम की नोडल ऑफिसर जिला आयुष अधिकारी, डॉ सुदेश जाटियान, आयोग के उपाध्यक्ष डॉ रोशन लाल, रजिस्ट्रार डॉ राजकुमार, पूर्व रजिस्ट्रार डॉ हरिशचंद्र, सदस्य जयपाल शास्त्री, डॉ मनीष कुकरेजा, डॉ पवन गुप्ता, आयुष विभाग के डॉ जागीर सिंह, भारतीय योग संस्थान हरियाणा प्रांत इकाई के प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर, पतंजलि योग समिति के कुलवंत सिंह, बलविंदर, राम जी, जयप्रकाश पवार, महिला पतंजलि योग समिति की जिला संरक्षक शेर, डॉ निरुपमा भट्टी, मंजू नरवाल, योग भारती के डॉ. जगतार सिंह, मानव उत्थान सेवा समिति की डॉ सुमन चौधरी, योगासन खेल संघ के राजेंद्र भारद्वाज, आर्ट ऑफ लिविंग के सुशील बंसल सहित सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों व अन्य गणमान्य महानुभावों ने दीप प्रज्ज्वलित कर ध्यान योग शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ किया क शिविर में पधारने पर परम संत गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का पुष्पगुच्छ, शाल एवं माल्यार्पण से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

# तमाम हिन्दू संगठनों ने प्रदर्शन के साथ प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। बांग्लादेश** में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदू समुदाय के धर्म स्थलों में तोडफोड़ और उन पर अत्याचार के खिलाफ हिंदू समाज का गुस्सा उफान पर है। बांग्लादेश की हिंसक घटनाओं के खिलाफ सामाजिक, व्यापारिक व धार्मिक हिंदू संगठन सोमवार को सेक्टर 12 फव्वारा पार्क पर इक्ठा हुए और जोरदार नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी लोग जुलूस की शक्ल में सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय पहुंचे, जहां संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। संस्थाओं ने मिलकर बांग्लादेश के हिंदू समाज के साथ एकजुटता दिखाते हुए उन पर हो रहे अत्याचार को तुरंत बंद करने और भारत सरकार से प्रभावी हस्तक्षेप करने की मांग की। फव्वारा पार्क में लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने एक स्वर से हिन्दू समाज से उठ खड़ा होने और सरकार पर दबाव बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि वहाँ का प्रशासन कट्टरपंथियों के हाथ में हो। सेना व पुलिस प्रशासन अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान करने की बजाय कट्टरपंथियों का सहयोगी ही दिखाई दे रहा है। अल्पसंख्यकों की सरेआम हत्याएँ की जा रही हैं।

# कर्म करें, मेहनत करें और विपरीत हालात में संयम रखें : हरविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा** विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि गीता का उपदेश कोई साधारण उपदेश नहीं है। गीता का सार कर्म प्रधानता है। मनुष्य को कड़ी मेहनत के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिये और विपरीत हालात में भी संयम रखना चाहिये। विधानसभा अध्यक्ष आज यहां डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय गीता महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरूआत यज्ञ व श्रीमद्भागवत की आरती से की गई। मुख्य अतिथि ने भी यज्ञ में



आहुति डाली। इसके बाद उन्होंने स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन और उनका अवलोकन किया। स्पीकर ने कहा कि आज न केवल करनाल, बल्कि पूरे विश्व में गीता महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। यह देश और प्रदेश के लिये गौरव की बात है कि गीता महोत्सव पूरे विश्व में छाया हुआ है। भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत के युद्ध में गीता का उपदेश दिया। गीता का ज्ञान-कर्म प्रधानता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के साथ-साथ उनके चरित्र से खुद को जोडकर आगे बढा चाहिये। उन्होंने कहा कि जीवन क्षेत्र में कठिनाइयां एवं परेशानियां बहुत आयेंगी, लेकिन विपरीत परिस्थितियों में भी संयम रखते हुये मेहनत के साथ कर्म करने चाहिये, नतीजे की परवाह किये बिना। विद्यार्थियों से कहा कि वे लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिये अथक प्रयास करें और जीवन में आगे बढ़ें। इस मौके पर प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूहों के अलावा कृषि, हैफेड, जेल, आयुष, वन और बागवानी विभाग की ओर से 25 स्टाल्स लगाये गये। इन पर स्वयं सहायता समूहों की ओर से तैयार उत्पादों और सरकार की विभिन्न योजनायें प्रदर्शित की गईं। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकारों के अलावा स्कूली बच्चों द्वारा मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। हरियाणवी कलाकार ईश्वर शर्मा एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुत किए गए मयूर नृत्य, कृष्ण सुदामा नृत्य, श्री कृष्ण पर आधारित गीतों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। भांगड़ा की प्रस्तुति काफी आकर्षक रही। तन्नु शर्मा की टीम से जुड़े बच्चे पूरव द्वारा हरियाणा गीत पर प्रस्तुत नृत्य की शानदार प्रस्तुति से हाल तालियों से गूंज उठा। इसके अलावा विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

# बसंत विहार एक्सटेंशन में जल्द शुरू होगा कच्ची गलियों का निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर । शहर की बसंत** विहार एक्सटेंशन में गलियों के निर्माण का कार्य जल्द शुरू होगा। कालोनी में 1 करोड 49 लाख 65 हजार की लागत से 7 गलियों का निर्माण नगरपालिका करवाएगी। इसके लिए नगरपालिका ने एजेंसी को टेंडर भी अलाट कर चुकी है। विधायक देवेंद्र कादियान ने बंसत विहार एक्सटेंशन में गलियों के निर्माण कार्य का शलान्यास भी कर दिया था, लेकिन ग्रेप की वजह से गलियों का निर्माण शुरू नहीं किया जा सकता था। अब ग्रेप हटने के बाद एजेंसी गली निर्माण का कार्य



शुरू कर देगी। गौरतलब है कि शहर की बीचों बीच बसी बसंत विहार एक्सटेंशन पहले नियमित न होने की वजह से इसमें विकास कार्य नहीं हो पा रहे थे। कालोनी में गलियां कच्ची पड़ी हैं और न ही निकासी की सुविधा है। ऐसे में इन कालोनियों में रहने वाले लोगं को खाली प्लाटों में दूषित पानी को छोड़ा जा रहा है। जो गलियां पहले से पक्की हैं उन्हें रिपेयर नहीं किया जा रहा था।

## संपादकीय

# मानवता के लिए सार्थक बने मानवाधिकार दिवस

**संयुक्त** राष्ट्र महासभा ने 10 दिसम्बर 1948 को विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी कर प्रथम बार मानवाधिकार व मानव की बुनियादी मुक्ति पर घोषणा की थी। वर्ष 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष की 10 दिसम्बर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना तय किया था। 73 वर्ष पहले पारित हुआ विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर हैं। जिसने समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित की है। आज यही घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्र संघ का एक बुनियादी भाग है। 10 दिसंबर 2024 को दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 76वीं वर्षगांठ है। 2024 में मानवाधिकार दिवस की थीम असमानताओं को कम करना और मानव अधिकारों को आगे बढ़ाना है। कहने में मानवाधिकार शब्द बहुत बड़ा है। क्योंकि मानवाधिकारो से हर व्यक्ति का हित जुड़ा होता है। आज के दौर में कोई भी मानव को उनके वास्तविक अधिकार नहीं देना चाहता है। राजनेता मानव अधिकार की बात तो जोरशोर से करते हैं। मगर जब अधिकार देने की बारी आती है तो पीछे खिसकने लगते हैं। राज नेताओं को पता है कि यदि लोगों को उनके अधिकार मिल गये तो तो उनकी नेतागिरी बन्द हो जायेगी। हमारे देश के संविधान में मानव को बहुत सारे अधिकार दिये गये हैं। मगर उन पर अमल नहीं हो पाता है। मानव अधिकारों की रक्षा के लिये बनाये गये कानून महज कागजो में सिमट कर रह जाते हैं।
मानव अधिकार वे मूल अधिकार हैं जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं। बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्त्रोत रहा है। कुछ अधिकार ऐसे होते है जो व्यक्ति को जन्मजात मिलते है। उन अधिकारों का व्यक्ति के आयु, प्रजातीय मूल, निवास-स्थान, भाषा, धर्म पर कोई असर नहीं पड़ता। भारत में 28 सितम्बर 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं। जैसे बाल मजदूरी, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार। पूरे विश्व में इस बात को अनुभव किया गया है और इसीलिए मानवीय मूल्यों की अवहेलना होने पर वे सक्रिय हो जाते हैं। इसके लिए हमारे संविधान में भी उल्लेख किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 14,15,16,17,19,20,21,23,24,39,43,45 देश में मानवाधिकारों की रक्षा करने के सुनिश्चित हैं। देश के विशाल आकार व विविधता तथा सम्प्रभुता सम्पन्न धर्म-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा, तथा एक भूतपूर्व औपनिवेशिक राष्ट्र के रूप में इसके इतिहास के परिणामस्वरूप भारत में मानवाधिकारों की परिस्थिति एक प्रकार से जटिल हो गई है।

# श्रीमदभागवत गीता है भगवान श्रीकृष्ण का हृदय

आत्माराम यादव पीव

> “महाभारत युद्धका वर्णन धृतराष्ट्र के प्रति संजय करते हैं। 'संजय'- जिसने अपनी इन्द्रियों पर, मन-बुद्धि पर सम्यक जय-संयम प्राप्त कर लिया है। संजय को दिव्यदृष्टि प्राप्त है। राजमहल में बैठे ही बैठे वे सुदूर कुरुक्षेत्र की सम्पूर्ण घटनाओं को देख रहे हैं। यह दृष्टि धृतराष्ट्र को नहीं मिली। संजय आचार्यवान हैं। महर्षि व्यास के प्रसादसे उनको दिव्यदृष्टि प्राप्त हुई है किन्तु धृतराष्ट्र के जीवनमें उचित ढंग से किसी आचार्यकी प्राप्ति नहीं होने पायी है, इसलिये न केवल संजय के समान धृतराष्ट्र को दिव्य दृष्टि की प्राप्ति नहीं हुई, अपितु उनकी बुद्धि भी आचारवर्जित है”

**श्रीमद्भगवद्गीता** भगवान श्रीकृष्ण के मुखारबिन्द की अमृतमयी वाणी है जो उनके हृदयसागर से प्रगट हुई है जिन्हें सनातन धर्म उपनिषद के रूप में स्वीकारता है ओर गीता के प्रत्येक अध्याय का प्रति श्लोक किसी भी उपनिषद से कमतर नहीं है। 'गीता' के मूलमें संस्कृतका 'गीतम्' शब्द है, परंतु 'उपनिषद्' शब्द स्त्रीलिंग होने तथा उसके अनुकरणके कारण 'गीता' शब्द बना माना जाता है। इसीलिये विभिन्न गीताओं की पुष्पिकाओं में भगवद्?गीतोपनिषद्, भगवतीगोतोपनिषद्, शिवगोतोपनिषद् इत्यादि पाया है। विभिन्न गीताओं में भगवान्? के भिन्न-भिन्न स्वरूपों की विभूतियों का भी विशद् विवरण तथा श्रोताद्वारा विस्मित होकर की गयी उनकी स्तुतियाँ भी मिलती हैं अतएव 'गीयते स्तुयते यः स गीता'- ऐसा भी कहा गया हैं। उपनिषद् को वेद के शिरोभाग होने की मान्यता है जिसमें आत्मा ओर परमात्मा की ऐक्यबोधक स्थिति है या कह सकते है कि आत्मा ओर परमात्मा दोनों एक ब्रम्ह का अनादि ज्ञान गीता से प्राप्त होता है। ज्ञान की उत्पत्ति भी ज्ञान से ही सिद्ध होती है। गीता का ज्ञान अमृततुल्य है जो मनुष्यमात्र के लिए विषम परिस्थितियों में भी संजीवनी तुल्य है। गीता में केवल कर्म, भक्ति या ज्ञान का ही प्रतिपादन है ऐसा कहना उपयुक्त नहीं है। कर्म, उपासना, ज्ञान किसी भी वस्तु को समझने, समझाने अथवा सिद्ध करने के लिये श्रीकृष्ण वचन गीता को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, इसलिए गीता प्रत्यक्ष प्रामाणिक ग्रन्थ है। वेदोंके सदृश गीता भी अपौरुषेय है। इसीसे गीता को उपनिषद् और ब्रह्मविद्या कहा गया है। गीता के रूपमें अनादि सिद्ध अद्वैत ज्ञान ही भगवद् वाणी से अभिव्यक्त हुआ है।
गीता को श्रीमदभागवत गीता कहा गया है अर्थात गीता को माँ के रूप में सर्वोच्च सम्मान मिला है। 'अम्ब त्वामनुसन्दधामि भगवद्गीते भवद्वेषिणीम्' सम्बोधन गीता को माँ के स्थान पर प्रतिष्ठित करता है ओर 'गीता मे हृदयं पार्थ 'के द्वारा श्रीकृष्ण ने गीता को अपना हृदय भी कहा है। हृदयस्थ नेह मूर्तिमान् होकर माता के रूपमें ही तो गीता प्रकट हुई है। पुत्र के पोषण, संरक्षण, संवर्धन के लिये माँ दुग्धपान कराती है।' दुग्धं गीतामृतं महत' गीता माता का दुग्ध सामान्य नहीं, अमृतमय है। अमृत भी इन्द्रिय भोग्य जड़



नहीं, भगवद् रूप से पान किया जाने वाला भगवद् रूप-चिन्मय अमृत है। यह जड़ जगत? की या देवलोक की विनश्वरता से रहित अमृत है। भगवद् रूप यह चिन्मय गीतारूपी वचन अमृत होने का प्रमाण स्यंव जगदीश्वर कृष्ण है जिनके गीता रूप में यह कृति साध्य पुस्तक के रूप में सहज ओर सरलता से प्राप्त है।
पार्थसारथि श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीतामृत का पान कराया यह अपने आप में आनंद ओर उल्लास से भरने वाली बात है। गीता के प्रत्येक अध्याय की विषयवस्तु का अनुसंधान होता रहा है ओर सदियों से कई ऋषि महर्षि ज्ञानी ध्यानी इसे समझने अपना जीवन दाव पर लगा चुके है ओर कई लगा रहे है किन्तु जो जान गया उसके लिए गीता गूंगे का गुड है ओर जो नहीं जान सका वे बेकार के गाल बजाकर अपने को सिद्ध माने हुये है । लोगोंका मत है कि गीता मुख्य रूपसे कर्म का निर्देश करती है, तो कुछ गीता को ज्ञान का प्रधान प्रतिपादक ग्रन्थ मानते हैं, निर्विवाद क्या है? वस्तुतः गीता के प्रतिपाद्य श्रीकृष्ण ही हैं, इस वातको समझनेके लिये यह प्रश्न विचारणीय है कि बड़ा कौन है? रथी पार्थ कि पार्थसारथि श्रीकृष्ण ! देखा जाये तो सारथी से बड़ा रथी होता है। परन्तु यहाँ कुरुक्षेत्र के रणक्षेत्र में ठीक इसके विपरीत बात है। यहाँ रथी (अर्जुन) बड़ा नहीं, सारधि श्रीकृष्ण बड़े हैं। यहाँ पर सारथि कृष्ण हैं। अब सरलतासे यह बात समझी जा सकती है कि गीताका मुख्य प्रतिपाद्य कर्मात्मक अर्जुन नहीं, ज्ञानात्मक परमात्मा श्रीकृष्ण हैं। गीता का स्वाध्याय करने के पहले भूमिका के रूपमें कुछ महत्त्वपूर्ण बातों पर एक विहंगम दृष्टि डाल लेना आवश्यक है। सर्वप्रथम यह समझना है कि श्रीमदभागवत गीता के रूप में जो उत्कृष्ट ज्ञान हमारे समक्ष उपस्थित है, वह कहाँ पर और कैसी परिस्थिति में प्रकट हुआ है। स्थल है कुरुक्षेत्र का। कौरव पाण्डव दोनों दलों के सैनिक अस्त्र-शस्त्रसे सुसज्जित युद्ध के लिये तत्पर हैं और साथ ही घोड़ों की हिनहिनाहट, रथों की घरघराहट, शंख-दुन्दुभि-भेरी आदि युद्धवाद्योंकी हृदयविदारक एवं गगनभेदी भयावह ध्वनि का आर्तनाद गूंज रहा है तब इस अत्यंत भयावह परिस्थिति में अर्जुन जिज्ञासा से भरा भगवान श्रीकृष्ण से यह श्रीमदभागवत गीता का ज्ञान प्राप्त कर रहा है। तत्त्वज्ञान की प्राप्ति के लिये एकांत शांति में भी मन स्थिर नहीं होता तब अर्जुन युद्ध के इस भीषण भयानक वातावरण में किस तरह अनुकूल हुआ होगा यह समझने के लिए बुद्धि काम करना बंद कर देती है। विचार कीजिये अर्जुन कि जगह अगर आप कोई भी होता ओर उन्हे श्रीकृष्ण जैसा गुरु भी मिल जाता तो स्थानकी अनुकूलता के बिना अर्जुन के समक्ष उत्पन्न धर्मसंकट कि स्थिति में आप भगवान से तत्त्वज्ञान की प्राप्ति कर सकते थे, जबाब होगा कदापि नहीं। फिर अर्जुन के समक्ष कुरुक्षेत्र, में यह सब हुआ ओर उस स्थान को दो भागों में विभक्त किया गया एक स्थान का नाम दिया 'धर्मक्षेत्रे ओर दूसरे स्थान के रूप में कुरुक्षेत्रे' कहा गया ।
कुरुक्षेत्र के लिए 'धर्मक्षेत्रे शब्द सहित दो शब्दों का विशेषण देना क्या विलक्षण बात नहीं है। दो विरुद्ध स्थितियों का संकेत देने का साहस युद्ध के मूलकारण समझे जाने वाले महाराज धृष्टराष्ट्र का विवेक ओर चतुराई भी कहा जा सकता है जिन्होने दोनों सेनाओ के योद्धाओं के लिए यह सम्बोधन श्रीमद भागवत गीता के प्रथम अध्याय के प्रथम श्लोक में ही किया ओर कौरवों अर्थात दुर्योधन के सेना के लिए कुरुक्षेत्र शब्द का प्रयोग किया अर्थत कुरुक्षेत्र में जो अधर्मनिष्ठ सेना का नायक उसका बेटा ओर सेना थी वही धर्मराज युधिष्ठिर को धर्मनिष्ठ मानकर उनके लिए धर्मक्षेत्रे शब्द कहा। देखा जाए तो कुरुवंशी तो युधिष्ठिर भी हैं, फिर भी 'कौरव' नाम दुर्योधनादि में रूढ हो गया है। दुर्योधनके पक्ष में द्रोणाचार्य, भीष्मपितामह, कर्ण जैसे महापुरुष भी हैं, इसलिये उस पक्षमें अधर्म ही अधर्म और पाण्डवोंके पक्षमें धर्म हो धर्म है, ऐसा कहता भी उपयुक्त नहीं है। धर्म दोनों ओर है। फिर भी एक अन्तर स्पष्ट है, कौरव दुर्योधनादि ने धर्म का, जो विदुर के रूपसे उनके बीच में रहते थे, कोई मूल्य नहीं किया। एक दासकी हैसियतसे ही उसकी वहाँ स्थिति है। और फिर बादमें तो उसका दुर्योधनादिके द्वारा तिरस्कार ही नहीं, सर्वथा बहिष्कार भी कर दिया जाता है।
अब युधिष्ठिर धर्मराज कि सेना में धर्मराज खुद धर्म के राजा थे ओर उनकी सेना में पूर्णा अनुशासन था तथा धर्मकी प्रेरणासे ही सम्पूर्ण कार्य हो रहे हैं। दोनों दलोंमें इस प्रकारके भेदकी स्थिति स्पष्ट है। महाभारतके प्रधान पात्र संजय, धृतराष्ट्र, युधिष्ठिर, अर्जुन और दुर्योधनादिके सम्बन्धमें कुछ और भी स्पष्ट समझ लेना है।
महाभारत युद्धका वर्णन धृतराष्ट्र के प्रति संजय करते हैं। 'संजय'- जिसने अपनी इन्द्रियों पर, मन-बुद्धि पर सम्यक जय-संयम प्राप्त कर लिया है। संजय को दिव्यदृष्टि प्राप्त है। राजमहल में बैठे ही बैठे वे सुदूर कुरुक्षेत्र की सम्पूर्ण घटनाओं को देख रहे हैं। यह दृष्टि धृतराष्ट्र को नहीं मिली। संजय आचार्यवान् हैं। महर्षि व्यास के प्रसादसे उनको दिव्यदृष्टि प्राप्त हुई है किन्तु धृतराष्ट्र के जीवनमें उचित ढंग से किसी आचार्यकी प्राप्ति नहीं होने पायी है, इसलिये न केवल संजय के समान धृतराष्ट्र को दिव्य दृष्टि की प्राप्ति नहीं हुई, अपितु उनकी बुद्धि भी आचारवर्जित है।'

## कविता

**अब चुप्पी ही बोले शायद,**

उनकी बीमारी से ज्यादा एहसास,
उनके चुपचाप रहने का था ,
खरी खरी बातें सुनाने के आदी ,
दर्द से चुप,
उनकी चुप्पी से
हम लोग असहय दर्द में थे ,
कभी रात के तीसरे पहर,
गहरी नींद के किनारे,
गुनगुनाते बोल,
नींद को और गुनगुना कर देते
मां करवट बदलकर पानी के लिए पूछती,
झिंगुरों से आती आवाजों से लगता,
गहरी रात है कहीं बाहर,
मेरे पलंग के आसपास सुबह,
दस बजे ही झांकती ,
पिताजी लानत सलामत भेजते,
आने वाली शंकाओं को जन्म देते,
और निकम्मेपन की मिसालें देते,
ताजपोशी के लिए कई
लिजलिजी उपमा परोसी जाती,
जो खिड़की के रास्ते बाहर चली जाती,
खामियांजे में मुझे तुरंत उठकर हाथ मुंह धोना पड़ता,
अम्मा मुस्कुराती चाय के लिए पतीली चढ़ाती,
ज्यादातर काढ़ा कम दूध की चाय नसीब होती,
मेरे जाहिल निकम्मेपन की और
पिताजी के बहुत पहले रिटायर होने की
परिणति

संजीव
---------

## सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा की लापरवाही

-- डॉ सत्यवान सौरभ

**भारतीय मानक** ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान अग्नि रोकथाम और आपातकालीन प्रतिक्रिया के बारे में ज्ञान फैलाने में मदद कर सकते हैं। अग्नि सुरक्षा मानकों का अनुपालन करने वाले अस्पतालों को सब्सिडी या अनुदान जैसे प्रोत्साहन प्रदान करने से बेहतर कार्यान्वयन को बढ़ावा मिल सकता है। झांसी में अस्पताल में लगी दुखद आग सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा प्रवर्तन में चल रही खामियों की एक स्पष्ट याद दिलाती है। जापान जैसे देशों में अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना, जहाँ आग से होने वाली मौतों की दर सबसे कम है, एक मार्गदर्शक प्रकाश हो सकता है। सरकार को सुरक्षित सार्वजनिक स्थान बनाने के लिए बुनियादी ढाँचे को उन्नत करने, विनियमन को बढ़ाने और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उत्तर प्रदेश के झांसी में एक अस्पताल में लगी दुखद आग, जिसमें 11 नवजात शिशुओं की जान चली गई, भारत के सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा उपायों की विफलता को उजागर करती है। राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) और अग्नि सुरक्षा और रोकथाम नियमों के बावजूद, कई अस्पताल इन विनियमों का पालन नहीं करते हैं। यह बेहतर अग्नि सुरक्षा प्रवर्तन और भविष्य में जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए बुनियादी ढांचे में महत्त्वपूर्ण उन्नयन की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है। सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने में चुनौतियाँ अग्नि सुरक्षा कार्यान्वयन में त्रुटिपूर्ण हैं। भ्रष्टाचार और अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने में उचित निगरानी की कमी के कारण कई अस्पताल निर्धारित अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करने में विफल रहते हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, कई अस्पताल विनियामक जाँच को दरकिनार कर देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप असुरक्षित संरचनाएँ बन जाती हैं जो अग्नि सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करती हैं। अपर्याप्त बुनियादी ढांचा और योजनाः अनुचित योजना और घटिया निर्माण के कारण अक्सर सार्वजनिक संस्थानों, विशेषकर अस्पतालों में आग का खतरा पैदा होता है। कोलकाता एएमआरआई अस्पताल में आग लगने की घटना (2011) ने संरचनात्मक योजना में गंभीर खामियों को उजागर किया, जैसे कि अवरुद्ध भागने के रास्ते और अपर्याप्त अग्नि निकास, जिसने बड़ी संख्या में मौतों में योगदान दिया। जागरूकता और प्रशिक्षण की कमी जैसे चिकित्सा कर्मचारी और अग्नि सुरक्षा कर्मियों को अक्सर आग की रोकथाम, आपातकालीन निकासी या अग्निशमन तकनीकों में पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित नहीं किया जाता है। मुंबई (2020) में एक कोविड -19 सुविधा में आग लगने से तैयारियों की कमी का पता चला, अस्पताल के कर्मचारी अपर्याप्त प्रशिक्षण और जागरूकता के कारण आग की आपात स्थिति को संभालने में असमर्थ थे।

## विचार

# ऐतिहासिक हैं भारत के तीन नए आपराधिक कानून

**डॉ. विपिन कुमार**

**हाल** ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में तीन आपराधिक कानूनों को देश को समर्पित किया । इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नए कानूनों के माध्यम से त्वरित न्याय की उम्मीद जताई, जो पूरी तरह से सार्थक भी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-जैसे तीन नए आपराधिक कानून हमारे समाज में गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्ग के लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए, संगठित अपराध, आतंकवाद और ऐसे अन्य अपराधों पर भी कड़ा प्रहार करते हैं। इन प्रयासों से हमें अपने कानूनी व्यवस्था को आजादी के अमृतकाल में अधिक प्रासंगिक और सहानुभूतिपूर्वक प्रेरित करने के लिए पुनर्भाषित करते हैं। इन कानूनों को मूर्त रूप देने में केन्द्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह की भूमिका भी उल्लेखनीय रही है।कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी मोदी सरकार द्वारा लाए गए इन कानूनों का विरोध करते हैं और यह दलील देते हैं कि इससे देश में तानाशाह की प्रवृत्ति बढ़ेगी। लेकिन, मैं उनके इन दलीलों को पूरी तरह से हास्यास्पद मानता हूं। क्योंकि, यदि आप भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली के इतिहास को देखें, तो पाएंगे कि पुराने कानून औपनिवेशिक न्यायशास्त्र की प्रतिकृति हैं, जिन्हें पूरे देश पर शासन करने के लिए बनाया गया था, न कि हमारे देश की नागरिकों की सेवा के लिए। इसी भाव-शून्?यता के कारण ये कानून आमजनों के उत्पीड़न और शोषण का उपक्रम बन गए, जिनका उद्देश्य वास्तव में निदोर्षों के अधिकारों की रक्षा और दोषियों को दंडित करना होना चाहिए था। इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लाए गये नए कानून निश्चित रूप से उपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं। सार्वजनिक सेवा और जनकल्याणकारी कानूनों से एक नए युग की शुरूआत हुई है। हमें याद रखना होगा कि न्याय में देरी केवल लोगों को हताश-निराश ही नहीं करती, बल्कि किसी न किसी स्तर पर देश के विकास की गति को भी बाधित करती है। इसके अतिरिक्त देश की छवि को भी खराब करने का काम करती है। जब समय पर न्याय नहीं मिलता तो कानून एवं व्यवस्था का आदर न करने और उसके उल्लंघन के आदी लोगों का दुस्साहस बढ़ता है। तीनों आपराधिक कानूनों पर अमल से एक ओर जहां 60 दिन के अंदर आरोप तय किए जाएंगे, वहीं दूसरी ओर सुनवाई पूरी होने के 45 दिन के अंदर फैसला सुनाना आवश्यक होगा।आंकड़े बताते हैं कि भारत के न्यायिक व्यवस्था में 3.5 करोड़ से भी अधिक लंबित मामले हैं और यहां विचाराधीन कैदियों की संख्या 77 फीसदी है, जो दोषियों की संख्या से तीन गुना अधिक है। वहीं, भ्रष्टाचार, अत्यधिक काम का बोझ और पुलिस की जवाबदेही तीव्र और पारदर्शी न्याय व्यवस्था को कायम करने की दिशा में एक बड़ी बाधा है। ऐसे में, मोदी विरोधी इस बात को समझें कि नियमों में बदलाव समय की मांग थी। सरकार के इन प्रयासों से निश्चित रूप से हमारे न्याय प्रणाली में अपेक्षित सुधारों को सुनिश्चित करते हुए, न्यायालयों को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। देश में न्यायिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों द्वारा भी बारंबार आग्रह किया गया है। क्योंकि, आजादी के बाद न्यायालय की स्वतंत्रता को ध्यान में रखते हुए, ऐसे सुधारों को लागू नहीं किया जा सका है। लेकिन, मोदी सरकार ने हमें 10 वर्षों के दौरान हमें एक नई उम्मीद दी है।कानून के जानकार इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि ह्यन्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान हैह्न और भारतीय संदर्भ में यह बात पूरी तरह से चरितार्थ होती है। यह कोई छिपाने वाली बात नहीं है कि लंबित मामले और विचाराधीन कैदियों की अत्यधिक संख्या हमारे समाज में अन्याय की भावना को जन्म देता है। हमने अखबारों की सुर्खियों में ऐसा कई बार पढ़ा है कि किसी मामले में न्यायालय जब तक अपना फैसला सुनाता है कि आरोपित की मृत्यु हो चुकी होती है। वहीं, कई बार ऐसी स्थिति भी होती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# हिन्दुओं को इग्नोर करने वाले नेताओं को बदलनी होगी अपनी सोच

**संजय सक्सेना**

**बांग्लादेश में** हिंदुओं, बौद्ध सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को जलाया व मारा जा रहा है। उनकी संपत्तियां लूटी जा रही हैं। माताओं व बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मंजर ऐसा है कि किसी की भी रूह कांप जाये। बांग्लादेश में जो हो रहा है उसके सामने यूपी के संभल में जो कुछ हुआ कोई मायने नहीं रखता है। हाल में बहराइच में हुई हिंसा भी बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार के सामने काफी छोटी नजर आती है। क्योकि संभल हो या बहराइच की हिंसा दोनों ही को विपक्ष कुछ ज्यादा ही बढ़ा-चढ़ाकर हंगामा खड़ा कर रखा है। संभल और बहराइच पर जितना बवाल गांधी परिवार और अखिलेश यादव मचा रहे हैं उतनी ही चुप्पी वह बांग्लादेश में हिन्दुओं और दलितों के साथ हो रहे खून खराबे को लेकर साधे हुए हैं। अखिलेश के पीडीए में पिछड़ा-दलित और अल्पसंख्यकों की बात जरूर की जाती है,लेकिन हकीकीत यही है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुस्लिम वोट बैंक के आगे किसी को तरजीह नहीं देते हैं। अखिलेश दलितों और पिछड़ों की बात सिर्फ इस वर्ग के वोटरों को गुमराह करने के लिये करते हैं। इसी तरह से दलितों और पिछड़ों को इंसाफ दिलाने के लिये कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और उनकी टीम जातिगत जनगणना कराये जाने के लिये हाय-तौबा तो करती है,लेकिन उनका भी इससे कोई लेनादेना नहीं है। उनको भी सिर्फ मुस्लिम वोट बैंक नजर आता है।
दरअसल,समाजवादी पार्टी और कांग्रेस दोनों ही मुस्लिम वोट बैंक पर कब्जेदारी के चक्कर में एक-दूसरे के साथ-साथ(इंडिया गठबंधन में शामिल दोनों दल) होते हुए भी सियासी दुश्मन बनते जा रहे हैं।
मुस्लिम वोट बैंक की खातिर यूपी में राहुल गांधी सपा प्रमुख की कंधे पर चढ़कर उनकी पीठ में छूरा भोंकने की कोशिश कर रहे हैं तो अखिलेश यादव जिन्होंने भी नेताजी मुलायम सिंह के बाद मुस्लिम वोटरों को अपने जाल में फांस रखा है वह मुस्लिम वोटरों पर अपनी पकड़ कतई ढीली करने को तैयार नहीं है। इसी के चलते यूपी में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की राह जुदा होती जा रही है। इसी साल हुए लोकसभा चुनाव की बात हो या फिर हाल में सम्पन्न नौ विधान सभा सीटों की।

## चाणक्य बने या चुनौतियों से घिरे डॉ. मोहन यादव

**पवन वर्मा**

**समय,** काल, परिस्थिति पर किसी का वश नहीं चलता, ठीक एक साल पहले यानि दिसंबर के शुरूआती दिनों में मध्य प्रदेश की राजनीति में शिवराज सिंह चौहान सबसे बड़ा नाम हुआ करते थे मध्यप्रदेश की पूरी राजनीति उनके आसपास ही सिमटी हुई थी, लेकिन उसी दिसंबर में वक्त बदला भाजपा के विधायक दल की बैठक शुरू होने से पहले मोहन यादव पांचवी पंक्ति में बैठे थे, चंद मिनट बाद वे प्रथम पंक्ति के सबसे अहम किरदार हो गए। इस वक्त मध्य प्रदेश भाजपा की राजनीति में शिवराज सिंह चौहान के कद के समान कोई दूसरा नेता नहीं था। मुख्यमंत्री की दौड़ में शिवराज सिंह चौहान के साथ कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल जैसे दिग्गजों के नाम थे। इन सबके बावजूद मोहन यादव को मुख्यमंत्री का ताज दिया गया। मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनते ही उनके सामने कई चुनौतियां थी। जिसमें सबसे पहली चुनौती अपने काम के बल पर सफलता की नई कहानी लिखने की थी। तो दूसरी तरफ चाणक्य बनकर राजनीति की आड़ी तिरछी चालों से मुकाबला करना था।
अब इस दिसंबर में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इस पद पर बने हुए एक साल हो रहा है। इस एक साल में उनके खाते में उपलब्धियां खूब आई तो राजनीति की चालों में वे विरोधियों के साथ साथ अपनों के निशाने पर भी रहे और उनके वार भी झेलते रहे। वहीं अपनी कूटनीति और रणनीति से वे प्रदेश भाजपा के कई मजबूत नेताओं को एक निश्चित दायरे में सीमित करने में भी सफल रहे। विरोधाभास यह भी कि कई फैसलों में दिल्ली ताकतवर नजर आई तो कई फैसलों में अफसरशाही हावी दिखाई दी। डॉ. मोहन यादव ने जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, तब उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती मध्य प्रदेश भाजपा के ताकतवर नेताओं के कद्दावर कद के बीच में स्वयं को स्थापित करने की थी।
सबसे पहले उनके सामने चुनौती तब आई जब उनके मंत्रिमंडल में कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल जैसे राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय मध्य प्रदेश के दिग्गज और वरिष्ठ नेताओं को मंत्री बना दिया गया।

## न्यूज फ्लैश

### ड्यूरोप्लाई ने अपने वुड प्रोडक्ट्स पर दीमक और कीड़ों से जीवनभर के लिए सुरक्षा पेश की

**नई दिल्ली।** ड्यूरोप्लाई, जो भारत के अग्रणी और भरोसेमंद प्लाईवुड निमार्ताओं में से एक है, ने अपने वुड प्रोडक्ट्स जैसे प्लाईवुड, वीनियर, दरवाजे और ब्लॉकबोर्ड पर दीमक और कीड़ों के संक्रमण से जीवनभर के लिए सुरक्षा की गारंटी की पेशकश की है। ड्यूरोप्लाई ने 2016 से ही यह अनूठी गारंटी देकर इंडस्ट्री में नई मिसाल कायम की थी। यह कंपनी अपने ग्राहकों की जरूरतों को समझते हुए ऐसे प्रोडक्ट बनाती है, जो सिर्फ मजबूत और टिकाऊ ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों तक भरोसेमंद बने रहते हैं। यह लाइफटाइम गारंटी ड्यूरोप्लाई के उत्पादों की उच्च गुणवत्ता और स्थायित्व को सुनिश्चित करती है। साथ ही, यह घर के मालिकों, वास्तुकारों और इंटीरियर डिजाइनरों के बीच ड्यूरोप्लाई को एक भरोसेमंद ब्रांड के रूप में और अधिक मजबूती से स्थापित करती है। ड्यूरोप्लाई के एमडी और सीईओ, अखिलेश चितलंगिया ने कहा, "हमने हमेशा अपने ग्राहकों के लिए ऐसी गुणवत्ता पेश करने पर जोर दिया है जो हर बार बेहतर हो। ड्यूरोप्लाई इंडस्ट्री में पहली ऐसी कंपनी है जिसने दीमक और कीट प्रूफ प्लाईवुड पर लाइफटाइम गारंटी देने का कदम उठाया। यह न केवल हमारी गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि ग्राहकों को स्थायित्व और भरोसे का अनुभव भी देता है। छह दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, हम लगातार ऐसे उत्पाद और तकनीक लेकर आते हैं जो उद्योग के लिए बेंचमार्क बन जाते हैं।" ड्यूरोप्लाई अपने उत्पादों को दीमक और कीटों से सुरक्षित बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करता है। कंपनी कोर ट्रीटमेंट और 5ल्ळ टेक्नोलॉजी के साथ ग्लू लाइन ट्रीटमेंट के जरिए अपने प्लाईवुड में सुरक्षा की अतिरिक्त परतें जोड़ती है। खास रसायनों से कोर ट्रीटमेंट न केवल सतह पर, बल्कि प्लाईवुड की हर परत के अंदर तक लागू होता है, जिससे दीमक या कीड़े अंदर प्रवेश नहीं कर पाते।

### नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा शुरू किए गए नवीन संकल्प शिविरों में लोग उठा रहे हैं लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

कुरुक्षेत्र/लाडवा : नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सौजन्य से कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में लगाए जाने वाले नवीन संकल्प शिविरों में लोग लाभांवित हो रहे हैं। सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरंभ किए जाने वाले इन नवीन संकल्प शिविरों में क्षेत्र की जनता को उनके गांवों में सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। सांसद नवीन जिन्दल के कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि नवीन संकल्प शिविर सांसद नवीन जिन्दल ने जनसेवा की भावना से ही आरंभ किए हैं। इन नवीन संकल्प शिविरों में लोगों की हर प्रकार की संभव मदद की जा रही है। आधार, पेंशन, परिवार पहचान पत्र और अन्य दस्तावेजों में संशोधन के लिए नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम सेवा-भाव से कार्य कर रही है। इस कार्य को शत-प्रतिशत उपयोगी बनाने के लिए जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों का सहयोग लिया जा रहा है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम के सदस्य अखिल मेनन ने बताया कि नवीन संकल्प शिविरों की इसी श्रृंखला में 10 दिसम्बर को कुरूक्षेत्र के लाडवा हल्के के गांव समानी के पंचायत भवन में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक और सोढी के गुरूद्वारा साहिब में दोपहर बाद 2 बजे से 4.30 बजे तक नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन किया जाऐगा। इन दोनों शिविरों में ग्रामीण कागजात संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान करवा सकते हैं। इसी मौके पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल युनिट में स्वास्थ्य लाभ और नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### 15 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे का नाम जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज करवाने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम आयुक्त** डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि हरियाणा जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रेशन नियम 2002 के अनुसार बच्चे के जन्म रिकॉर्ड के खाली कॉलम में बच्चे का नमा दर्ज करवाने की समय अवधि 15 वर्ष है। परंतु हरियाणा सरकार द्वारा 15 वर्ष से ऊपर के जन्म रिकॉर्ड में बच्चे का नाम दर्ज करने की छूट जारी है, जिसकी अंतिम तिथि आगामी 31 दिसंबर है। उन्होंने बताया कि जिन अभिभावकों के बच्चे 15 वर्ष से ऊपर है।

# गीता जयंती के दिन उज्जैन व भोपाल में 5 हजार भक्तजन गीता पाठ कर बनाऐंगे विश्व रिकॉड: मोहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : मध्य प्रदेश के** मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि गीता जयंती के पावन पर्व 11 दिसंबर को उज्जैन व भोपाल में 5 हजार कृष्ण भक्त एक साथ गीता पाठ करके विश्व रिकॉड बनाऐंगे। इस गीता पाठ के साथ अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र के साथ भी ऑनलाइन प्रणाली से जुडकर पूरे विश्व तक पवित्र ग्रंथ गीता के 18 अध्यायों के साथ जोडे का अनूठा प्रयास होगा। इस महोत्सव में मध्य प्रदेश को सहयोगी राज्य के रुप में जोडे के लिए हरियाणा सरकार से इच्छा भी जाहिर की है।एमपी के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव सोमवार को ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के संत सम्मेलन में




बोल रहे थे। उन्होंने गीता स्थली कुरुक्षेत्र को पुण्य और पवित्र भूमि को नमन करते हुए कहा कि पूरी दुनिया के लोग पवित्र ग्रंथ गीता के प्रकाश से ज्ञान अर्जित कर रहे है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन उपदेशों की ताकत से ही दुनिया के कोने-कोने तक पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को पहुंचाने का काम किया। इस ग्रंथ के प्रकाश को जन-जन तक पहुंचाने में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद की भूमिका को कभी भूलाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने 5 हजार वर्ष पूर्व कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर अर्जुन को मोह से मुक्ति दिलाने के लिए गीता के उपदेश दिए। इन उपदेशों से पूरे विश्व को शिक्षा, ज्ञान और संस्कार प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गुरुकुल परंपरा को धरातल पर लागू किया जा रहा है और पाठ्यक्रम में भी पवित्र ग्रंथ के उपदेशों को शामिल किया जा रहा है। इससे देश की भावी पीढ़ी को देश की संस्कृति और संस्कारों से रुबरु होने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश के नगर निगमों, नगर पालिकाओं में सरकार की तरफ से गीता भवन बनाने के लिए बजट जारी किया है। हर यूएलबी में टाउन हॉल के साथ गीता भवन का निर्माण होने से समाज में एक नया परिवर्तन आएगा। इसके साथ ही मध्यप्रदेश में उज्जैन से मथुरा तक कृष्ण पथ की योजना तैयार की गई है। इस योजना के तहत इस पथ पर तीर्थ स्थल विकसित किए जाएंगे और भगवान श्रीकृष्ण की 64 कलाओं और 14 विद्याओं को लेकर भी कृष्ण संग्रहालय का निर्माण किया जाएगा।

## सुमन सैनी ने पानीपत में जाने वाली बसों को दिखाई हरी झंडी




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्र : मुख्यमंत्री की** धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में कोई अन्तर नहीं हैं। प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सोमवार को उमरी चौंक पर पानीपत में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जाने वाली बहनों के साथ बस में बैठकर बातचीत कर रही थी। इससे पहले सुमन सैनी ने उमरी चौंक से कार्यक्रम में जाने वाली बसों को हरी झंडी देकर पानीपत के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में नॉन स्टॉप विकास कार्य हो रहे हैं। प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी हैं, विकास कार्यो की गति को और तेज गति के साथ आगे बढाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पानीपत से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिला शक्तिकरण व वित्तीय समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप बीमा सखी योजना का शुभारम्भ कर रहें हैं।

### 5100 महिलाओं ने किया मंगलाचरण

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** लोकगीतों एवं हरियाणवी भाषा पंजाबी भाषा पूर्वांचली भाषा अवधी भाषा में मोदी का स्वागत पानीपत में इस तरीके से किया गया कि पानीपत नगर की महिला शक्ति आज सडकों पर उतरकर पीएम मोदी का अभिनंदन कर रही हों। उक्त बात मोदी मिलन मंगलाचरण पदयात्रा के संयोजक जिला प्रवक्ता बीजेपी पं.वेद पाराशर ने कही। महिलाएं से यमुना एक्लेव के कम्युनिटी सेंटर के गेट पर आती थी को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तिलक लगाने के बाद महिलाओं ने मोदी के लिए मंगल गीत गाने शुरू कर दिए साथ ही एक दूसरे के साथ सेल्फी मोदी जी की फोटो के साथ भी सेल्फी लेनी प्रारंभ कर दी गई।

## हरियाणा से जल संरक्षण पर निकलेगा समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

समस्याओं के समाधान के साथ ही आगे बढ़ा जा सकता है। नवाचार से ही जीवन को सुगम बनाया जा सकता है। इसी सोच के साथ शुरू हुआ स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में एक बार फिर से पूरे देश के युवा एकजुट होने जा रहे हैं। देश के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समस्याओं पर छात्र-छात्राओं की टीम अपने समाधान देंगी। प्रोजेक्ट बनाएंगी। हरियाणा को जल संरक्षण का मुद्दा दिया गया है, पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) को लगातार चौथी पर नोडल सेंटर बनाया गया है। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने




बताया कि 11 दिसंबर को स्मार्ट इंडिया का शुभारंभ होगा। देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान वर्चुअली माध्यम से उद्घाटन करेंगे। इसके अगले दिन हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा छात्र-छात्राओं से मुलाकात करेंगे। उनके प्रोजेक्ट पर चर्चा करेंगे। 15 दिसंबर को परिणाम घोषित होगा। एसआइएच में देश के अलग-अलग राज्यों से 30 टीमें आ रही हैं। प्रत्येक टीम में छह सदस्य और दो संरक्षक हैं। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने बताया कि स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआइएच) का 7वां संस्करण 11 दिसंबर, 2024 को देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा। इसका उद्देश्य छात्रों को दैनिक जीवन में आने वाली कुछ गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए मंच प्रदान करके उत्पाद नवाचार और समस्या-समाधान मानसिकता की संस्कृति को विकसित करना है। पिछले संस्करणों की तरह, छात्र दल मंत्रालयों/विभागों/उद्योगों द्वारा दिए गए समस्या सुझावों पर काम करेंगे या 17 विषयों में से किसी पर भी छात्र नवाचार श्रेणी में अपना विचार प्रस्तुत करेंगे। एसआइएच 2024 के लिए 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों और उद्योगों द्वारा 250 से अधिक समस्याओं के बारे में विचार प्रस्तुत किए गए हैं। इस वर्ष संस्थान स्तर पर आंतरिक हैकथॉन में 240 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई।

### गीता में जीवन जीने का सार: पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**जिला प्रशासन और सूचना** जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग के सौजन्य से स्थानीय शिवाजी के प्रांगण में सोमवार को हवन एवं मंत्रोच्चारण के साथ 3 दिवसीय जिला स्तरीय गीता महोत्सव प्रारंभ हुआ।
कार्यक्रम में पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। गीता महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह हम सब के लिए ऐतिहासिक अवसर है। इस सुंदर और भव्य आयोजन में पहुंचे लोगों को उन्होंने बधाईयां व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गीता जयंती महोत्सव के इस ऐतिहासिक अवसर को भुलाया नहीं जा सकता। हजारों साल पहले कुरुक्षेत्र की भूमि पर भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था। यह गीता ज्ञान उस वक्त जितना उपयोगी था, आज भी उतना ही उपयोगी है। उन्होंने विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।
शुगर मिल के प्रबंध निदेशक मनदीप कुमार ने ने कहा कि गीता महोत्सव उस वक्त जितना उपयोगी था।

## भारत में बढ़ रही कुश्ती खेल में लोकप्रियता: सुमित नरवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कुश्ती खेल को** बढ़ावा देने के जिला के गांव चिढाव में स्वर्गीय चौधरी जयपाल नरवाल की याद में टीम सुमित नरवाल द्वारा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर 14 व अंडर 17 की आयु वर्ग के पहलवानों ने बढ़-चढकर भाग लिया। कार्यक्रम में उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर सुरेंद्र गुप्ता एमडी डुनार फूड्स एवं मुख्य अतिथि के तौर पर कविन्दर राणा, योगेन्द्र राणा, सोहन सिंह राणा ने शिरकत की। इस मौके पर



50 गांवों से आए मेहमानों को शॉल से सम्मानित किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता के आयोजक सुमित नरवाल ने उपस्थित सभी सम्मानित लोगों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कुश्ती दुनिया का सबसे पुराना खेल है और कुश्ती की शुरूआत एक व्यायाम के रूप में हुई, जिसमें पुरुषों को फिट रखने के लिए कुश्ती शुरू हुई। यह शाही परिवारों के लिए मनोरंजन का एक जरिया था, लेकिन अब यह एक पेशेवर खेल के रूप में उभरा है, जो भारत को अंतरराष्ट्रीय शोहरत दिला रहा है। एक खेल के रूप में पिछले एक दशक से भारत में लगातार कुश्ती की लोकप्रियता बढ़ रही है। उनका कुश्ती प्रतियोगिता को करवाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को इस खेल के प्रति प्रेरित करना है। कुश्ती प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप अंडर 14 के 35 किलोग्राम वर्ग में रुपेश सोनीपत प्रथम, विराट गगसीना करनाल द्वितीय, जयंत करनाल तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार इसी वर्ग के 45 किलोग्राम वर्ग में रोहित सोनीपत प्रथम, सोहम सोनीपत द्वितीय एवं अक्षय मंगलौरा तीसरे स्थान पर, 55 किलोग्राम वर्ग में रजत सोनीपत प्रथम, सुजान करनाल द्वितीय तथा विराज मंगलौरा तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 17 आयु के 45 किलोग्राम वर्ग में समीर करनाल प्रथम, चिराग सोनीपत द्वितीय मोहित सोनीपत तीसरे स्थान पर 50 किलोग्राम वर्ग में आर्यन सोनीपत प्रथम, मनदीप गगसीना द्वितीय, कमल बडौता तीसरे स्थान पर, 55 किलोग्राम वर्ग में गौरव मंगलौरा प्रथम, अभिषेक खेड़ी गुलजार द्वितीय, दीपांशु गौल्ली तीसरे स्थान पर, 60 किलोग्राम वजन वर्ग में तुषार सोनीपत प्रथम, पीयूष मंगलौरा द्वितीय एवं रचित पट्टी कल्याणा तीसरे स्थान पर रहे।

## दिव्यांगजनों के लिए हुआ मूल्यांकन शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला रेडक्रॉस** सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष उत्तम सिंह के मार्गदर्शन और भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम तथा जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांगजनों को बैटरी से चलने वाली तिपहिया साइकिल, व्हीलचेयर, स्वर्ण यंत्र, कृत्रिम अंग, उपकरण इत्यादि उपलब्ध करवाने के लिए आज यहां रेड क्रॉस सोसाइटी कार्यालय में



मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में 65 दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा बैटरी से चलने वाली तिपहिया साइकिल, व्हीलचेयर, स्वर्ण यंत्र, कृत्रिम अंग, उपकरण इत्यादि लेने के लिए फॉर्म भरे गए। यह मूल्यांकन शिविर 10 दिसंबर को भी लगाया जाएगा। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जो लोग आज शिविर में नहीं पहुंच पाए, वह कृपया कल भी शिविर में पहुंचकर अपना मूल्यांकन करवा सकते हैं।

## योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा प्रदर्शनी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा योग आयोग** के तत्वाधान में जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. सुदेश जाटियान के मार्गदर्शन में आयुष विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा पांच दिवसीय योग ध्यान शिविर, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा प्रदर्शनी का आयोजन दिनाक 7 दिसंबर 2024 से 11 दिसम्बर 2024 तक मैडिटेशन हाल ब्रहमसरोवर कुरुक्षेत्र में सुबह 6:30 बजे से 8 बजे तक एवं सुबह 11 बजे से 12 बजे तक किया जा रहा है। सोमवार को हरियाणा योग आयोग के सौजन्य से तथा आयुष विभाग कुरुक्षेत्र के सहयोग से आयुष यूनिर्वसिटि, पतंजलि योग समिति



एवं महिला पतंजलि योग समिति द्वारा गीता जयंती पर चल रहे योग ध्यान शिविर के तीसरे दिन का हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा0 जयदीप आर्य, मुख्य अतिथि कुलसचिव आयुष युनिर्वसिटी डा. कृष्ण जाटियान, योग ध्यान शिविर की नोडल अधिकारी डा0 सुदेश जाटियान तथा वरिष्ठ अतिथि डा0 दिनेश राणा जी द्वारा महर्षि पतंजली जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित होकर सभी योग साधकों को अपना आशीर्वाद दिया तथा कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को गीता और योग के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा हर वर्ष इस प्रकार के योग ध्यान शिविर, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है जिसमें पंतजली योग समिति, महिला योग समिति, आयुष विभाग कुरुक्षेत्र एवं अन्य योग संस्थाओं द्वारा बढ़चढ़ कर भाग लिया जाता है। इस कार्यक्रम में डा. जयदीप आर्य द्वारा गणमान्य व्यक्तियों एवं उपस्थित जनसमूह को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। गणमान्य व्यक्तियों द्वारा कार्यक्रम के दौरान योग विषय पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। डा. जयदीप आर्य, डा. कृष्ण जाटियान तथा डा. सुदेश जाटियान द्वारा योग डेमोस्ट्रेशन करने वाले बच्चों पुरस्कार देकर एवं गणमान्य व्यक्तियों को इस अवसर पर पट्का देकर सम्मानित किया गया। ध्यान योग शिविर के दौरान हरियाणा योग आयोग के रजिस्ट्रार डा. राजकुमार, पूर्व रजिस्ट्रार डा. हरिशचन्द्र एवं हरियाणा योग आयोग के सदस्य, डा. मनीष कुकरेजा, महिला पंतजलि योग समिति से श्रीमति निरुपमा भट्टी, आयुष विभाग से चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, योग सहायक एवं समितियों के साधक उपस्थित रहें। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि प्रतिदिन योग एवं प्राणायाम करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती हैं।

## गीता के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में मनीषी का अहम योगदान: गुलाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : पंजाब के** राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद का अहम योगदान है। इन्ही के प्रयासों से ही आज सरकार के माध्यम से विदेशों में भी गीता महोत्सव के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विश्व की हर समस्या का समाधान पवित्र ग्रंथ गीता में निहित है। इस पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश आज भी पूरी तरह प्रासंगिक है। इन उपदेशों को आज हर व्यक्ति को अपने जीवन में धारण करने की जरुरत है। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया सोमवार को गीता ज्ञान संस्थानम में जीओ गीता म्यूजियम का अवलोकन



करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। इससे पहले राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गीता ज्ञान संस्थानम के जीओ गीता म्यूजियम का अवलोकन किया और कृपा बिहारी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के उपरांत गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज का आशीर्वाद लिया। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि गीता के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने और इस ग्रंथ को विश्व स्तर पर पहचान करवाने का श्रेय भी गीता मनीषी को ही जाता है। गीता मनीषी गौ माता और गीता के लिए हमेशा प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। उनके इस मिशन में जो लोग सहयोग दे रहे हैं वह भी साधुवाद के पात्र हैं। गीता जीवन जीने का आध्यात्मिक ग्रंथ है और कैसे जीया जाए और गीता में वेदों का ज्ञान है। भगवान ने चार वेद चार ऋषियों के माध्यम से बनाए और फिर वेदों का ज्ञान उपनिषदों में आया और यही ज्ञान गीता में हैं। गीता हमें कर्म करने का संदेश देती है।मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि गीता में कहा गया है कि कर्म करो लेकिन इसमें लिप्त नहीं होना चाहिए। गीता भारतीय दर्शन की जीवन पद्धति है। भगवान कृष्ण का जीवन चिन्तन है। गीता में जीवन की हर समस्या का समाधान है।
गीता हमें मृत्यु के भय से मुक्ति दिलाती है। जो अनुकूलता है, वहीं सुख है और जो अनुकूल न आए वह दुख है। गीता भारतीय परपंराओं का अदभूत ग्रंथ है। पवित्र ग्रंथ गीता किसी एक धर्म की नहीं बल्कि समस्त मानव जाति को जीने की कला सिखाती है। इस ग्रंथ को घर-घर में पढ़ा जाना चाहिए, क्योंकि जीवन की सभी समस्याओं का समाधान गीता में है। गीता मनीषी देश का गौरव है और इनका आशीर्वाद हमेशा हमारे साथ रहा है। इस मौके पर उपायुक्त नेहा सिंह, एसपी वरुण सिंगला, 48 कोस तीर्थ निगरानी समिति के चेयरमैन मदन मोहन छाबडा, संस्थानम के प्रधान मंगत राम जिन्दल, ब्रहमचारी शक्ति जी, केशव, राजेंद्र चौपड़ा, गीता महोत्सव प्राधिकरण के सदस्य विजय नरूला, हंसराज सिंगला, अशोक अरोड़ा, रमाकांत, मुनीष सिंधवानी, संस्थानम के मीडिया प्रभारी रामपाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## डीएलएसए का महोत्सव में स्थापित स्टॉल नंबर 52-53 दे रहा है कानूनी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला एवं सत्र** न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सीजेएम एवं सचिव नितिन राज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर स्टॉल नंबर 52-53 लगाई है। जिसके तहत आमजन को पैनल अधिवक्ता द्वारा कानूनी जागरुकता के बारे में बताया जा रहा है और साथ ही उन्हें बुकलेटस और पैंपलेटस देकर जागरुक किया जा रहा है। जिसके तहत विजेताओं को



डीएलएसए के सीजेएम द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जा रहा है। साथ ही निबंध प्रतियोगिता भी रखी गई है। जिसके तहत विद्यार्थियों को विषय दिया जा रहा है जिस पर वो निबंध भी लिख सकते हैं, या चित्र बनाकर भी वो विषय को परिभाषित कर सकते हैं। स्टॉल पर एक सैल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। जिस पर लोग सैल्फी भी ले सकते हैं। स्टॉल पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### नॉन स्टॉप सुपरफास्ट गाड़ी, खाटू से पहले कोई न हो सवारी, भजनरुपी ट्रेन में सवार हुए श्यामप्रेमी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : श्याम जगत की अग्रणी संस्था समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा रविवार रात्रि शास्त्री नगर पार्क में 538वां भव्य श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। संकीर्तन के आयोजक हरिचंद शाक्य परिवार ने श्री श्याम पूजन में हिस्सा लिया। इस संकीर्तन में बड़ी संख्या में पहुंचे श्यामप्रेमियों ने दरबार में शीश झुकाकर जयकारे लगाए। कार्यक्रम में गायक गायक गौरव शान,कुमार जगत और राघव पसरिजा ने श्याम जी के मधुर भजन सुनाए। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने श्याम गाथा में बताया कि हारे के सहारे के नाम से विख्यात श्याम प्रभु का गुणगान समस्त भारत सहित पूरे विश्व में हो रहा है। खाटूनगरी में श्याम जी के दर्शन करने वाले प्रेमियों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। हाथों में झंडे लिए श्यामप्रेमियों के काफिले घंटों लाइनों में लगकर श्याम जी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और श्याम जी की मात्र झलक देखने से ही भक्तों के कार्य संवर जाते हैं। गणेश वंदना से आरंभ हुए संकीर्तन में जिसकी चौखट पे झुकता ये संसार है उसकी चौखट के हम तो सेवादार हैं...., जाके सिर पे हाथ म्हारे श्याम धनी को होवै है म्हारो बाल भी बांको न होवै है...., सांवरिया ले चल परली पार इत्यादि भजन सुनाए गए। संकीर्तन में सुनाए गए विशेष भजन नॉन स्टॉप सुपरफास्ट गाड़ी खाटू से पहले कोई न हो सवारी... पर श्यामप्रेमी मानसिक ट्रेन में सवार होकर खाटू नगरी श्याम दरबार पहुंच गए। श्याम आरती में अरुण गोयल,पंकज सिंगला,अनिल मित्तल,वरुण गुप्ता,बहादुर चंद शाक्य,संजय चौधरी,सुनील भटनागर,नमन,पप्पू चौधरी,प्रेम प्रकाश शाक्य,गौरव गुप्ता,मनोज गुप्ता,हरविंदर सिंह,योगेन्द्र अग्रवाल,रजत तायल,अजय गुप्ता,कविता गोयल,मीनू गोयल,रेणु सिंगला,ऋतु मंगल,कुसुमलता,किरण बाला,मंजू अरोड़ा व सोनिया गुप्ता सहित अन्य श्यामप्रेमी शामिल रहे।

### हरियाणा महिला विकास निगम का स्टॉल कर रहा है घरेलू उत्पादों की बिक्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश के विभिन्न प्रदेशों से आए शिल्पकारों एवं विभिन्न प्रकार के व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों ने शिल्प व सरस मेला में विभिन्न प्रकार के सामान के स्टॉल लगाए हुए हैं। वहीं गीता महोत्सव में हरियाणा महिला विकास निगम की ओर संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्टॉल लगाए गए है, जिसमें ऊनी वस्त्र, सजावटी सामान सहित लकडी के बने घरेलू उत्पाद रखे गए हैं।

# हरियाणा पैवेलियन हरियाणा की समृद्ध संस्कृति का प्रतीक : धनखड़

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने किया हरियाणा पैवेलियन का अवलोकन

**पहचान**

▶▶ हरियाणा की लोक कला एवं सांस्कृतिक विरासत की आज पूरे विश्व में विशेष पहचान है



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** अंतराष्ट्रराष्ट्रीय गीता जयन्ती महोत्सव में हरियाणा पैवेलियन का अवलोकन करने पहुंचे भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हरियाणा पैवेलियन हरियाणा की लोक कला एवं समृद्ध संस्कृति का प्रतीक है। हरियाणा की लोक कला एवं सांस्कृतिक विरासत की आज पूरे विश्व में विशेष पहचान है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हरियाणा पैवेलियन में रखे कृषि उपकरणों एवं ग्रामीण वस्तुओं को देखकर अभिभूत हुए। इस अवसर पर पैवेलियन में पहुंचने पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी धर्मपत्नी सुदेश धनखड़, हरियाणा के राज्यपाल व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पुष्पगुच्छ देकर एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने हरियाणा पैवेलियन की सराहना की तथा कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा को बधाई देते हुए कि हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण में केयू अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति एवं किसान की मेहनत का प्रतीक हल को स्मृति चिह्न स्वरूप भेंट किया। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव भारतीय संस्कृति का समृद्ध संगम है जहां राज्यों के लोक कलाकारों को अपनी समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करने का सुअवसर मिला है। इस अवसर पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, प्रो. अनिल गुप्ता, डॉ. ज्ञान चहल, धरोहर क्यूरेटर डॉ. कुलदीप सिंह आर्या मौजूद रहे।

**हरियाणवी संस्कृति को देख अभिभूत हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़**

हरियाणा पैवेलियन में पहुंचने पर भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हरियाणा की ग्रामीण संस्कृति को देखकर अभिभूत हो गए। इस अवसर पर उन्होंने ओखली में बाजरा कूटते हुए कहा कि हरियाणा पैवेलियन हरियाणवी ग्राम्य संस्कृति की पहचान का विशेष केन्द्र है। उन्होंने युवा पीढ़ी को हरियाणा की संस्कृति को जानने व जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति की धर्मपत्नी सुदेश धनखड़ ने भी हाथ से परंपरागत आटा चक्की चलाई। इस अवसर पर उन्होंने पैवेलियन में सभी स्टाल का बारीकी से अवलोकन किया।

# रक्तदान शिविर में 75 ब्लड यूनिट एकत्रित किए



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**महादान**

▶▶ रक्तदान शिविर शुरू किया जिसका शुभारंभ प्रधान अंगूरी लाल ने रक्त दाताओं को बैज लगाकर किया

**कुरुक्षेत्र** : जन सहयोग संस्था ने गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य मे दिनांक 28नवंबर 2024 से ब्रह्मसरोवर पर हेल्प डेस्क नंबर 745 से 24 घंटे सेवाएं शुरू की है इसी कड़ी में संस्था द्वारा लगाए जाने वाले 7ब्लड डोनेशन कैंप (6,8,10,12,13,14,15) की श्रृंखला में दिनांक 8 दिसंबर 2024 को दूसरा रक्तदान शिविर शुरू किया जिसका शुभारंभ प्रधान अंगूरी लाल ने रक्त दाताओं को बैज लगाकर किया और संस्था को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति को हर 3 महीने बाद रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से स्वयं को तो शारीरिक लाभ होता ही है बल्कि किए गए रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान भी बच जाती है। उन्होंने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता। जरूरतमंद की एक रक्तदाता ही रक्तदान करके रक्त की पूर्ति कर सकता है इस शुभ अवसर पर गगनदीप,नितेश मंगल,श्रवण कुमार,सीमा,आंचल,मास्टर जितेंद्र,सतीश, प्रेम नागरथ रोशन लाल बंसल,चंद्र शेखर अत्री,मिथुन समाना,सुनील सैनी,डॉ सोनिया छिकारा,आंचल, संजीव व अन्य रक्तदाता मौजूद रहे।

## श्रीमद्भगवद्गीता सनातन धर्म एवं अध्यात्म को समझाने वाला अमोल काव्य: डा. श्रीप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा समाज के जरूरतमंद बच्चों के लिए निःशुल्क संचालित मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने भारत एवं हरियाणा सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती समारोह - 2024 के उपलक्ष्य में आयोजित शिल्प मेले का भ्रमण एवं अवलोकन किया। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने ब्रह्मसरोवर पर कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा द्वारा तैयार मंच पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम को मेले मे आये दर्शकों ने ताली बजाकर खूब सराहा। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों का गीता धाम मे स्वागत हुआ। गीता की परमाध्यक्ष माँ स्वामी सुदर्शन भिक्षु जी महाराज ने सभी बच्चों को शुभ आशीर्वाद प्रदान किया। मातृभूमि सेवा सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा श्रीमद्भगवद्गीता सनातन धर्म अध्यात्म को समझाने वाला अमोल काव्य है। सभी शास्त्रों का सार एक जगह कहीं यदि इकट्ठा मिलता हो, तो वह जगह है-गीता। गीता रूपी ज्ञान गंगोत्री में स्नान कर अज्ञानी सद्ज्ञान को प्राप्त करता है।

## रामबाग मैदान में हवन यज्ञ के साथ गीता महोत्सव का शुभारम्भ

**जागरूक किया**

▶▶ गीता महोत्सव में विभिन्न विभागों व संस्थाओं द्वारा 30 स्टाल लगाए गए हैं, प्रदर्शनी का उद्घाट किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला शहर के रामबाग मैदान में आयोजित जिला स्तरीय गीता महोत्सव का शुभारम्भ हवन यज्ञ के द्वारा किया गया। इस मौके पर एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। गीता महोत्सव में विभिन्न विभागों व संस्थाओं द्वारा 30 स्टाल लगाए गए हैं। इस प्रदर्शनी का उदघाटन एसडीएम दर्शन कुमार द्वारा किया गया। उदघाटन उपरांत एसडीएम दर्शन कुमार, सीटीएम पूजा कुमारी, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों की योजनाओं के साथ-साथ संस्थाओं द्वारा लगाए गये स्टाल भी महोत्सव का आकर्षण केन्द्र रहे। मंचीय कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एसडीएम दर्शन कुमार द्वारा श्रीमदभगवद गीता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। गीता जयंती महोत्सव के प्रथम दिन भारी संख्या मे लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और जानकारी प्राप्त की जिनमें स्कूली बच्चों के साथ-साथ अन्य लोग भी शामिल रहे। इस अवसर पर एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने कुरूक्षेत्र की भूमि पर महाभारत के युद्ध के दौरान एक ऐसा शांति का संदेश दिया था जो आज गीता उपदेश के नाम से पूरे विश्व को प्रकाशमय कर रहा है। पवित्र ग्रन्थ गीता के ज्ञान रूपी प्रकाश से ही पूरे विश्व की शंकाएं, समस्याएं दूर हो सकती हैं। इस ज्ञान के प्रकाश को अपने जीवन में धारण करने के लिए हम सभी को पवित्र ग्रन्थ गीता के उपदेशों को अपनाना होगा और भगवान श्री कृष्ण द्वारा दिए गए निष्काम कर्म के संदेश को अपने जीवन में धारण करना होगा। उन्होंने जिलावासियों से अनुरोध किया कि वे तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता महोत्सव में पहुंचकर गीता का ज्ञान प्राप्त करें।

# सवारी का मोबाइल वापस कर कंडक्टर ने दिया ईमानदारी का परिचय

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद**

**नारनौल।** रोडवेज कंडक्टर ने सवारी का मोबाइल वापस कर ईमानदारी का परिचय दिया।हरियाणा रोडवेज चालक-परिचालक ने नारनौल -पाटन रोड़ पर चलने वाली रोडवेज में सवारी को उसका मोबाइल लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया। तलोट निवासी भूप सिंह नारनौल से अपने गांव जा रहे थे।रास्ते में उनका मोबाइल बस में गिर गया। अपने निर्धारित स्थान पाटन पहुंचने पर




ड्राइवर व कंडक्टर को मोबाइल की घंटी सुनाई दी। रोडवेज

**ईमानदारी**

▶▶ लोट निवासी भूप सिंह नारनौल से अपने गांव जा रहे थे।रास्ते में उनका मोबाइल बस में गिर गया था

परिचालक संतलाल शर्मा ने टेलीफोन कर कहा,आपका मोबाइल हमारे पास है। कल सुबह जब हम नारनौल की तरफ आएंगे आप अपना मोबाइल अपने बस स्टैंड पर ले लें। दूसरे दिन उन्होंने मोबाइल मालिक को उनका मोबाइल सौंप दिया। बस में सवार लोगों ने ड्राइवर कंडक्टर की ईमानदारी की प्रशंसा की। संतलाल शर्मा ने कहा, रोडवेज नारनौल महाप्रबंधक अमित यादव सदा ही उन्हें इमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा देते रहे हैं। रामकिशन बिल्लू ने कहा, मोबाइल लौट कर संतलाल शर्मा ने ईमानदारी का परिचय दिया।

# नगर निगम शिविर में आई 20 शिकायतों में से 16 का हुआ निवारण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** बीते दिन नगर निगम, अम्बाला शहर मे अनुभाग अधिकारी सोमनाथ , टैक्स ब्रांच से शेर सिंह सलाहकार, कार्यकारी अभियंता की अध्यक्षता में समाधान शिविर लगाया गया। जोकि निरन्तर जारी है जिसका समय सुबह 10.00 बजे से 12.00 बजे तक हो गया है। जो सरकार की हिदायतों के अनुसार लगाया जा रहा हैं। इसमे आज 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 16 शिकायतों का समाधान करवाया गया। कि इस कैम्प का मुख्य उदेश्य अम्बाला शहर के




लोगो को प्रोपर्टी आई0डी0, जन्म-प्रमाण पत्र, विकास शुल्क व नगर निगम से सम्बन्धित कोई भी समस्या आ रही है उन समस्याओं का समाधान करना है। अम्बाला शहर वासियों को सूचित किया जाता है कि आप इस कैम्प में प्रत्येक कार्य दिवस में आकर अपनी नगर निगम से सम्बन्धित कोई भी समस्या का समाधान करवा सकते हैं। इस कैम्प मे नगर निगम के सभी शाखाओं के अधिकारीगण उपस्थित है।

## सुसाइड नोट लिखकर युवक ने लगाया फंदा

**हिसार। हांसी** में पुरानी सब्जी मंडी के समीप बाला जी टेलीकम्युनिकेशन नाम से मोबाइल शॉप चलाने वाले व मुल्तान कालोनी निवासी एक युवक ने अपने घर के उपर बने कमरे में लगे पंखे के हुक में रस्सी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान 31 वर्षीय अरुण कुमार के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को फंदे से उतार पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने सोमवार को मृतक के पिता सुभाष के बयान पर चार युवकों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज करके शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप जांच शुरू कर दी है।

# मतभेद दूर कर 670 परिवारों को बिखरने से बचाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : जिला पुलिस के महिला थाना की विभिन्न टीमो ने वर्ष 2024 में महिला थाना में 754 प्राप्त परिवादों में मध्यस्थता करते हुये कुल 670 परिवादों का सामाजिक स्तर पर समझौता कराते हुए किया निपटारा तथा 84 परिवादो पर मामले दर्ज करके अदालत में दिए गये । जिला पुलिस द्वारा महिला विरूद्ध अपराधों में अदालत में सुनवाई के दौरान दमदार व उत्कृष्ट पैरवी करते हुये अपराधियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जानकारी देते हुये महिला थाना प्रभारी कुलबीर कौर ने बतलाया कि पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला



के कुशल मार्गदर्शन में महिला थाना द्वारा किये जा रहे अथक प्रयासों के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। महिला थाना घरेलू हिंसा व दहेज प्रताडना से संबंधित प्राप्त परिवादों पर पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश अनुरूप कार्य करता है।

**भूमिका**

▶▶ सुनवाई के दौरान दमदार व उत्कृष्ट पैरवी करते हुये अपराधियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

थाना मे प्राप्त परिवादों पर 3 बार दोनों पक्षों की काउसिलिंग कराई जाती है तथा हरसंभव प्रयास आपसी मतभेद दूर करने के किये जाते हैं। जिनके परिणाम स्वरूप वर्ष 2024 में अब तक महिला थाना में प्राप्त 754 परिवादों में मध्यस्थता करते हुये 670 परिवादों का सामाजिक स्तर पर समझौता कराते हुये निपटारा किया गया। इसके साथ ही 84 परिवादो पर मामले दर्ज कर करके अदालत में अग्रसित किये गये, कोई भी परिवाद बकाया नही है। महिला थाना प्रभारी ने बताया कि जिला पुलिस महिला विरूद्ध अपराधियों को सजा दिलाने में कोई कसर नहीं छोड रही है। इन मामलों में अपराधी के विरूद्ध महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाकर व अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुये अपराधियों को कठोरतम सजा दिलाकर पीडित को न्याय दिला रही है। मुख्यत नाबालिग पीडिता के साथ दुष्कर्म वा पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलो में जिला पुलिस की दमदार पैरवी से आरापियों को कठोर कारावास व जुमार्ना की सजा होती है।

# पशु पक्षियों के संरक्षण में सहयोग और जागरूकता जरुरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** जिले के गांव थाना खुर्द में हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड पंचकूला के जिला समन्वयक श्यो प्रसाद ने गांव की सरपंच प्रियंका देवी की अध्यक्षता में जैव विविधता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक श्यो प्रसाद ने सभा में शामिल ग्रामीणों को बताया की पशु और पक्षी हमारे जीवन का महत्वपूर्ण स्थान है, जिनकी अहमियत मनुष्य की तरह इस धरती पर होती है। जितना अधिकार इस धरती पर हमारा है, उतना ही अधिकार पशु पक्षियों का होता है। पशु पक्षियों के बिना हमारी धरती बिल्कुल भी सुंदर नहीं दिखती है क्योंकि पशु पक्षियों के बिना हम बहुत से ऐसे कार्य हैं,



जो नहीं कर सकते। सरकार के द्वारा पशु पक्षियों को बचाने के तथा लोगों को जागरूक करने का कार्य करना चाहिए। क्योंकि आजकल लोग अधिक संख्या में पशु पक्षियों को मारकर खा रहे हैं उनको बेच रहे हैं। उन्होंने इस बात पर बल देते हुए बताया की कई पशु तो देवताओं के रूप में भी पूजे जाते हैं, जिनमें से प्रमुख गाय है। हिंदू धर्म के अनुसार गाय में सभी देवी देवताओं का निवास स्थान माना जाता है गाय हमें दूध देती है तथा इसको पूजनीय भी कहा जाता है। इसके अलावा नागों को भी देवता के रूप में पूजा जाता है। नागपंचमी के त्यौहार के दिन इनकी पूजा की जाती है। सभी पशु किसी ना किसी रूप में हमारी मदद ही करते हैं। इन से हमें दूध प्राप्त

**पुण्य**

▶▶ आज हमारे देश की दुर्दशा यही है कि इंसान तो पशु बन रहा है और पशु इंसान क्योंकि इंसान को रुकने के बाद हम नहीं मना सकते

होता है कि धन के रूप में गोबर मिलता है, जिससे हम पूजा पाठ कर्म में शामिल करते हैं। जितना पशुओं का हमारे जीवन में महत्व होता है, उतना ही पक्षियों का भी महत्व होता है। कई पक्षी देवताओं के समान पूजनीय माने जाते हैं, जिनमें से तोता, गरुड़, कौआ, कोयल आदि प्रमुख है। मछलियां होती है, उन को दाना डालने से बहुत पुण्य का अनुभव होता है। चिड़िया और चीटियों को दाना डालने से भी हिंदू धर्म के अनुसार बहुत पुण्य मिलता है। सबसे बड़ी बात पशु पक्षियों की यह होती है कि यह हमसे किसी भी कारण से नाराज नहीं होते। अगर प्यार से इनके सर पर हाथ फेर दिया जाए तो यह अपनी नाराजगी को भूल जाते हैं। आज हमारे देश की दुर्दशा यही है कि इंसान तो पशु बन रहा है और पशु इंसान क्योंकि इंसान को रुकने के बाद हम नहीं मना सकते लेकिन जानवर बहुत समझदार है। प्यार के सर पर हाथ फेरने के बाद में वो मान जाता है। इन सभी पशुओं के दूध को मनुष्य उपयोग में लेता है। उसको व्यापार के कामों में लगा कर, आमदनी को प्राप्त करता है।

# कल्पना चावला पॉलिटेक्निक में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** कल्पना चावला राजकीय महिला बहुतकनीकी, अम्बाला शहर में गीता जयंती 2024 के अंतर्गत भगवत गीता और भगवान कृष्ण लीला विषयों पर अंतर्विभागीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका आरंभ प्रधानाचार्य डॉ लाभ सिंह नैन की उपस्थिति में किया गया। इसमें बहुतकनीकी के सात विभागों की छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाइब्रेरी साइंस विभाग (मीनाक्षी और लवप्रीत), द्वितीय स्थान कंप्यूटर साइंस विभाग (रेणुका और सुनामी)



और तृतीय स्थान फाइनेंस अकाउंट एवं ऑडिट विभाग (नीतू और राशि) ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन कृष्णा और मिस लॉरेल ने किया। इस मौके पर अनेक विभागाध्यक्ष नीरज, सुरेश, डॉ अश्विनी भारद्वाज, बाबू राम, सरला, चेतना और अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

# कार्यस्थल पर यौन शोषण से बचाव के लिए किया गया है आंतरिक कमेटी का गठन : सीजेएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला एवं** सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन सोमवार को आईसीएआर, करनाल पहुंचीं। जहां उन्होंने बताया कि अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल पर यौन शोषण से बचाव के लिए वर्ष 2013 के अधिनियम के अंतर्गत हर कार्यस्थल जहां 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है, एक



आंतरिक कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें कोई भी पीड़ित व्यक्ति अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है। इसके अलावा जिला स्तर पर भी कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें कोई भी पीड़ित व्यक्ति अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है।

इसके बाद सीजेएम ने जिला एडीआर सैंटर में पैनल अधिवक्ताओं व पीएलवी के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं के समाधान बताए। इसके अलावा पीएलवी के लिए रिफ्रेशर ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें

**गठित**

**वर्ष 2013 के अधिनियम के अंतर्गत हर कार्यस्थल जहां 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है**

पैनल अधिवक्ता सोनू कुमार ने पीएलवी को विभिन्न कानूनी विषयों की ट्रेनिंग प्रदान की।

**नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को : इरम हसन**

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बताया कि जिला न्यायालय करनाल में 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत में कोई भी व्यक्ति अदालत में लम्बित मुकदमे रखकर उनका फैसला करवा सकता है। इसके अलावा प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमों के लिए स्थाई लोक अदालत, करनाल में 13 दिसंबर को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमे रखकर उनका निपटारा किया जा सकता है।

# द्वितीय हरियाणा मोआ थाई कप का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा: द्वितीय हरियाणा मोआ थाई** कप -2024 7 व 8 दिसंबर को गौंड ब्राह्मण सेंट्रल स्कूल रोहतक में आयोजित की गई थी। जिसमें गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा की छात्रा अंशिका ने स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया। छात्रा के विद्यालय पहुंचने पर प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ,प्राचार्या डा० अभिलाषा, उप-प्राचार्य रमेश वत्स,प्राध्यापक जितेंद्र उत्तम ने छात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने छात्रा के खेल व होसले की सरहाना कर अन्य सभी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतियोगितावादी युग मे विद्यार्थियों मे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का



भाव अवश्य होना चाहिए तभी छात्र प्रतियोगिताओं मे सफलता प्राप्त कर सकता है । इसी से विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास सम्भव है। प्राचार्या डा० अभिलाषा ने सफल छात्रा अंशिका को सम्मानित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन किया जा सकता है. सम्मान मिलने के बाद खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और वे दोगुने उत्साह से आगे बढ़ने का संकल्प लेते हैं।

खेल भावना व्यक्तियों के बीच टीमवर्क और सहयोग को बढ़ावा देती है। टीम के साथियों को महत्व देने और उनका सम्मान करने से, व्यक्ति मजबूत बंधन बनाते हैं और प्रभावी संचार और सहयोग कौशल विकसित करते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### वी बिजनेस पेश करते हैं इजी प्लस; कॉर्पोरेट पोस्ट-पेड यूजर्स खरीद सकेंगे अपनी व्यक्तिगत जरूरतों के लिए अतिरिक्त सेवाएं

**गुरुग्राम।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया की एंटरप्राइज शाखा वी बिजनेस ने कॉर्पोरेट पोस्ट-पेड प्लान्स पर नए प्रपोजिशन इजी प्लस का लॉन्च किया है, जिसके तहत सब्सक्राइबर्स मौजूदा कॉर्पोरेट प्लान्स पर अपनी व्यक्तिगत जरूरतों के लिए इंटरनेशनल रोमिंग, ओटीटी सब्सक्रिप्शन एवं अन्य सर्विसेज को सलेक्ट कर इन्हें खरीद सकते हैं। वी ऐप डाउनलोड कर वे इन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। अपनी तरह की अनूठी यह पेशकश कर्मचारियों के लिए अपनी जरूरत की सेवाओं को खरीदने के अनुभव को आसान बनाती है वे कॉर्पोरेट पोस्ट-पेड प्लान्स पर इन सेवाओं का खरीद कर बेजोड़ अनुभव पा सकते हैं। लॉन्च पर बात करते हुए रोएरिच कौशल, एक्जक्टिव वाईस प्रेजीडेन्ट, एंटरप्राइजेज मोबिलिटी बिजनेस एण्ड मार्केटिंग ने कहा, इजी प्लस के साथ वी बिजनेस, कर्मचारियों के लिए कॉर्पोरेट पोस्टपेड प्लान के अनुभव को बदल देना चाहता है, जहां वे अपनी व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार सर्विसेज को सलेक्ट कर इन्हें खरीद सकते हैं। आज की कनेक्टेड दुनिया में कर्मचारी उम्मीद करते हैं कि वे आसानी से इंटरनेशनल रोमिंग, ओटीटी सब्सक्रिप्शन, डेटा पैक का अनुभव पा सकें और इसके लिए उन्हें कई मोबाइल नंबर रखने या अप्रूवल्स की परेशानी न हो। यह प्रोपोजिशन आज के कर्मचारियों को सुविधा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हमें उम्मीद है कि छुट्टियों के आगामी सीजन में उपभोक्ता इजी प्लस के जरिए इंटरनेशनल रोमिंग का लाभ उठा सकेंगे और अपने कॉर्पोरेट प्लास पर अतिरिक्त सुविधा का आनंद उठा सकेंगे।

**वी बिजनेस के इजी प्लस ऑफर्स में शामिल हैं:**

इंटरनेशनल रोमिंग: उपभोक्ता 29 देशों में निजी यात्रा के लिए इंटरनेशनल रोमिंग पैक खरीद सकते हैं, इसमें रु 749 से रु 4999 की कीमत पर 24 घण्टे, 10 दिन, 14 दिन की वैलिडिटी के पैक शामिल हैं।

ओटीटी सब्सक्रिप्शन: एंटरटेनमेन्ट के लिए उपभोक्ता ओटीटी सब्सक्रिप्शन जैसे सोनीलिव, जी5 आदि के साथ अपने पसंदीदा मनोरंजन का लुत्फ उठा सकते हैं।

गिफ्टिंग के फीचर्स: इन फीचर्स के द्वारा कॉर्पोरेट यूजर्स सीधे अपने कॉर्पोरेट नंबर से ओटीटी सब्सक्रिप्शन पैक को दूसरों को गिफ्ट में दे सकते हैं, और एंटरटेनमेन्ट शेयर कसते हैं

### इन्वेन्चरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड का आईपीओ 12 दिसंबर को खुलेगा

**नोएडा।** इन्वेन्चरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड ("कंपनी") का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024 को खुलेगा। एंकर निवेशक बोली तिथि बोली/ऑफर खोलने की तिथि से एक कार्य दिवस पहले है, जो बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 है। बोली/ऑफर बंद होने की तिथि सोमवार, 16 दिसंबर, 2024 है। ऑफर का प्राइस बैंड रु 1,265 प्रति इक्विटी शेयर से रु 1,329 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 11 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 11 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोलियाँ लगाई जा सकती हैं। इस ऑफर में रु1 अंकित मूल्य के 65,000 इक्विटी शेयरों तक का आरक्षण शामिल है, जो कुल मिलाकर रु [ ? ] मिलियन तक है, जो पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के



लिए हमारे पोस्ट-ऑफर पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल ("कर्मचारी आरक्षण हिस्सा") के 5% से अधिक नहीं है। कर्मचारी आरक्षण हिस्से को घटाने वाले ऑफर को इसके बाद "नेट ऑफर" कहा जाता है। ऑफर और नेट ऑफर हमारी कंपनी की फुली डाइल्यूटेड पोस्ट-ऑफर पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल का क्रमश: [ ? ]% और [ ? ]% होगा।

यह ऑफर सिक्योरिटीज कॉन्ट्रैक्ट्स (रेगुलेशन) रूल्स, 1957 के नियम 19(2)(बी) के अनुसार किया जा रहा है, जैसा कि संशोधित ("एससीआरआर"), सेबी आईसीडीआर रेगुलेशन के रेगुलेशन 31 के साथ पढ़ा गया है। यह ऑफर सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 6(2) के अनुसार बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें शुद्ध ऑफर का कम से कम 75% योग्य संस्थागत खरीदारों ("क्यूआईबी") ("क्यूआईबी हिस्सा") को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि हमारी कंपनी, बीआरएलएम के परामर्श से, एंकर निवेशकों को क्यूआईबी हिस्से का 60% तक आवंटित कर सकती है और इस तरह के आवंटन का आधार कंपनी द्वारा विवेकाधीन होगा,सेबी आईसीडीआर विनियमों के अनुसार, बीआरएलएम के परामर्श से ("एंकर निवेशक हिस्सा"), जिसमें से एक तिहाई घरेलू म्यूचुअल फंड के लिए आरक्षित होगा।

# कैंट जीटी रोड़ पर हुआ दर्दनाक हादसा, 3 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला छावनी: अंबाला-दिल्ली** हाईवे स्थित काली पलटन पुल के पास रविवार देर रात को वरना कार अनियंत्रित होकर कैंटर से टकरा गई। हादसे में कार सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई। बताया जाता है कि कार कि रफ्तार इतनी थी कि वह डिवाइडर से टकराने के बार दूसरी लेन में जाकर चल रहे कैंटर के सामने टकरा गई थी। मृतकों की पहचान शाहाबाद निवासी 33 वर्षीय वीरेंदर कुमार उर्फ जॉन सिंह उर्फ जॉनी व 32 वर्षीय राहुल व अंबाला सिटी के कैथमाजरी निवासी अशोक कुमार के रूप में हुई। लालकुर्ती चौकी प्रभारी कुलदीप ने बताया कि तीनों



के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया गया है। कैंटर को भी अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वीरेंदर कार में अंबाला सिटी निवासी अशोक को छोड़ने के लिए अंबाला सिटी जा रहा था। जैसे ही वो अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन के सामने पहुंचे तो अचानक कोई अवारा पशु आने के कारण कार अनियंत्रित हो गई। जिसके बाद कार डिवाइडर पार कर सड़क के दूसरी तरफ आ गई और कैंटर से टकरा गई।

हादसा इतना भयावह था कि कार के एयरबैग खुल गए और कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गई। इस

**टक्कर**

**कार कि रफ्तार इतनी थी कि वह डिवाइडर से टकराने के बार दूसरी लेन में जाकर चल रहे कैंटर के सामने टकरा गई**

हादसे के बाद जीटी रोड पर जाम लग गया। जिसके बाद पुलिस ने क्रेन बुलवाकर ट्रक व कार को स्थान से हटाया और जाम को खुलवाया। हादसा इतना भयंकर था कि जीटी रोड से निकलने वाले वाहन चालक भी रूककर क्षतिग्रस्त वाहन को देख रहे थे। तथा सड़क पर मृतकों का सामान बिखरा पड़ा था।

# मोटर मार्किट में लाखों रुपये का अलुमिनियम व कॉपर चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: शहर में लगातार** हो रही चोरी की वारदातें थमने का नाम ही नहीं ले रही है। इस बार चोरों ने मोटर मार्केट स्थित कॉपर व एल्यूमीनियम की वर्कशॉप को निशाना बनाया। वर्कशाप के मालिक नौशाद हुसैन ने बताया कि वह इंद्र नगर अंबाला शहर के रहने वाले हैं। 1982 से यहां पर वर्कशॉप चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि 7 दिसंबर को सुबह उनकी वर्कशॉप से चोर लाखों रुपए कीमत का कॉपर व एल्यूमीनियम चुरा कर ले गए। जिसके बाद शिकायत संबंधित पुलिस चौकी को दी गई। पुलिस ने वर्कशॉप में आकर जांच शुरू कर दी है।

नौशाद ने बताया कि उनकी दुकान में दोबारा 8 दिसंबर को चोरी हुई। उन्होंने बताया कि 7 दिसंबर को चोरी करने आए आरोपी वर्कशॉप के बाहर के सीसीटीवी तोड़ गए व 8 दिसंबर को अंदर के सीसीटीवी तोड़ गए। दो दिन में लगातार दो बार चोरी होने से आसपास के दुकानदारों में भी रोष है। दुकानदारों व लोगों का कहना है कि पुलिस को इस एरिया में रात के समय लगातार गश्त करनी चाहिए व इस चोरी के मामले में आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करना चाहिए। वहीं पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ शिकायत के आधार पर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

# स्वच्छता में हर व्यक्ति निभाए अपनी भागीदारी :चंद्रशेखर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला न्यायालय** के चार महिला शौचालयों में सोमवार को निशुल्क सेनेट्री नैपकिन वैंडिंग मशीन लगाई गई। इस अवसर पर करनाल के जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर ने कहा कि हर व्यक्ति को स्वच्छता में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। हमें अपने आसपास साफ-सफाई रखनी चाहिए। इसके साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी नहीं फेंकनी चाहिए। सभी के प्रयास से ही हम अपने वातावरण को साफ और स्वच्छ बना सकते हैं।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर ने कहा कि जिला न्यायालयों के चार महिला शौचालयों में निशुल्क सेनेट्री नैपकिन वैंडिंग मशीन लगाई गई है। इन मशीनों को पंजाब नेशनल बैंक ने डोनेट किया है वहीं सामाजिक संस्था स्वधा द्वारा सेनेट्री नैपकिन को डोनेट किया गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को इस तरह के सामाजिक कार्यों के लिए आगे आना चाहिए। स्वधा द्वारा यह अच्छी पहल की गई है। प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश डॉ. गगनदीप कौर सिंह, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रेणू राणा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास गुप्ता, सिविल जज गुनीत अरोड़ा, सिविल जज जूनियर डिविजन रूहेला शर्मा, सिविल जज जूनियर डिविजन वनीत कौर सौखी व अन्य मौजूद रहे।

# डायबिटीज से लेकर हृदय रोग तक, बैरिएट्रिक सर्जरी के व्यापक लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**हाल** के वर्षों में स्वस्थ समाज की ओर कदम बढ़ाने के बावजूद, मोटापे की समस्या वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 2016 में लगभग 39% वयस्क मोटापे से ग्रस्त थे। यह चिंताजनक आंकड़ा इस ओर इशारा करता है कि हृदय रोग और मोटापे से संबंधित अन्य स्वास्थ्य समस्याएं आने वाले समय में अधिक घातक हो सकती हैं। बैरिएट्रिक सर्जरी, जिसे सामान्यतः वजन घटाने की सर्जरी कहा जाता है, मोटापे से जूझ रहे व्यक्तियों के लिए प्रभावी रूप से वजन कम करने का एक चिकित्सीय तरीका



है। इस सर्जरी के माध्यम से पेट का आकार घटाया जाता है या शरीर की पोषक तत्वों को अवशोषित करने की क्षमता में बदलाव किया जाता है, जिससे भोजन और कैलोरी के सेवन में कमी आती है। बैरिएट्रिक सर्जरी के विभिन्न प्रकार होते हैं, और प्रत्येक रोगी के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का निर्धारण डॉक्टर की सिफारिशों पर आधारित होता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, द्वारका के जीआई, एमएएस और बेरिएट्रिक सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. नवीन कुमार वर्मा ने कहा कि ह्लसामान्य बैरिएट्रिक प्रक्रियाओं में गैस्ट्रिक बाईपास सर्जरी और लैप्रोस्कोपिक स्लीव गैस्ट्रेक्टॉमी प्रमुख हैं। गैस्ट्रिक बाईपास सर्जरी में पेट को छोटे हिस्सों में विभाजित कर भोजन को छोटी आंत तक पुनः निर्देशित किया जाता है, जिससे पोषक तत्वों का अवशोषण कम होता है, भूख घटती है और 60-80% अतिरिक्त वजन कम किया जा सकता है। वहीं, लैप्रोस्कोपिक स्लीव गैस्ट्रेक्टॉमी में पेट के एक हिस्से को हटाकर उसे छोटा और ट्यूब के आकार का बना दिया जाता है, जिससे 40-50% अतिरिक्त वजन घटाने में मदद मिलती है। डॉ. नवीन ने आगे कहा कि मोटापा प्रजनन क्षमता, गर्भावस्था और मां व बच्चे दोनों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, जिसमें जेस्टेशनल डायबिटीज और प्री-एक्लेम्प्सिया जैसे जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है। बैरिएट्रिक सर्जरी मोटापे से संबंधित बांझपन से जूझ रही महिलाओं के लिए एक प्रभावी समाधान है, क्योंकि यह हार्मोनल संतुलन को सुधारती है, पीसीओएस के लक्षणों को कम करती है।

# नशे को कहें न और जीवन को हाँः डॉ अशोक कुमार

## डॉ वर्मा ने जागरूक करते हुए कहा- नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**हरियाणा राज्य नारकोटिक्स** कण्ट्रोल ब्यूरो महानिदेशक ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 67 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा विद्यालय पहुंचे और प्राचार्य राजकृष्ण जैन की अध्यक्षता में 218 विद्यार्थियों को



नशे के विरुद्ध जागरूक किया। विद्यार्थियों को प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों के बारे बताया और कहा कि नशे ने मनुष्य के जीवन को नर्क से भी बुरा बना दिया। कोई भी व्यक्ति जीवन में नशेड़ी नहीं बनना चाहता है लेकिन नशे के सेवन से उसे लत पड़ ह्य१ जाती है। उसे नहीं पता लगता कि कब यह लत उसके जीवन के लिए विवशता उत्पन्न करती है। उसके बिना वह रह नहीं पाता और दिनभर नशे में डूबा रहता है। कब वह नशेड़ी बन जाता है, कब लोग उससे घृणा करने लगते हैं, कब वह समाज में तिरस्कार को पाता है। यह इतनी शीघ्रता से होता है कि उसका जीवन बोझ बन जाता है। कोई भी व्यक्ति नशेड़ी नहीं बनना चाहता लेकिन नशे की लत उसे ऐसा बना देती है। सोचिये, उसने क्या किया। उसने नशे का शौंक पाला था। यह शौंक उसके जीवन में कब शोक में परिवर्तित हो गया। उसे पता नहीं लगता। यदि आप गौरवमयी जीवन जीना चाहते हैं तो पहली बार में ही नशे को न कहें। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर प्रतिबंधित नशों के बारे गुप्त सूचनाएँ देने के लिए प्रेरित किया।

# डॉ शांति स्वरूप शर्मा अवार्ड से नवाजे गए वाइस चांसलर डॉ करतार धीमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : आज स्वतंत्रता सेनानी** डॉ शांति स्वरूप शर्मा अवार्ड से आयुष यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ करतार धीमान को सम्मानित किया गया। यह अवार्ड जयराम विद्यापीठ में आयोजित जरूरतमंद परिवारों की निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह के अवसर पर ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी जी महाराज व मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी के कर कमलोंसे प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि सुमन सैनी ने कहा कि डॉ करतार सिंह धीमान ने अपने कार्यकाल में आयुर्वेद पद्धति से इलाज करने को बढ़ावा देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी जी महाराज ने कहा कि पिछले 19 सालों से श्री जयराम विद्यापीठ के समारोह में स्वतंत्रता सेनानी डॉ शांति स्वरूप शर्मा अवॉर्ड किसी महान व्यक्तित्व को उसके उत्कृष्ट कार्यो की की एवज में दिया जाता है।

डा. शांति स्वरूप शर्मा एवं श्रीमती लीलावती चैरिटेबल ट्रस्ट के उप प्रधान डॉ अरविंद शर्मा एवं सतीश शर्मा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारीलाल नंदा के सहयोगी रहे डॉ शांति स्वरूप शर्मा के प्रयासों से ही कुरुक्षेत्र में आकाशवाणी आयुर्वैदिक कॉलेज एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की स्थापना हुई थी।

# इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टिट्यूट (इंडिया) लिमिटेड का आईपीओ 13 दिसंबर को खुलेगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) लिमिटेड ("आईजीआई" या "कंपनी") का 4,225 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024 को खुलेगा।

इक्विटी शेयरों (प्रत्येक 2 रुपये का अंकित मूल्य) का कुल ऑफर साइज 42,250 मिलियन रुपये [4,225 करोड़ रुपये] तक है, जिसमें 14,750 मिलियन रुपये [1,475 करोड़ रुपये] तक का नया निर्गम और 27,500 मिलियन रुपये [2,750 करोड़ रुपये] तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है ("कुल प्रस्ताव आकार")।




इश्यू का प्राइस बैंड 397 रुपये से 417 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है ("मूल्य बैंड")।

मूल्य बैंड में 39.7 रुपये - 41.7 रुपये प्रति इक्विटी शेयर की छूट शामिल है, जो कर्मचारी आरक्षण हिस्से में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को दी जा रही है ("कर्मचारी आरक्षण हिस्से की छूट")। न्यूनतम 35 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 35 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं। ("बोली लॉट")।

# किसान आंदोलनः नई रणनीति से करेंगे दिल्ली कूचः पंढेर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: किसान पिछले 3** दिन में दो बार दिल्ली जाने की नाकाम कोशिश कर चुके हैं। इस टकराव में कई किसान भी घायल हो चुके हैं। वहीं पुलिस किसानों को दिल्ली में प्रदर्शन की परमिशन मांग रही है। जिसके कारण किसानों और पुलिस में टकराव चल रहा है। शंभू बॉर्डर पर आज (9 दिसंबर) को किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) की मीटिंग होगी। जिसमें दिल्ली कूच को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। इसको लेकर किसान शंभू बॉर्डर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। पिछले 3 दिन में 2 बार किसानों ने दिल्ली जाने की कोशिश की लेकिन हरियाणा पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया।इसके बाद शंभू बॉर्डर पर अंबाला के डीसी और एसपी ने पंजाब पुलिस के अधिकारियों के साथ मिलकर किसानों से मीटिंग की। किसान नेता सरवन पंधेर ने कहा कि हरियाणा के प्रशासन ने एक दिन की मोहलत मांगी है। उनका कहना है कि 9 दिसंबर को पानीपत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा है। उसके बाद अधिकारियों से बातचीत कर दिल्ली जाने की छूट को लेकर हमें जानकारी देंगे। किसानों के प्रदर्शन के चलते बंद शंभू बॉर्डर को खोलने के लिए लगाई गई याचिका को सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस तरह के मामले पहले ही कोर्ट में चल रहे हैं, फिर बार-बार क्यों इस तरह की याचिका दाखिल की जा रही हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि याचिका दाखिल करने से ऐसी धारणा बन रही है कि यहां कोई व्यक्ति केवल लोगों को दिखाने के लिए और प्रचार के लिए मुकदमे करने के लिए आया है। आप पहले से चल रही याचिका में सहयोग करना चाहते हैं तो आपका स्वागत है। याचिका जालंधर के रहने वाले गौरव लूथरा ने लगाई थी। उन्होंने मांग की थी कि केंद्र सरकार के साथ हरियाणा और पंजाब की राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए कि शंभू बॉर्डर समेत उन सभी स्टेट-नेशनल हाईवेज को ट्रैफिक के लिए खोला जाए, जो किसानों की वजह से बंद किए गए हैं। हाईवेज को इस तरह बंद करना नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। यह नेशनल हाईवे एक्ट के भी खिलाफ है, जो क्रिमिनल एक्टिविटी के दायरे में आता है। गौरव के वकील ने कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन सड़क बंद होने की वजह से लोगों को दिक्कत होती है। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका चल रही है। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक कमेटी बनाकर किसानों और सरकार से बातचीत कर मध्यस्थता करने को कहा था। हालांकि अभी तक कोई हल नहीं निकला। गौरतलब है कि किसान फरवरी महीने से शंभू टोल पर प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसके चलते यह रास्ता पूरी तरह से बंद है तथा आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तो वहीं किसानों का कहना है कि वह पैदल दिल्ली जाना चाहते हैं लेकिन उनसे कहा जा रहा है कि दिल्ली जाने की परमिशन दिखाओ। 8 दिसंबर को शंभू बॉर्डर से 101 किसानों ने दिल्ली कूच करने की कोशिश की थी। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर और वाटर कैनन का इस्तेमाल कर किसानों को खदेड़ दिया। इसमें 8 किसान घायल हो गए। इसके बाद हरियाणा पुलिस ने किसानों के बैरिकेडिंग उखाड़ने की कोशिश का वीडियो जारी कर दिया। जिसमें किसान बैरिकेड पर लगी जाली को उखाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कोशिश के बाद पहली बार आंसू गैस के गोले दागे गए थे।

# केशवपुरम जोन डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी ने किया कौशलपुरी का दौरा





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: संगम पार्क** वार्ड के अन्तर्गत आने वाले इलाके कौशलपुरी में संगम पार्क वार्ड के निगम पार्षद व केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी ने दौरा किया और वहां के लोगों की समस्याओं को भी सुना। इस मौके पर निगम पार्षद सुशील जोंटी के साथ निगम के कर्मचारी व कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर निगम पार्षद सुशील जोंटी ने बताया कि यहां पर जो भी टूटी हुई नालियां है, उन्हें जल्द ही रिपेयर करवाया जायेगा। जिससे की यहां की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की जो भी समस्याएं है उन समस्याओं को सुन, जनता की समस्याओं का उचित समाधान कर रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से परेशान न होना पड़े। पार्षद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। उन्होंने लोगों से कहा कि आप लोगों की जो भी समस्याएं है, उसका मैं उचित समाधान करूगां, ताकि आप सभी लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सके।

## पटपड़गंज ने सिसोदिया को नाकारा है: वीरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आज जैसे ही आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों की सूची सामने आई और यह स्पष्ट हुआ की पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पटपड़गंज से चुनाव नही लड़ेंगे तो तुरंत पूरे पटपड़गंज क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की गत बारह साल में मनीष सिसोदिया के विधायक काल में पटपड़गंज को बदहाल सड़कों एवं पार्कों के अलावा कुछ मिला तो शराब घोटाले की बदनामी। क्षेत्र में भारी पेयजल संकट है, स्कूलों एवं मोहल्ला क्लीनिक के नाम पर छलावा है।

# वजीरपुर विधानसभा: भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया सांसद सौमित्र खान का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** वजीरपुर जेजे कॉलोनी में सांसद सौमित्र खान का जन्मदिन बडे ही धूमधाम से भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा मनाया गया।
इस मौके पर जिला केशवपुरम एस.सी मोर्चा के उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर सहित कई गणमान्य लोगों ने सांसद को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना भी की। इस अवसर पर श्याम सुन्दर (विस्तारक वजीरपुर विधानसभा) ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला केशव पुरम के




वजीरपुर विधानसभा में विधानसभा चुनाव को लेकर पालक के रूप में पश्चिम बंगाल के लोकप्रिय सांसद सौमित्र खान ने अपने प्रवास की शुरूआत वार्ड 66 वजीरपुर मंडल में मेरे कार्यालय के-11 वजीरपुर जेजे कॉलोनी से शुरूआत की। इस मौके पर श्याम सुंदर एस.सी मोर्चा उपाध्यक्ष जिला केशव पुरम ने बताया कि मेरे कार्यालय में माननीय सांसद जी का जन्मदिन बडे ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भाजपा नेता अजय जिंगाला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहे हमले रोकने के लिए सख्त कदम उठाए: पम्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बांग्लादेश में** लगातार हिंदुओं पर बढ़ रहे हमले को लेकर नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा रोष प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत हिंदुओं को बांग्लादेश में टारगेट किया जा रहा है यह सब पाकिस्तान व आईएसआई के इशारे पर हो रहा है। परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ता जा रहा है, मंदिर तोड़े जा रहे, हत्याएं हो रहीं इसको लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बांग्लादेश के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। पम्मा ने कहा कि जल्द ही नेशनल अकाली दल बांग्लादेश दूतावास के बाहर प्रदर्शन



करके रोष प्रकट करेगा। पम्मा ने कहा कि बड़े दुख की बात है। वर्तमान की बांग्लादेश सरकार तथा अन्य एजेंसियां इन्हें रोकने की जगह केवल मूकदर्शक बनी हुई हैं। ऐसा लगता है यह किसी साजिश के तहत यह कार्य हो रहा है। ऐसे ही पहले पाकिस्तान में भी अल्पसंख्यकों के ऊपर अत्याचार करते रहे हैं।

# लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे है केजरीवाल: यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए राजधानी के 40 स्कूलों को बम से उड़ाने की ईमेल और दो स्कूलों में बम की खबर हजारों बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा बहुत ही संवेदनशील मामला है, जिस पर भाजपा अपनी जवाबदेही से भाग रही है और आम आदमी पार्टी कुछ जिम्मेदारी लेने की बजाय अपनी राजनीतिक रोटी सेक रही है। श्री यादव ने कहा कि दिल्ली की रक्षा और सुरक्षा जहां खतरें में पड़ी है, उसके लिए बराबर के



जिम्मेदार अरविन्द केजरीवाल है, जिन्होंने मुख्यमंत्री बनने से पहले दिल्ली वालों को सुरक्षा व्यवस्था देने का वादा किया था। भाजपा और आम आदमी पार्टी सत्ता की लड़ाई में व्यस्त है और राजधानी में खुले आम अपराधों का तांडव मचा हुआ है। खुले आम गोलीबारी, गैंगवार, डकैती, किडनैपिंग, छोटे कारोबारियों, व्यवसायियों और उघोपतियों से फिरौती मांगना, झपटमारी, बच्चियों और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, उत्पीड़न, यौन शोषण और बलात्कार की घटनाओं को अपराधी बेखौफ अंजाम दे रहे हैं, जिससे दिल्ली पूरी तरह त्रस्त है।
स्कूलों में बम की खबर और 29 नवम्बर को प्रशांत विहार के सीआरपीएफ स्कूल के बाहर बम धमाका राजधानी में स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया जिसकी जिम्मेदारी दिल्ली सरकार को लेनी चाहिए।

# केजरीवाल सरकार की कथनी और करनी में अंतर: भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा** चुनावों को देखते हुए दिल्ली में आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस सभी अलग-अलग दावे कर रहे हैं। केजरीवाल दिल्ली में शिक्षा पर सबसे ज्यादा ढोल पीटते रहे हैं। जबकि केजरीवाल की शिक्षा में सुधार को लेकर करावल जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदेश भारद्वाज का कहना है कि केजरीवाल जी की कथनी और करनी में जमीन आसमान का फर्क है। कांग्रेस ने 1998 से 2012 तक दिल्ली की शिक्षा स्तर में सुधार किए वह आज भी मील का पत्थर है। हमारी सरकार ने दिल्ली के 34% के रिजल्ट को 98% तक पहुंचाया। क्या केजरीवाल जी इस तरह का सुधार कर सकते हैं? क्योंकि अभी कुछ




दिन पूर्व आई रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली के स्कूलों में आठवीं, नौवीं और ग्यारहवीं में सवा लाख बच्चे फेल हो गए लेकिन केजरीवाल जी यह बात नहीं बताते हैं। केजरीवाल जी यह भी नहीं बताते कि उन्हीं के द्वारा चलाई जाने वाली नगर निगम के 30 स्कूलों को बंद कर दूसरे स्कूलों में मर्ज तो कर दिया गया, लेकिन उन बच्चों के लिए डेस्क बेंच और क्लासरूम जैसी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं थी। मजबूरीवश बच्चों को फर्श पर बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। केजरीवाल की शिक्षा के नाम पर कथनी और करनी के बीच का झूठ हमारे ही विधानसभा के कादीपुर में बनाए जाने वाला एजुकेशनल हब है। 2015 में दिल्ली के शिक्षा विभाग ने एजुकेशनल हब बनाने की योजना के तहत लगभग 14 एकड़ जमीन को ग्राम सभा से लिया था और योजना के लगभग 6 साल बाद 2021 में तत्कालीन उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने स्वयं इस जमीन का मुआयना भी किया था। उस योजना के अनुसार इस जमीन पर चार से पांच सरकारी स्कूल, जिसमें 240 कमरे, आधुनिक तकनीकों और संसाधनों से लैस 13 लैब, प्राइमरी और सीनियर सेकेंड्री कक्षाओं के लिए 2-2 लाइब्रेरी, 1,000 लोगों की क्षमता वाले एक ऑडिटोरियम का निर्माण और इसके अलावा ओलंपिक साइज स्विमिंग पूल, बच्चों के खेल का मैदान जिसमें 12 बैडमिंटन कोर्ट के साथ 4 बहुउद्देशीय स्पोर्ट्स कोर्ट और मिनी स्टेडियम जैसी चीजें बनाए जाने का प्रावधान था। लेकिन बड़े दुख के साथ बताना पड़ रहा है कि अपने आपको शिक्षा क्रांति के अग्रदूत बताने वाले लोग आज 8 साल बाद भी उस जमीन पर रत्तीभर कोई काम नहीं करवा पाएं है।

# मुकुंदपुर में रेवड़ी पर चर्चा कर साधा जन संपर्क




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा** चुनाव को लेकर पूरी दिल्ली चुनावी रंग में रंगी हुई है और पक्ष-विपक्ष लोगों से संपर्क करने व उनको रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। इसके साथ ही पक्ष-विपक्ष पार्टी के कार्यकर्ता भी जन संपर्क करने के लिए ऐडी से चोटी तक का जोर भी लगा रहें है। इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर पार्ट-एक में आप सरकार द्वारा चलाई जा रही रेवड़ी पर चर्चा योजना के तहत कार्यक्रम चलाकर लोगों से संपर्क किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा उपाध्यक्ष अंबिका मिश्रा द्वारा किया गया। इस दौरान अंबिका मिश्रा ने लोगों से संपर्क कर केजरीवाल द्वारा चलाई जा रहीं कई योजनाओं से रूबरू करवाया और इसके साथ ही दिल्ली में फिर से केजरीवाल सरकार आने के बाद आप सरकार दिल्ली में क्या-क्या विकास करेगी उसके बारे में भी जानकारी दी गई। मिश्रा ने लोगों को केजरीवाल सरकार की नीतियों के बारे में भी बताया। अंबिका ने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल सरकार के आने के बाद से दिल्ली के सरकारी सिस्टम में रिश्वत खोरी पर पूर्ण विराम लगा है।

# शालीमार बाग: थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने निवासियों के साथ की बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** शालीमार बाग के बीके-2 ब्लॉक में थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने स्थानीय निवासियों के साथ बैठक की। बैठक में थानाध्यक्ष ने जनता को साईबर क्राईम से सर्तक रहने की सलाह दी तथा अन्य सुरक्षात्मक उपाय भी बताए। इस अवसर पर सत्यपाल शर्मा ने थानाध्यक्ष संजीव वर्मा का पुष्पमाला पहनाकर कर स्वागत किया। बैठक में जेपी गुप्ता, कमलेश जावा, मनीष दुआ, प्रभात शर्मा, रब्बी गुजराल प्रधान विकास समिति बीके-2 आरडब्ल्यूए, शशि गुप्ता, वर्षा शर्मा, योगेश गुप्ता, पंकज शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम के पश्चात् एसोसिएशन के सलाहकार सत्यपाल शर्मा ने एसएचओ साहब का ब्लॉक में आने व महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए धन्यवाद दिया। बैठक में ब्लॉक की महिलाओं ने भी शिरकत की तथा एसएचओ साहब को समस्याओं से अवगत कराया।

## भाजपा के नारे 'अब नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे' से थर्राया विपक्ष: मल्होत्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा अध्यक्ष** वीरेंद्र सचदेवा और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली भाजपा ने एक नारा क्या दिया कि अब नहीं सहेंगे बदल कर रहेंगे जिसका असर आज हमें साफ दिखाई देने लगा है जब दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व मंत्री राखी बिडलान ना सिर्फ अपने सीट बदलने को मजबूर हुए है। वहीं आज जारी 20 प्रत्याशियों की सूची में सभी 20 वर्तमान विधायकों का टिकट काट दिया गया है, दो वर्तमान विधायकों मनीष सिसोदिया एवं राखी बिड़लान को टिकट मिला जरूर है पर तीन चुनाव बाद सीट बदलना साफ दशार्ता है की उनकी अपने वर्तमान क्षेत्र में राजनीतिक जमीन खो चुकी है। मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संचालित प्रेसवर्ता में भाजपा नेता यासिर जिलानी भी उपस्थित थे। प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की शिक्षा मॉडल के प्रतिक मनीष सिसोदिया का सीट बदलना साफ दशार्ता है की केजरीवाल ने साफ स्वीकार लिया की उनका शिक्षा मॉडल एक फ्लाप मॉडल है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि हमने पहले ही कहा था अब नही सहेंगे, बदल कर रहेंगे, यह सिर्फ भाजपा का नहीं बल्कि जानता का स्लोगन है और जनता मन बना चुकी है।

# पूर्व निगम पार्षद माधव प्रसाद ने पूर्वांचल समाज संग की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनैतिक दल जोरों-शोरों से तैयारियों में जुटे हुए है, और जनता से निरंतर सपंर्क साधने में लगे हुए है। इसी कड़ी में संगम पार्क वार्ड से भाजपा के पूर्व निगम पार्षद व सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन माधव प्रसाद ने मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संगम पार्क वार्ड नंबर-67 स्थित लाल बाग झुग्गी-बस्तियों में पूर्वांचल समाज के लोगों के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक का आयोजन माधव प्रसाद के साथ सिद्धनाथ गिरी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान माधव प्रसाद राजेश तिवारी, अनिल यादव, राजेश पासवान सहित भाजपा के कई लोग




मौजूद रहे। इस मौके पर माधव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की जनता को फ्री सुविधा देने के नाम पर बस गुमराह किया है। केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को वोट बैंक से बढ़कर कुछ नहीं समझा है। लेकिन अब वक्त आ गया है केजरीवाल के इस धोखे का बदला लेने का। इस दौरान वहां के लोगों ने माधव को कई सारी परेशानियों से भी अवगत करवाते हुए कहा कि क्षेत्रीय विधायक केवल चुनाव के समय में ही क्षेत्र में नज़र आते है। लोगों ने कहा कि हमारे क्षेत्र में पीने का पानी नहीं आता है और कभी गलती से आ भी जाए तो वह इतना दूषित होता है कि जिसे पीना तो दूर की बात है हाथ तक धोने लायक नहीं होता है। कुछ लोगों ने कहा कि हमारे क्षेत्र में नालियां हमेशा ही ओवरफ्लो रहती है शिकायत के बाद भी न तो निगम के कर्मचारी सुनवाई करते है और न ही विधायक के कानों तले जूं रेंगती है।
माधव ने कहा कि दिल्ली की जनता को बेवकूफ बनाने के लिए केजरीवाल ने लोगों को फ्री के नाम का झांसा देकर उनका इस्तेमाल किया है, लेकिन अब दिल्ली की जनता जाग चुकी है, आने वालो विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता अपने ऊपर हुए हर एक जुल्म का बदला केजरीवाल को नकार कर लेगी।

## सब जूनियर स्टेट कराटे चैंपियनशिपः आर.बी. अकादमी के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण सहित जीते 6 पदक

एजेंसी

**वाराणसी।** लखनऊ के चौक स्टेडियम में 7 और 8 दिसंबर 2024 को आयोजित सब जूनियर स्टेट कराटे चैंपियनशिप में कानीनजुकु आर.बी.मार्शल आर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों 6 पदक जीते, जिनमें 1 स्वर्ण और पांच रजत पदक शामिल हैं। चैंपियनशिप में वाराणसी कराटे टीम की ओर से अकादमी के 8 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। चैंपियनशिप में आरुष देव वर्मा ने कुमिते में स्वर्ण जीता, जबकि वेदान्त मिश्रा ने काता में, आरुषि वर्मा, अदिति अहरवार,आयुष मौर्य और देवेन्द्र राय ने कुमिते में रजत पदक जीता। अकादमी के कोच अरविन्द कुमार यादव ने बताया कि आरुष देव वर्मा का चयन उत्तर प्रदेश सब जूनियर कराटे टीम हुआ है और वे राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता खेलने दिल्ली जायेंगे। अरविन्द ने यह भी बताया कि 6 दिसंबर को रैफरी, जज और कोच के लिए सेमिनार और परीक्षा का आयोजन भी कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें एकेडमी के सीनियर ने भी हिस्सा लिया। जिसमें सेंसेई निमेष सिंह ने रैफरी बी., सेंसेई अभिषेक चौरसिया और सेंसेई विमलेश यादव ने जज बी. और सेंसेई आदर्श सोनकर ने कोच की परीक्षा उत्तीर्ण की।

## भारतीय सेना ने पुंछ में हरिबुद्ध फुटबॉल लीग का किया आयोजन

**पुंछ।** उत्साही जयकारों के बीच सेरी ख्वाजा फुटबॉल ग्राउंड में हरिबुद्ध फुटबॉल लीग की शुरुआत हुई। स्थानीय युवाओं के लिए हरिबुद्ध गांव में भारतीय सेना द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में स्थानीय गांवों की 6 टीमें भाग लेंगी जो चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। फुटबॉल लीग का आयोजन 07 और 08 दिसंबर 2024 को किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन आस-पास के गांवों के बुजुर्गों और प्रमुख हस्तियों द्वारा किया गया। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य खेल के क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और उन्हें अपराध और ड्रग्स जैसी कुप्रथाओं में शामिल होने से रोकना है। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करना भी है। मैचों में क्षेत्र की कई प्रभावशाली हस्तियों ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों और गणमान्य लोगों ने इस आयोजन के आयोजन और क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए भारतीय सेना के प्रयासों की बहुत सराहना की।

## विश्व शतरंज चैम्पियनशिप 2024: गुकेश ने सफेद मोहरों के साथ डिंग को हराया, 6-5 की ली बढ़त

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंड मास्टर के डी गुकेश ने सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ 2024 विश्व शतरंज चैंपियनशिप फाइनल में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। 11 वें दौर के बाद गुकेश ने 1 अंक की बढ़त ले ली है, उनके 6 अंक हो गये हैं, जबकि लिरेन के 5 अंक हैं। जो भी खिलाड़ी पहले साढ़े सात अंक बनाएगा वो चैंपियनशिप जीतेगा। सफेद मोहरों के साथ जीत दर्ज कर चैंपियनशिप फाइनल में पहली बार गुकेश ने बढ़त बना लिया। भारतीय ग्रैंड मास्टर को सबसे कम उम्र के शतरंज विश्व चैंपियन बनने के लिए शेष तीन राउंड ड्रा करने की जरूरत है। चैंपियन डिंग ने अपने 28वें चाल में गलती की और गुकेश की जीत पक्की हो गई। उन्होंने अपनी रानी को सी8 में खींच लिया और प्रभावी रूप से खेल को अपने प्रतिद्वंद्वी के नाम कर दिया। 11 वें राउंड की शुरुआत दोनों ने एक रेटी ओपनिंग सिस्टम खेलने के साथ शुरू किया। गुकेश ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के गेम 11 में अपने 11 वें कदम पर एक घंटा बिताया। एक समय गुकेश नो सिर्फ आठ चालों के बाद एक घंटे और सात मिनट के समय का लाभ उठाया था। इसका कारण यह है कि डिंग लिरेन ने सिर्फ पांच चालों पर अपना पहला घंटे इस्तेमाल किया।

## गवर्नर-इलेवन ने सद्भावना क्रिकेट कप जीता, मुख्यमंत्री ने बांटे पुरस्कार

**शिमला।** हिम स्पोर्टस एण्ड कल्चरल एसोशिएसन द्वारा बीसीएस शिमला में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित सद्भावना क्रिकेट कप में गवर्नर-इलेवन की टीम ने जीत दर्ज की। विवेक भाटिया और आबिद हुसैन सादिक को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। फाइनल मैच में गवर्नर-इलेवन टीम ने चीफ जस्टिस-इलेवन की टीम को 32 रनों से हराया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज के मैन ऑफ द मैच विवेक भाटिया तथा पिछले कल गवर्नर एवं प्रेस के बीच खेले गए मैच के मैन ऑफ द मैच आबिद हुसैन सादिक तथा चीफ जस्टिस-इलेवन एवं सीएम-इलेवन के बीच खेले गए मैन ऑफ द मैच विकास भारद्वाज को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सद्भावना क्रिकेट कप के माध्यम से नशे के विरूद्ध जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रतिबद्धता से नशे की बुराई पर अंकुश लगाने के लिए कार्य कर रही है। इस दिशा में खेलों को बढ़ावा देने तथा युवाओं को विभिन्न अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। गवर्नर-इलेवन ने 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 232 रन बनाए। विवेक भाटिया ने 99 रन बनाकर नाबाद रहते हुए शानदार पारी खेली, जबकि आबिद हुसैन ने 82 रनों का योगदान दिया। चीफ जस्टिस-इलेवन की ओर से सुभाष रतन और विकास भारद्वाज ने एक-एक विकेट लिए।

# महिला एचआईएल भारतीय टीम के लिए नई प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद करेगा : नेहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में ओडिशा वॉरियर्स की कप्तानी कर रहीं नेहा ने अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए उद्घाटन एचआईएल को एक बड़ा मंच करार दिया। हाल ही में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के साथ जीत हासिल करने के बाद, नेहा अब भारतीय हॉकी में इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए नई ऊर्जा और फोकस के साथ कप्तानी की भूमिका में कदम रख रही हैं।नेहा ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, हम वर्षों से इस तरह के मंच की प्रतीक्षा कर रहे थे, और अब जब यह अंततः यहाँ है, तो यह अवास्तविक लगता है। यह युवा लड़कियों के लिए राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा अवसर है। यह लीग उन लोगों को भी प्रेरित करेगी जो इस सीज़न में आगे नहीं बढ़ पाए और उन्हें कड़ी मेहनत करने और अगले संस्करण के लिए लक्ष्य बनाने की प्रेरणा मिलेगी।



मुझे विश्वास है कि एचआईएल भारतीय टीम के लिए नई प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, एक कप्तान के रूप में यह मेरा पहला बड़ा टूर्नामेंट है, और दबाव की भावना होने के बावजूद, मैं चुनौती को लेकर उत्साहित हूं। मैं कुछ समय तक भारतीय सेटअप का हिस्सा रही हूं, इसलिए मुझे पता है कि जरूरत पड़ने पर कैसे आगे बढ़ना है। मैंने हमेशा नेतृत्व की भूमिकाएँ स्वीकार की हैं, चाहे वह अपने साथियों का मार्गदर्शन करना हो या मैदान पर महत्वपूर्ण निर्णय लेना हो। हमारी टीम अनुभवी और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से भरी है, इसलिए मुझे उन्हें ज्यादा कुछ बताने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मेरा लक्ष्य उदाहरण के साथ नेतृत्व करना और अपनी टीम में सर्वश्रेष्ठ लाना है। अपनी शादी सहित हालिया व्यक्तिगत मील के पत्थर के बावजूद, नेहा अपनी पेशेवर और व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं को संतुलित करने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा, मैं अपने जीवन के दोनों पहलुओं का प्रबंधन वर्षों से करती आ रही हूँ। मेरी शादी से खेल के प्रति मेरा दृष्टिकोण नहीं बदलेगा। मेरे पति अविश्वसनीय रूप से सहायक हैं और समझते हैं कि हॉकी मेरे लिए कितना मायने रखती है। इसलिए, अभी मेरा एकमात्र ध्यान एचआईएल पर है, और मैं इसमें अपना सब कुछ देने के लिए तैयार हूं। एचआईएल नीलामी में, नेहा को 10 लाख रुपये में खरीदा गया, जो खेल में उनके बहुमूल्य योगदान का प्रमाण है। हालांकि उन्होंने यह तय नहीं किया है कि पैसे का उपयोग कैसे किया जाए, वह युवा एथलीटों के विकास में योगदान देने की उम्मीद करती हैं।

## आसियान चैम्पियनशिप 2024 : कंबोडिया और मलेशिया के बीच पहला मैच 2-2 से ड्रा



एजेंसी

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया ने नोम पेन्ह के ओलंपिक स्टेडियम में 2024 आसियान चैम्पियनशिप ग्रुप ए के उद्घाटन फुटबॉल मैच में मलेशिया के साथ 2-2 से ड्रा खेला। मलेशिया ने 35वें मिनट में मिडफील्डर स्टुअर्ट विल्किन के गोल से बढ़त हासिल की, लेकिन कंबोडिया ने दूसरे हाफ में अब्देल कादर कूलिबली के गोल से बराबरी कर ली। इसके बाद टाई सा ने कंबोडिया को एक घंटे के अंदर दूसरा गोल कर बढ़त दिला दी।हालांकि, 74वें मिनट में फर्गस टियरनी ने बराबरी का गोल करके मलेशिया को हार से बचाया।

फीफा रैंकिंग में कंबोडिया 180वें स्थान पर है, जबकि मलेशिया 132वें स्थान पर है। 2024 आसियान चैंपियनशिप 5 जनवरी, 2025 तक चलेगी। कंबोडिया को मलेशिया, सिंगापुर, ईस्ट तिमोर और थाईलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है।

# बोटाफोगो ने तीसरी बार जीता ब्राजीलियन सेरी ए खिताब

एजेंसी

**रियो डी जेनेरियो।** ग्रेगोर के अंतिम क्षणों में किये गये गोल की मदद से बोटाफोगो ने साओ पाउलो को 2-1 से हराकर तीसरी बार ब्राजीलियन सेरी ए खिताब जीतकर 29 साल का इंतजार खत्म किया। बोटाफोगो के लिए मैच के 37वें मिनट में जेफर्सन सावारिनो ने पहला गोल किया, इसके बाद विलियम गोम्स ने 63वें मिनट में साओ पाउलो को लिए गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।ग्रेगोर ने 92वें मिनट में एक गलत डिफेंसिव पास का फायदा उठाते हुए गोल किया।

रियो डी जेनेरियो के ओलंपिक स्टेडियम में हुए इस परिणाम का मतलब था कि बोटाफोगो ने 79 अंकों के साथ सीजन का समापन किया, जो दूसरे स्थान पर मौजूद पाल्मेरास से छह अंक आगे था। यह आठ दिनों में बोटाफोगो के लिए दूसरी बड़ी ट्रॉफी थी, इससे पहले रियो की टीम ने ब्यूनस आयर्स में कोपा लिबर्टाडोरेस फाइनल में एटलेटिको मिनेरो को 3-1 से हराया था। बोटाफोगो के मैनेजर आर्टुर जॉर्ज ने कहा कि पिछले सीजन में मिली निराशा के बाद यह खिताब जीतना शानदार है। पिछली बार टीम ने



पाल्मेरास से सीरी ए खिताब हारने के लिए 13 अंकों की बढ़त गंवा दी थी।

पुर्तगाल के ब्रागा से अप्रैल में क्लब में शामिल हुए जॉर्ज ने स्पोर्टव से कहा, मैं बहुत खुश हूं, सिर्फ इसलिए नहीं कि हमने इस सीजन में अपने लक्ष्य हासिल किए हैं, बल्कि इसलिए भी कि खिलाड़ियों ने पिछले साल बहुत कुछ झेला। हमारा सीजन असाधारण रहा और प्रशंसक किसी से भी ज्यादा इसके हकदार हैं। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें बहुत कुछ सहना पड़ा है। बोटाफोगो, जिसने पिछले शीर्ष-स्तरीय खिताब 1968 और 1995 में जीते थे, एक ही साल में ब्राजीलियन सीरी ए और कोपा लिबर्टाडोरेस खिताब हासिल करने वाला केवल तीसरा क्लब है। यह उपलब्धि पेले के सैंटोस ने 1962 और 1963 में और फ्लेमेंगो ने 2019 में भी हासिल की थी। बोटाफोगो की टीम अब अपना ध्यान कतर में होने वाले फीफा इंटरकांटिनेंटल कप के उद्घाटन संस्करण पर लगाएगी, जहां बुधवार को क्वार्टर फाइनल में उनका सामना मैक्सिको के पचुका से होगा।

# बीबीएलः मेलबर्न स्टार्स ने एडम मिल्ने के साथ किया करार

एजेंसी

**मेलबर्न।** मेलबर्न स्टार्स ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने को क्रिसमस से पहले बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने के लिए अनुबंधित किया है। वे पाकिस्तान के लेग स्पिनर उसामा मीर की जगह लेंगे, जो इस सीजन के पहले तीन मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

पिछले सीजन के अंत में ग्लेन मैक्सवेल के कप्तान बनने के बाद स्टार्स इस सप्ताह नए कप्तान की घोषणा करने वाले हैं। मैक्सवेल के 15 दिसंबर को पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ होने वाले पहले मैच के लिए फिट होने की संभावना नहीं है, क्योंकि वे अपनी हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे हैं और यह देखना बाकी है कि वे क्रिसमस से पहले होने वाले पहले तीन मैचों में से किसी में भी खेल पाएंगे या नहीं। मीर स्कॉर्चर्स, ब्रिसबेन हीट और एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ पहले तीन मैचों के लिए भी उपलब्ध नहीं हैं, जो पांच दिनों के अंतराल में तीन शहरों में खेले जाएंगे। स्टार्स ने उन तीन मैचों के लिए मिल्ने को टीम में शामिल किया है। वह इससे पहले 2020-21 में सिडनी थंडर के लिए बीबीएल में



खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 12 मैचों में 7.56 की इकॉनमी रेट से सिर्फ पांच विकेट लिए थे। मेलबर्न स्टार्स के महाप्रबंधक ब्लेयर क्राउच ने कहा, एडम जैसी प्रतिभा और अनुभव वाले किसी खिलाड़ी को टीम में शामिल करना पहले तीन मैचों के लिए टीम के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। एडम ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों को अच्छी तरह से जानता है, हम यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि वह क्या कर सकता है। मिल्ने टेस्ट ड्यूटी पर मौजूद स्कॉट बोलैंड की अनुपस्थिति को भी कवर करेंगे। स्टार्स को कम से कम पर्थ में शुरुआती गेम के लिए ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर की कमी खल सकती है, क्योंकि वह 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में भारत के खिलाफ शुरू होने वाले तीसरे मैच के लिए टेस्ट टीम में बने रहने के लिए तैयार हैं।

# न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के कोच बेन सॉयर का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ा

एजेंसी

**वेलिंगटन।** बेन सॉयर ने न्यूजीलैंड महिला टीम के मुख्य कोच के रूप में दो साल के विस्तार पर हस्ताक्षर किए हैं। नए सौदे के तहत सॉयर दिसंबर 2026 तक टीम के प्रभारी होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सोमवार को उक्त पुष्टि की।सॉयर को पहली बार जून 2022 में नियुक्त किया गया था और उनके नेतृत्व में टीम ने इस साल अक्टूबर में पहली बार टी20 विश्व कप जीता। अब उनके पास 2026 में इंग्लैंड में होने वाले टूर्नामेंट में खिताब बरकरार रखने का मौका होगा। सॉयर तब भी टीम की कमान संभालेंगे जब न्यूजीलैंड अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप को जीतने का प्रयास करेगा। एनजेडसी की महिला



हाई परफॉरमेंस हेड लिज़ ग्रीन ने कहा, बेन के अगले दो साल के लिए टीम में शामिल होने से हम बहुत खुश हैं। उन्होंने इस समूह में बहुत अधिक विश्वास और भरोसा जगाया है और उन्हें अभी टीम में बनाए रखना बहुत बड़ी बात है, मौजूदा टीम और व्हाइट फ़र्न्स की दीर्घकालिक योजना दोनों के लिए। हमारे कई युवा खिलाड़ी जिन्होंने दो साल पहले बेन के पहले दौरे पर अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, वे अब बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जैसा कि हमने हाल ही में हुए टी20 विश्व कप में देखा। उस टूर्नामेंट के दौरान बहुत अधिक विकास हुआ, जो पिछले दो वर्षों में बेन और कोचों द्वारा किए गए प्रयासों का परिणाम है।न्यूजीलैंड की अगली श्रृंखला इस महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेली जाएगी, जिसमें 19, 21 और 23 तारीख को तीन एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे।

## टेनिस चैंपियनशिप : सेमीफाइनल में प्रयागराज के सजल ने लखनऊ के ओम यादव को हराया

एजेंसी

**लखनऊ।** उप्र स्टेट टेंनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल राउंड में खिलाड़ियों ने खूब उत्साह दिखाया। बढ़त बनाने के लिए ठंड में पसीने बहाते रहे। इसमें लखनऊ के खिलाड़ियों ने अपना जलवा कायम रखा और उनकी बढ़त बनी रहीं। प्रयागराज के सजल केसरवानी ने लखनऊ के ओम यादव को 8-4 से मात देकर अपना जलवा बनाये रखा।उप्र टेनिस एसोसिएशन द्वारा मिनी स्टेडिमयम विजयंतखंड में आयोजित प्रतियोगिता में पुरुष सिंगल्स सेमी फाइनल राउंड में प्रयागराज के सजल ने लखनऊ के ओम यादव को 8-4 से हराया। वहीं दूसरा मुकाबला लखनऊ यश यादव का लखनऊ के ही वरूण सिंह ने हुआ, जिसमें यश ने कड़ी टक्कर में वरुण को 8-7 से मात दे दी। वहीं पुरुष अंडर-18 सेमी फाइनल राउंड में प्रयागराज के ऋषि यादव ने लखनऊ के रोहिन को 8-0 से मात दे दी। महिला वर्ग में सानिध्य ने वरुण को 8-5 से हराया।पुरुष वर्ग के अंडर-16 सिंगल्स मुकाबले में प्रयागराज के ऋषि यादव ने लखनऊ के कौस्तुभ सिंह को 8-3 से मात दी। वहीं महिला वर्ग में लखनऊ की सानिध्या ने लखनऊ की राहिन राज को 8-3 से मात दी। महिला वर्ग में सेमीफाइनल राउंड में आशि ने आदित्री को 8-4 से, लखनऊ की ही ऐराह ने ताशी को 8-5 से हरा दिया। वहीं महिला सिंगल सेमी फाइनल राउंड में लखनऊ की सासा कटियार ने गौरी जायसवाल को 7-0 से मात दे दी।

# सीनियर नेशनल रेसलिंग चैम्पियनशिप : हरियाणा की महिलाओं ने तीसरे दिन जीते 7 स्वर्ण

एजेंसी

**बेंगलुरु।** हरियाणा ने यहां कोरामंगला इनडोर स्टेडियम में चल रहे सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप 2024 के अंतिम दिन महिलाओं की श्रेणी में सात स्वर्ण पदक जीते। पहले पुरुषों के फ्रीस्टाइल डिवीजन पर हावी होने के बाद, हरियाणा ने महिला वर्ग में 10 स्वर्ण पदकों में से आठ जीतकर कुल 235 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। हरियाणा के कई स्वर्ण पदक विजेताओं के बीच मुख्य आकर्षण का केंद्र राधिका (68 किग्रा) थीं, जिन्होंने इस साल अप्रैल में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रजत जीता था। शुरुआती दौर में बाई मिलने के बाद, उन्होंने मध्य प्रदेश के अंजलि करोस के खिलाफ श्रेष्ठता (वीएसयू) द्वारा एक जोरदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, इसके बाद क्वार्टरफाइनल में हिमाचल प्रदेश की सोनिका कुमार को शिकस्त दी। 23 वर्षीय राधिका, जिन्होंने एशियाई खेल 2023 में भारत का प्रतिनिधित्व किया, ने सेमीफाइनल में कर्नाटक के लीना




एंथोनी को हराया और फिर 68 किग्रा श्रेणी के फाइनल में दिल्ली की सृष्टि को हराकर स्वर्ण जीता। राधिका ने डब्ल्यूएफआई रिलीज के हवाले से कहा, मैं इस प्रतियोगिता के लिए आने से पहले आश्वस्त महसूस कर रहा थी और मैं स्वर्ण जीतने पर खुश हूं। अंतिम बाउट सबसे चुनौतीपूर्ण था, लेकिन प्रतियोगिता का स्तर ही यही है।राधिका का अगला लक्ष्य अब आगामी एशियाई खेल 2026 है। उन्होंने कहा, मैं एशियाई खेलों में अपने मैचअप से पहले बीमार हो गया थी और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी, लेकिन मुझे यह भी एहसास हुआ कि मुझे उस स्तर पर सफल होने के लिए सुधार करना चाहिए। मैं 2026 एशियाई खेलों पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं और भारत के लिए एक स्वर्ण पदक वापस लाना चाहती हूं। अन्य पहलवानों में ज्योति ने राजस्थान के कविटा एम को हराकर 53 किग्रा के फाइनल में जीत हासिल की, जबकि मीनाक्षी ने 55 किग्रा के फाइनल में एसएससीबी की ज्योति को हराया। तपस्या (57 किग्रा) और अंजलि (59 किग्रा) ने हरियाणा के लिए दो और स्वर्ण जीते, दोनों ने क्रमशःमहाराष्ट्र की आशलेश और पंजाब की तनु को हराया। टीम हरियाणा के लिए स्वर्ण बारिश जारी रही जब मनीषा ने राजस्थान की मोनिका को 65 किग्रा वर्ग में और प्रिया (76 किग्रा) ने एसएससीबी की रीतिका को खिताबी मुकाबले में हराया।

# एडिलेड में मिली हार के बाद रोहित ने की बुमराह की तारीफ, कहा-अन्य को भी जिम्मेदारी लेने की आवश्यकता

एजेंसी

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुलाबी गेंद टेस्ट मैच में 10 विकेट से मिली करारी हार के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की तारीफ की, साथ ही कहा कि अन्य गेंदबाजों को भी आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठाने की आश्यकता है।

ट्रैविस हेड के शतक के बाद मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराकर डब्ल्यूटीसी 2025 तालिका में फिर से शीर्ष स्थान हासिल किया। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में रोहित ने कहा, बुमराह को कई बार विकेट नहीं मिलेंगे, और अन्य लोगों को आगे बढ़कर जिम्मेजारी उठाने की आवश्यकता होती है। यह सिर्फ एक व्यक्ति या दो के बारे में नहीं है; यदि आप एक श्रृंखला जीतना चाहते हैं, तो सभी को जिम्मेदारी साझा करनी



है, अपना हाथ ऊपर रखना है, और काम करना है। बुमराह और सिराज ने पहली पारी में चार-चार विकेट लिए, जबकि सिर्फ अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे राणा और रेड्डी ने मिलकर 22 ओवर फेंके और 1 सफलता हासिल की। रोहित ने इन युवाओं में आत्मविश्वास पैदा करने में अपनी भूमिका पर जोर दिया, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर नए हैं, उन्होंने कहा, उन्हें आत्मविश्वास की आवश्यकता है, और इसे प्रदान करना मेरा काम है। जब वे एक मैच खेलते हैं, तो उन्हें आश्वस्त महसूस करना चाहिए। बुमराह ने एडिलेड में पहली पारी में 23 ओवर फेंके और 61 रन देकर 4 विकेट लिया। रोहित ने पूरे पांच-मैच श्रृंखला के लिए बुमराह को ताजा रखने के लिए रणनीतिक योजना की आवश्यकता पर जोर दिया। रोहित ने कहा, मैं बुमराह से बात करता रहता हूं, यह पूछता हूं कि उसका शरीर कैसे पकड़ रहा है। यह पांच मैचों की श्रृंखला है, और हम चाहते हैं कि बुमराह ताजा हो और सभी पांच मैच खेलें। इन चीजों का विश्लेषण करना महत्वपूर्ण है; कार्यभार प्रबंधन महत्वपूर्ण है। योजना हमेशा होती है। आप बुमराह से उम्मीद नहीं कर सकते कि सुबह से शाम तक दोनों छोरों से गेंदबाजी की जाएगी। गेंदबाजों का प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है। हम उनसे बात करते हैं और फिर निर्णय लेते हैं। रोहित ने कहा, वह [सिराज] लड़ाई में उतरना पसंद करता है। यह उसे सफलता देता है। कप्तान के रूप में, उस आक्रामकता को वापस करना मेरा काम है। जाहिर है, वहाँ एक अच्छी लाइन है-हम उस सीमा को पार नहीं करना चाहते हैं, जिससे खेल का अनादर होता है। अतीत में, हमने कई क्रिकेटरों को इस तरह की लड़ाइयों में पनपते हुए देखा है, और सिराज निश्चित रूप से उनमें से एक है।पांच मैचों की यह श्रृंखला अब 1-1 से बराबर है और दोनों पक्ष अब तीसरे टेस्ट के लिए ब्रिस्बेन जाएंगे, जो 14 दिसंबर से शुरू होगा।

# हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने यश मुंबई ईगल्स को हराकर तीसरी बार जीता टेनिस प्रीमियर लीग का खिताब

एजेंसी

**मुंबई।** छह दिनों तक चले मनोरंजक और बिना रुके टेनिस एक्शन के बाद, हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने रविवार शाम यश मुंबई ईगल्स को 51-44 से हराकर तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। चार श्रेणियों में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद, हैरियट डार्ट, बेंजामिन लॉक और विष्णु प्रधान ने हैदराबाद के लिए खिताबी जीत सुनिश्चित की। फाइनल में यश मुंबई ईगल्स और हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने खिताब जीतने के लिए पूरी ताकत लगाई। हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने मैच की शुरुआत दमदार तरीके से की, क्योंकि हैरियट डार्ट ने यश मुंबई ईगल्स की ज़ेनेप सोनमेज़ के खिलाफ महिला एकल गेम में 14-11 के स्कोर से जीत हासिल की। ??पुरुष एकल में करण सिंह ने हैदराबाद स्ट्राइकर्स के बेंजामिन लॉक को 14-11 से हराकर यश मुंबई ईगल्स को बराबरी दिला दी। हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने महत्वपूर्ण मिक्स्ड डबल्स गेम में अपना दबदबा बनाया, हैरियट डार्ट और विष्णु वर्धन की जोड़ी ने यश मुंबई ईगल्स के ज़ेनेप सोनमेज़ और जीवन नेदुनचेझियान को 16-9 से हराकर अपनी टीम को आरामदायक स्थिति में पहुंचा दिया। पुरुषों के युगल वर्ग में, करण सिंह और जीवन नेदुनचेझियान व हैदराबाद



स्ट्राइकर्स के विष्णु वर्धन और बेंजामिन लॉक के बीच मैच 10-10 बराबरी पर समाप्त हुआ और हैदराबाद ने 51-44 से खिताब अपने नाम कर लिया।

**सेमीफाइनल मुकाबले:**

दिन की शुरुआत पहले सेमीफाइनल से हुई, जहां लीग लीडर यश मुंबई ईगल्स का सामना सुमित नागल की गुजरात पैंथर्स से हुआ। यश मुंबई ईगल्स की ज़ेनेप सोनमेज़ ने अपनी टीम को मजबूत शुरुआत दी और महिला एकल मैच में गुजरात पैंथर्स की एकातेरिना काज़ियोनोवा को 14-11 से हराया। सुमित नागल ने पुरुष एकल में अपनी टीम के लिए वापसी की और यश मुंबई ईगल्स के करण सिंह को 14-11 के स्कोर से हराया। मिश्रित युगल वर्ग के दौरान मैच का रुख़ बदल गया, जब यश मुंबई ईगल्स के ज़ेनेप सोनमेज़ और जीवन नेदुनचेझियान ने एकातेरिना काज़ियोनोवा और विजय सुंदर प्रशांत पर 16-9 से शानदार जीत हासिल की। पुरुष युगल वर्ग में, यश मुंबई ईगल्स के करण सिंह और जीवन नेदुनचेझियान ने गुजरात पैंथर्स के सुमित नागल और विजय सुंदर प्रशांत को 10-9 के स्कोर से हराकर मैच जीत लिया। अंततः, यश मुम्बई ईगल्स ने पहले सेमीफाइनल में 51-43 से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया।




## फास्ट न्यूज

### एलजी ने कर्तव्य मार्ग का तीसरा संस्करण जारी किया

**जम्मू:** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राजभवन में श्री कैलख ज्योतिष और वैदिक संस्थान ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित वार्षिक इन-हाउस पत्रिका कर्तव्य मार्ग के तीसरे संस्करण का विमोचन किया। उपराज्यपाल ने संपादक और प्रकाशन से जुड़े सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने संस्कृत को बढ़ावा देने और जम्मू कश्मीर में प्राचीन ज्ञान प्रणाली पर शोध के लिए उच्च मानक स्थापित करने के लिए श्री कैलाख ज्योतिष और वैदिक संस्थान ट्रस्ट के सभी सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। उपराज्यपाल ने कहा जम्मू कश्मीर का भाग्य उसके युवाओं द्वारा तय किया जाएगा और सरकार के सभी अंग उन्हें सशक्त बनाने उनके सपनों को साकार करने के लिए समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध हैं। हमें बौद्धिक क्षमता बढ़ाने और साहस, करुणा, बलिदान और निस्वार्थ सेवा के ज्ञान और मूल्यों के माध्यम से अपने युवाओं के व्यक्तित्व को समृद्ध करने की आवश्यकता है।

### कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कामकाज संभाला

**रांची: कृषि** मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद कृषि मंत्री ने कहा कि पहले तीन चीजों पर फोकस किया जाएगा। सप्लाई चेन सिस्टम को दुरुस्त करने के साथ कोल्ड स्टोरेज की उपयोगिता पर काम होगा। एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी को दुरूस्त किया जाएगा ताकि किसानों के हित में अधिक से अधिक काम हो सके। सहकारी समितियों का संचालन ठीक किया जाएगा।

# किसान किसी के सामने हाथ न फैलाएं: योगी

## 'कृषिका- खेती से समृद्धि की ओर' कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**हितैषी**

▸▸ किसानों के नाम पर राजनीति बहुत लोगों ने की, लेकिन किसान हित पीएम मोदी ने किया : मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजादी के बाद किसानों के नाम पर राजनीति बहुत लोगों ने की, लेकिन किसान राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बन सके, 2014 में ईमानदारी से यह प्रयास पीएम मोदी ने किया। पीएम मोदी ने मृदा परीक्षण कार्ड जारी किया। पीएम कृषि बीमा योजना, पीएम कृषि सिंचाई जैसी योजनाएं चलाई गईं। यूपी में सात वर्ष में 23 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की अतिरिक्त सुविधा देकर किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाया गया। 2021 में पीएम ने बुंदेलखंड में अर्जुन सहायक परियोजना का लोकार्पण किया। इसके पहले यहां के किसानों को प्रति बीघा पांच हजार रुपये सालाना मिलता था, लेकिन लोकार्पण के दो वर्ष बाद वहां के किसानों ने बताया कि उन लोगों ने उन्हीं क्षेत्रों में प्रति बीघा 50 हजार रुपये की आमदनी की। पीएम कुसुम योजना के तहत एक लाख किसान को सोलर पैनल देने का कार्य निरंतर प्रगति पर है। 14 लाख से अधिक किसानों के निजी ट्यूबवेल की बिजली माफ की गई। यूपी में 2017 में सरकार आते ही 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये का ऋण माफ किया गया। पीएम मोदी के नेतृत्व में किसानों को लागत का डेढ़ गुना दाम मिला। अन्नदाता किसानों को हाथ न फैलाना पड़े। इस उद्देश्य से देश में 12 करोड़ और यूपी में 2.62 करोड़ कृषकों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने 'कृषिका- खेती से समृद्धि की ओर' कार्यक्रम में सोमवार को अपनी बातें रखीं। मुख्यमंत्री ने 11 किसानों को चेक, अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया।



### देश में सर्वाधिक गोवंश पालने वाला राज्य है यूपी

सीएम योगी ने कहा कि देश में सर्वाधिक गोवंश पालने वाला राज्य यूपी है। यहां सरकारी गोशालाओं में 12 लाख से अधिक निराश्रित गोवंश हैं। सरकार निराश्रित गोवंश की देखभाल कर रही है। उनके लिए तीन प्रकार की योजनाएं भी चला रही हैं। इसका उद्देश्य एक तरफ गोरक्षा तो दूसरी तरफ जहरमुक्त खेती के लिए किए जाने वाला प्रयास है। केंद्र व राज्य सरकार मिलकर यूपी में 1.15 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि में प्राकृतिक खेती कर रही है। गंगा जी के तटवर्ती 27 जनपदों व बुंदेलखंड के सातों जनपदों में इसे प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसके एक्सपर्ट गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता का संकल्प ही प्राकृतिक खेती के बारे में लोगों को जागरूक करना है। प्राकृतिक पद्धति से खेती में प्रति एकड़ 12 से 15 हजार की बचत होती है। यदि 161 लाख हेक्टेयर को प्राकृतिक खेती में बदल देंगे तो लाखों करोड़ रुपये बचेंगे।

योगी ने यूपी के किसानों की सफल गाथा भी बताई

सीएम योगी ने यूपी के किसानों की सफलता की कहानी भी बताई। बताया कि बिजनौर का एक किसान 10 एकड़ खेती में एक करोड़ रुपये का वार्षिक नेट प्रॉफिट कमाता है। यूपी के किसानों ने देश के अंदर 86 टन (860 क्विंटल) गन्ना उत्पादन प्रति एकड़ करके दिखाया। एक किसान खुद भी पिपरमेंट की खेती करते हैं और किसानों से एकत्र कर 200 करोड़ का एक्सपोर्ट कर रहे हैं। एक किलो आम का दाम रूस, यूएस, यूरोप में एक हजार रुपये है। इस अवसर पर पशुधन व दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिजेंद्र सिंह, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. आनंद कुमार मौजूद रहे।

# ग्रीन गेम्स थीम पर होंगे उत्तराखंड में 38वें नेशनल



**टीम एक्शन इंडियाया**

**देहरादून:** उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में इन तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उत्तराखंड के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है, जो न केवल प्रदेश की खेल संस्कृति को प्रोत्साहन देगा, बल्कि इसे "खेल भूमि" के रूप में स्थापित करने में भी मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खिलाड़ियों के रहने, खाने, परिवहन और आयोजन स्थलों तक पहुंचने की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। भोजन की पौष्टिकता और सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

**सुविधा**

▸▸ खेल भूमि के रूप में उभरेगा राज्य- खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं पर विशेष ध्यान : मुख्यमंत्री

# आतिशी ने 68वें 'नेशनल स्कूल गेम्स' का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को त्यागराज स्टेडियम में आयोजित 68वें नेशनल स्कूल गेम्स का उद्घाटन किया। दिल्ली सरकार का शिक्षा निदेशालय इस वर्ष इन खेलों की मेजबानी कर रहा है, जिसमें राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और अन्य बोर्डों सहित देश भर के कुल 44 इकाइयों के खिलाड़ी अपनी कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। दिल्ली में 68वें नेशनल स्कूल गेम्स का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री आतिशी ने देश भर से आए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि "देश के हर कोने से, हर राज्य से आए स्टूडेंट्स इस राष्ट्रीय स्कूल खेलों में शामिल हो रहे हैं।" उन्होंने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है। हमारी पूरी कोशिश रही है कि आपके लिए बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवा सकें। मैं उम्मीद करती हूं कि आप दिल्ली से इन खेलों के जरिए बहुत अच्छी यादें लेकर जाएंगे। एकता के भाव को साथ लेकर जाएँगे।" सीएम आतिशी ने कहा कि, "स्पोर्ट्स एक ऐसी चीज है जो हम सभी के दिल से जुड़ी है।



# एमपी शिक्षा समारोह का मुख्य महोत्सव आज

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर: महा**राणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह का मुख्य महोत्सव (समापन कार्यक्रम) मंगलवार को महाराणा प्रताप इंटर कालेज के मैदान पर भव्यतापूर्वक होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरक्षपीठाधीश्वर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में नोबल पुरस्कार विजेता, बचपन बचाओ आंदोलन के प्रणेता कैलाश सत्यार्थी उपस्थित होंगे। इस वर्ष पर परिषद की तरफ से उत्कृष्टता के आधार पर संस्थाओं, शिक्षकों, कर्मचारियों और 800 विद्यार्थियों को ट्रॉफी, पदक व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार प्रातः 9.30 बजे से प्रारम्भ होगा। 1932 में पूर्व पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक पुनर्जागरण के ध्येय से ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ द्वारा स्थापित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह का शुभारंभ 4 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुआ था। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर उपस्थित थे। 10 दिसंबर को इसका समापन सप्ताह भर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं के मेधावियों को पुरस्कृत करने के साथ होगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के हाथों पुरस्कृत होंगी। इस दौरान परिषद की सर्वश्रेष्ठ संस्था, सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी, इंटरमीडिएट, स्नातक व परास्नातक के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को स्वर्ण पदक भी प्रदान किया जाएगा। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक समारोह के समापन अवसर पर श्रेष्ठतम संस्था का महायोगी श्री गोरक्षनाथ स्वर्ण पदक कन्या इंटर कॉलेज रमदत्तपुर को मिलेगा। श्रेष्ठतम परिचारक के लिए ब्रह्मलीन महंत गोपालनाथ स्वर्ण पदक एमपी इंटर कॉलेज सिविल लाइंस के बृजानंद को, श्रेष्ठतम कर्मचारी के लिए योगिराज बाबा ब्रह्मनाथ स्वर्ण पदक डीवीएनपीजी कॉलेज के बृजेश विश्वकर्मा को, साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के शिक्षक डॉ. सुमित कुमार को प्राप्त होगा।



**उत्कृष्टता**

▸▸ कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरक्षपीठाधीश्वर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे

# डीवीसी का सबसे अधिक विद्युत उत्पादन करने वाला केंद्र बनेगा

**कोडरमा।** जिले के बांझेडीह में स्थित कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन के विस्तारीकरण का कार्य नए साल 2025 में शुरू हो जाएगा। यहां 800 गुणा दो के दो नए यूनिटों के माध्यम से कुल 1600 मेगावाट विद्युत का उत्पादन होगा। इसके लिए भेल को 14 हजार करोड़ से अधिक का टेंडर अवॉर्ड किया गया है। डीवीसी के मुख्य अभियंता मनोज ठाकुर ने सोमवार को बताया कि विस्तारीकरण के बाद कोडरमा डीवीसी का सबसे बड़ा और अधिक विद्युत उत्पादन करने वाला केंद्र बन जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यहां 1000 मेगावाट का विद्युत उत्पादन हो रहा है। प्लांट के विस्तारीकरण के बाद यहां 2600 मेगावाट का अतिरिक्त विद्युत उत्पादन होगा।

# उत्तराखंड : सर्दियों में विद्युत उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि, बिजली संकट में राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा सर्दियों में विद्युत उत्पादन बढ़ाने के लिए किए गए विशेष प्रयासों से राज्य की विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। आमतौर पर सर्दियों के दौरान निगम की परियोजनाओं से उत्पादन कम हो जाता है, क्योंकि ये परियोजनाएं उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्थित ग्लेशियरों से निकलने वाली नदियों के जल पर निर्भर रहती हैं और हिमपात के कारण इन नदियों का जलस्त्राव कम हो जाता है। इस समस्या से निपटने के लिए यूजेवीएन लिमिटेड ने रामगंगा जल विद्युत परियोजना से विद्युत उत्पादन शुरू किया है। प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप सिंघल ने बताया कि इस परियोजना के तहत 198 मेगावाट क्षमता से विद्युत उत्पादन शुरू किया गया, जिसका लाभ राज्य की विद्युत आवश्यकताओं के पूर्ति में हो रहा है। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग से लगातार वार्ता के बाद दो दिसंबर से नहरों में पानी छोड़ा गया, जिससे परियोजना द्वारा विद्युत उत्पादन शुरू हो गया। डॉ. सिंघल ने कहा कि पांच दिसंबर से परियोजना निरंतर 2.5 से 3.0 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन कर रही है। इस वृद्धि के परिणामस्वरूप आठ दिसंबर तक निगम का दैनिक उत्पादन 10.38 मिलियन यूनिट तक पहुंच गया। जबकि नवंबर के अंत में यह सात मिलियन यूनिट था। इसके अलावा निगम की परियोजनाएं उच्चतम मांग के समय 850 से 900 मेगावाट की क्षमता से विद्युत उत्पादन कर रही हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बढ़े हुए उत्पादन से न केवल सर्दियों में राज्य की विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति में मदद मिलेगी।



# सनातन धर्म सभा के सदस्यों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**आरएस पुरा: बांग्लादेश** में लगातार हिंदू समुदाय के लोगों तथा मंदिरों के साथ-साथ हिंदू समुदाय के लोगों की संपत्ति को पहुंचाए जा रहे नुकसान को लेकर सोमवार को सनातन धर्म सभा की तरफ से बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जोरदार तरीके के साथ प्रदर्शन किया गया और एसडीएम के माध्यम से देश के राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा की बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं की सुरक्षा के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। इससे पहले सनातन धर्म सभा की तरफ से आरएस पुरा कस्बे स्थित देवी द्वारा मंदिर से लेकर एक रोष रैली निकाली गई जो दलजीत चौक में जाकर संपन्न हुई और वहां पर सभा के सदस्यों ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ धरना दिया।

**महाकुम्भ** सीएम योगी की मंशा के अनुरूप अग्निशमन एवं आपात सेवा ने सुरक्षित महाकुम्भ के लिए की वृहद तैयारियां

# पहली बार फायर फाइटिंग बोट्स बनेंगी संगम की प्रहरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ :।** उत्तर प्रदेश में महाकुम्भ-2025 को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश अग्निशमन व आपात सेवा विभाग भी मेला क्षेत्र को अग्नि दुर्घटना मुक्त क्षेत्र बनाने के प्रयासों में तेजी से कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में देश में और कुम्भ के इतिहास में पहली बार महाकुम्भ-2025 में 6 फायरबोट्स के संचालन की तैयारी पूरी कर ली गई है। इन फायर बोट्स को मेला क्षेत्र के घाटों किनारे मुस्तैद रखा जाएगा। यह फायर फाइटिंग बोट्स न केवल नदियों किनारे घाटों पर होने वाली अग्नि जनित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए क्विक रिस्पॉन्स प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में सहायक होंगी, बल्कि जोखिम से भरे फायर ऑपरेशंस को अंजाम देने के साथ ही अग्निरक्षकों की सुरक्षा के लिए भी कवच के तौर पर कार्य करेंगे।



**दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक होगी डिप्लॉय**

महाकुम्भ को अग्नि दुर्घटना रहित क्षेत्र बनाने के लिए विभाग को 66.75 करोड़ का बजट आवंटित हुआ है, जबकि विभागीय बजट 64.73 करोड़ है। इस प्रकार, कुल 131.48 करोड़ रुपए की लागत से वाहन व उपकरणों को महाकुम्भ मेला में अग्नि जनित दुर्घटनाओं से सुरक्षा के लिए डिप्लॉय किया जा रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी और महाकुम्भ के नोडल अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि इन 6 फायर फाइटिंग बोट्स के लिए विभाग 1.38 करोड़ रुपए खर्च कर है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में इनको संगम समेत अन्य तटों पर डिप्लॉय कर दिया जाएगा।

**सुरक्षा**

▸▸ संगम क्षेत्र समेत समूचे प्रयागराज के तटों पर अग्नि जनित दुर्घटनाओं को रोकने में सहायक सिद्ध होंगी

**फायर फाइटिंग रोबोट भी होता है बोट पर तैनात**

उन्होंने बताया कि फायर फाइटिंग बोट्स को अपने क्विक रिस्पॉन्स, नदियों में तेजी से नेविगेशन की क्षमता व अग्निशमन की प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करने के लिए जाना जाता है। खासतौर पर नदियों किनारे घाटों पर अग्निशमन व रेस्क्यू ऑपरेशंस को तेजी से पूरा करने में फायरबोट काफी कारगर है।

